


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 महाराष्ट्र में इस बार सबसे रोचक लड़ाई बारामती सीट पर......... | अल-कादिर ट्रस्ट मामले में अदालत ने इमरान खान और बुशरा बीबी..... 12

वर्ष : 15 | अंक : 207 | नई दिल्ली, बुधवार, 13 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# कालिदास की रचना में भी दिखती है नारी शक्ति : उपराष्ट्रपति

उज्जैन, एजेंसी

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोई भी देश इस बात पर नहीं चलता कि हम अधिकारों पर जोर दें, हमें अपने दायित्वों से अधिकारों को संतुलित करना होगा। मन को टटोलिए, हम महान भारत के रहवासी हैं। राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हैं। इसमें हर नागरिक को आहूति देनी है। आज की सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा में एक तिहाई आरक्षण देकर महिला शक्तिकरण किया है। कालिदास की रचना में भी नारी शक्ति देखने को मिलती है। इन कृतियों में कुटुम्ब का ध्यान रखने की भी सीख छिपी हुई है। हमें पता होना चाहिए कि हमारे पड़ोस और हमारे समाज में कौन हैं। उप राष्ट्रपति धनखड़ मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जय महाकाल का उद्घोष कर अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि भारत जैसा कोई दूसरा देश नहीं है, जहां ऐसी सांस्कृतिक विरासत हो। जो देश और समाज अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर को संभालकर नहीं रखता, वो ज्यादा दिन नहीं टिकता है। उन्होंने कहा कि कालिदास की रचनाओं के बीच मानव और प्रकृति का अटूट रिश्ता देखने को मिलता है। पर्यावरण आज की ज्वलंत समस्या है। इसका ज्ञान हमें



महाकवि कालीदास की रचनाओं से मिलता है कि पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। हमारे पास पृथ्वी के अलावा कोई और स्थान रहने के लिए नहीं है। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हमारा बच्चा इंजीनियर बने, डॉक्टर बने, इन सबसे ज्यादा जरूरी है अच्छा नागरिक बने। उन्होंने कहा कि कालिदास की मेघदूतम रचना हमें सिखाती है कि प्रकृति का ध्यान रखो, क्योंकि हमारे पास रहने के लिए दूसरी धरती नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक अकेला ऐसा देश दुनिया में है, जिसके पास 5 हजार साल की सांस्कृतिक विरासत है। भारत की प्रगति सबसे ज्यादा है। भारत 2047 में हमारा राष्ट्र सर्वेश्रेष्ठ बनेगा। राष्ट्र को सबसे ऊपर रखें। इसके लिए देश में आहूति हो रही है। भारत दुनिया का सिरमौर होगा। उपराष्ट्रपति ने जय महाकाल बोलकर अपना उद्बोधन समाप्त किया। इससे पहले उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दीप प्रज्वलित कर 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों के कलाकारों को कालिदास राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्ददेव गिरी महाराज समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। समारोह के शुभारंभ से पहले बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बाबा महाकाल की पुण्यधरा उज्जैन आगमन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आत्मीय स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने दिए अलंकरण सम्मान उपराष्ट्रपति ने समारोह में कालिदास अलंकरण सम्मान शास्त्रीय गायन के लिए पं. उदय भावलकर पुणे (2022), पं. अरविंद पारेख मुंबई (2023), शास्त्रीय नृत्य के लिए डॉ. संध्या पुरेचा मुंबई (2022), गुरु कलावती देवी मणिपुर (2023), कला और शिल्प के लिये पीआर दारोच दिल्ली-कला और शिल्प (2022), रघुपति भट्ट मैसूर (2023), नाट्य के लिए भानु भारती राजस्थान (2022) और रुद्रप्रसाद सेन गुप्ता कोलकाता (2023) को प्रदान किया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड की महिलाओं को मंईयां योजना की राशि मिली खटाखट: राहुल



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन को महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए समर्पित बताते हुए कहा है कि उसकी इसी प्रतिबद्धता के कारण झारखंड की माता- बहनों के खातों में सोमवार को मंईयां सम्मान योजना के तहत चौथी किस्त खटखट पहुंच गई है। श्री गांधी ने कहा, झारखंड की माताओं-बहनों के खातों में कल मंईयां सम्मान योजना की चौथी किश्त खटाखट-खटाखट चली गई है। यह योजना महिलाओं को महंगाई से लड़ने और स्वाभिमान के साथ जीने में विशेष रूप से मदद कर रही है, इसीलिए हमने इसके तहत मिलने वाली राशि को और बढ़ाने का निर्णय लिया है। दिसंबर से झारखंड की महिलाओं को 2500 रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। राज्य की 53 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी कहा था और फि र दोहरा रहा हूं-भाजपा ने जितना पैसा अपने अरबपति मित्रों को दिया है, उससे ज्यादा इंडिया गठबंधन महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए देगा।

# मोदी आज दरभंगा में एम्स का करेंगे शिलान्यास

## पीएम 398 करोड़ की लागत से बनने वाली दरभंगा बाईपास रेल लाइन का उद्घाटन

- पीएम बिहार को देंगे सबसे बड़ा तोहफा, सीएम रहेंगे मौजूद

पटना, एजेंसी



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी बुधवार को बिहार जाएंगे और दरभंगा में एम्स की आधारशिला रखेंगे। बुधवार को पीएम मोदी दरभंगा में रहेंगे और बिहार को बड़ी सौगात देंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि उत्तर बिहार का यह शहर राजधानी पटना के बाद राज्य का दूसरा ऐसा शहर बन जाएगा, जहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान होगा। बता दें कि दरभंगा में शोभन बाईपास के पास पांचोभ में दरभंगा एम्स का निर्माण होना है।

**मिथिलांचल का सपना होगा पूरा :**

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि दरभंगा के शोभन में 1261 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एम्स का शिलान्यास कर बुधवार 13 नवंबर को पीएम मोदी पीड़ित मानवता की सेवा के लिए बिहार को बड़ा उपहार देंगे। प्रधानमंत्री 398 करोड़ की लागत से बनने वाली दरभंगा बाईपास रेल लाइन का भी उद्घाटन कर शहर को तीसरा रेलवे स्टेशन सौपेंगे। कहा कि बिहार जम्मू-कश्मीर के बाद दूसरा सौभाग्यशाली राज्य होगा, जहाँ दो एम्स होंगे और यह एनडीए सरकार की देन है। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 188 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने में बड़ी तत्परता दिखायी। श्री चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश के प्रयास से दरभंगा एम्स का निर्माण 36 महीनों में पूरा होगा। इसके साथ ही मिथिलांचल के करोड़ों लोगों का वर्षो पुराना सपना पूरा होगा। इससे न केवल चिकित्सा क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि उत्तर बिहार में विकास तेज होने से रोजगार के हजारों नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि 2.25 लाख वर्ग मीटर में बनने वाले नए एम्स में 750 बेड की सुविधा होगी। लगभग 8 करोड़ लोगों को इस संस्थान से उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिलने लगेंगी।

**36 महीने यानी तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य :**

बता दें कि राज्य सरकार ने बिहार के दूसरे एम्स के लिए केंद्र सरकार को दरभंगा में 188 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। आवंटित जमीन में से 2.25 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में एम्स के भवनों का निर्माण होगा। इस पूरी परियोजना को 36 महीने यानी तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से उत्तर बिहार और आसपास के इलाकों को बहुत लाभ होगा। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दरभंगा एम्स का लक्ष्य कम लागत पर विशाल जनसंख्या को उच्च गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा और देखभाल सेवाएं मुहैया कराना है।गौर हो कि बीते दिनों दरभंगा एम्स को लेकर लगातार उहापोह की स्थिति रही है और हमेशा इस पर संशय के बदले रहे हैं, हालांकि बाद के दिनों में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने स्पष्ट कर दिया था कि दरभंगा में ही एम्स का निर्माण होगा।

# हेमंत सोरेन घुसपैठियों का रेड कारपेट बिछाकर स्वागत करते हैं, हम उन्हें चुन-चुनकर बाहर करेंगे : अमित शाह



रांची, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को धनबाद के झरिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि 23 नवंबर को राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही हम उन बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, जिनका हेमंत सोरेन की सरकार ने रेड कारपेट बिछाकर स्वागत किया है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की सरकार को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया। अमित शाह ने लोगों से पूछा, आपमें से किसी ने 350 करोड़ रुपये एक साथ देखे हैं? किसी ने 35 करोड़ एक साथ देखा है? किसी ने नहीं देखा। पर कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के घर से 35 करोड़ और दूसरे सांसद के घर से 350 करोड़ पकड़ा जाता है। इन नोटों को गिनने वाली मशीनें गर्म हो गई, पर नोट खत्म नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा कि ये रुपये झरिया और धनबाद के युवाओं के हैं, जो इस गठबंधन के मंत्री-नेता लूट कर ले गए। यहां कमल फूल की सरकार बना दो, करोड़ों रुपये लूटने वालों को उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे। उन्होंने राज्य की गठबंधन सरकार पर हमला जारी रखते हुए कहा कि इन लोगों ने हजारों करोड़ का मनरेगा घोटाला, जमीन घोटाला, कोयला घोटाला और शराब घोटाला किया। ये घोटाला करने वाली सरकार है। केंद्र की सरकार ने राज्य को साढ़े लाख करोड़ से ज्यादा की राशि दी, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार इस राशि का उपयोग करने के बजाय लूट-खसोट में व्यस्त रही। राज्य की जनता इस कुशासन से मुक्त होने का संकल्प ले चुकी है।गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनेगी, तो हम क्या करेंगे, उसका संकल्प पत्र बनाया है। उन्होंने वादा किया कि हर माता-बहन को सालाना 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में उपलब्ध होगा और दीपावली और रक्षाबंधन में दो मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा करने के बाद भी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया, लेकिन हम हर युवा साथी को 2 हजार रुपए प्रतिमाह बेकारी भत्ता देंगे। हर साल एक लाख और पांच साल में पांच लाख रोजगार पैदा करने का हमारा वादा है। दो लाख 87 हजार पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्ती सुनिश्चित की जाएगी। किसानों का धान 3100 रुपये क्विंटल खरीदा जायेगा। एक रुपये में 50 लाख तक की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री योजना शुरू होगी। उन्होंने झारखंड में 10 नए मेडिकल कॉलेज खोलने का भी वादा किया। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी खटाखट खटाखट घोषणाएं करते हैं, पर क्या वे पूरी होंगी? दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर होती है। उनकी हर गारंटी को हम पूरा करेंगे।

# आतंकी ने राममंदिर को उड़ाने की दी धमकी, अयोध्या में हाई अलर्ट



अयोध्या, एजेंसी

अयोध्या। खालिस्तानी आतंकी की राममंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पूरी अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राममंदिर की सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों में भी सख्त रहती है। हर दिन श्रद्धालुओं को सुरक्षा घेरे से होकर ही राममंदिर में प्रवेश दिया जाता है। अयोध्या जिला प्रशासन ने धमकी के बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर सहित पूरी अयोध्या में हाई अलर्ट कर दिया है। मंगलवार को राममंदिर की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आईजी पुलिस प्रवीण कुमार ने कहा कि आतंकी पन्नू ने वीडियो के माध्यम से धमकी दी है। इस तरह के वीडियो बयान पहले भी जारी किए गए हैं। हम सुरक्षा व्यवस्था की एक बार फिर से समीक्षा कर रहे हैं। रामजन्भूमि की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने सुरक्षा में लगे अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि परिसर, मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने राममंदिर दर्शन मार्ग समेत प्रमुख स्थलों की जांच की। बाद में उन्होंने दावा किया कि रामजन्भूमि परिसर की सुरक्षा पहले से ही अभेद्य है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का अयोध्या के राममंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में आतंकी पन्नू ने 16 और 17 नवंबर को राममंदिर में हिंसा की योजना बनाई है और इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की प्रार्थना करते हुए तस्वीरें भी दिखाई है। पन्नू ने यह धमकी कनाडा के ब्रैम्पटन से रिकॉर्ड की थी। वीडियो के जारिए मिली धमकी के बाद पूरी अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

# बेहद खराब श्रेणी में बरकरार दिल्ली की हवा, 355 दर्ज किया गया औसत एक्यूआई

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा हुआ है। मंगलवार को दिल्ली औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 355 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में मंगलवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 355 दर्ज किया गया, जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 205, गुरुग्राम में 234 गाजियाबाद में 269 ग्रेटर नोएडा में 286 और नोएडा में 235 एक्यूआई रहा। राजधानी दिल्ली की 5 इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर बना हुआ है, जिसमें आनंद विहार में 404, जहांगीरपुरी में 418, मुंडका में 406, रोहिणी में 415, और वजीरपुर में 424 अंक बना हुआ है।

वहीं, दिल्ली के अन्य अधिकांश इलाकों में एक्यूआई स्तर 300 और 400 के बीच बना हुआ है, जिसमें अलीपुर में 358, अशोक विहार में 391, आया नगर में 347, बवाना में 393, बुराड़ी क्रॉसिंग में 374 चांदनी चौक में 371, मथुरा रोड में 347 डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेलवे 345, डीटीयू में 364, द्वारका सेक्टर 8 में 366 और आईजीआई एयरपोर्ट में 344 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा आईटीओ में 347, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 322, लोधी रोड में 313, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 353, मंदिर मार्ग में 335, नजफगढ़ में 356, नरेला में 356, नेहरू नगर में 372, एनएसआईटी द्वारका में 364, ओखला फेस 2 में 354, पटपड़गंज में 371, पंजाबी बाग में 382, पूषा में 320, आर के पुरम में 366, शादीपुर में 361, सिरी फोर्ट में 342, सोनिया विहार में 380 और विवेक विहार में 385 एक्यूआई बना हुआ है। बता दें कि इससे एक दिन पहले सोमवार को दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 347 दर्ज किया गया था।

# आतिशी सफेद झूठ बोल रही हैं : विजेद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री आतिशी और मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा मार्शलों के मुद्दे पर की गई प्रैस वार्ता पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सफेद झूठ बोल रही हैं और गिरगिट की तरह रंग बदल रही हैं। भाजपा नेता ने कहा कि पहले सरकार ने यह घोषणा की कि वह मार्शलों को मंगलवार या बुधवार से नौकरी ज्वाइन करवा देंगी और अब अपने वादे से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि यह इन गरीब 10 हजार मार्शलों के साथ सरासर अन्याय है और उनकी आशाओं पर तुषारापात है। दिल्ली सरकार ने उन्हें हर बार धोखा दिया है। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि पिछले साल इन मार्शलों को हटाया किसने? आठ अक्टूबर 2023 को अरविंद केजरीवाल के हस्ताक्षर से इन मार्शलों को हटाया गया था, जब वह मुख्यमंत्री थे। उसके बाद उनकी सैलरी भी आम आदमी पार्टी ने रोक दी थी। उन्होंने आगे कहा, जब आम आदमी पार्टी कहती है कि इन्हें हमने लगाया था और हटाया भी हमने, तो अब जब उपराज्यपाल महोदय कह रहे हैं कि आप इन्हें फिर से तैनात करें, तो आप क्या कर रहे हैं? 28 अक्टूबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहते हैं कि हम 1 नवम्बर से इन्हें तैनात कर रहे हैं। फिर दूसरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहते हैं कि सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं, और फिर एक और प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहते हैं कि हम इन मार्शल को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के रूप में प्रदूषण नियंत्रण के काम में नहीं लगा रहे हैं। 1 नवंबर से जहां उनकी सैलरी शुरू होनी थी, वहां अब तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा, अब 5 अक्टूबर को जब उपराज्यपाल महोदय के कमरे में मुख्यमंत्री ने एक प्रस्ताव रखा था कि तीन सदस्यीय समिति बनाएंगे, जिसमें वित्त, ट्रांसपोर्ट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी होंगे और इसके जरिए मार्शल की स्थायी नियुक्ति की जाएगी, तो उस समय से लेकर आज तक किसी भी समिति का गठन नहीं हुआ। 26 सितंबर को दिल्ली विधानसभा के सत्र में मैंने एक प्रस्ताव रखा था कि मार्शल को पक्का किया जाए। तब आम आदमी पार्टी ने इस प्रस्ताव को मजबूरी में समर्थन दिया, क्योंकि इससे पहले उन्होंने कभी इन मार्शल को पक्का करने की बात नहीं की थी। उन्होंने कहा, अब जब इन मार्शल को चार महीने के लिए काम पर रखने की बात आई, तो दिल्ली सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कोई फाइल भी नहीं बढ़ाई। कोई काम ही नहीं किया। सरकार इस पर कोई कदम नहीं उठाना चाहती, और जो नकली कैबिनेट नोट पास किए हैं, वे सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए हैं। आज दिल्ली के तमाम मार्शलों को उन्होंने इतना कंफ्यूज कर दिया है, धोखा दिया है, और इस तरह से उनके साथ पीठ में छुरा घोंपा है, कि मैं समझता हूं कि कोई भी चुनी हुई सरकार अपनी जनता से ऐसा धोखा नहीं कर सकती जैसा ये लोग कर रहे हैं।

**आत्मनिर्भर** जैसे-जैसे हमारे राष्ट्र के लिए खतरे विकसित हुए हैं, वैसे-वैसे हमारी रक्षा प्रणाली और रणनीति भी विकसित हुई है.....................

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि सरकार ने तेजी से बदलती दुनिया में नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य में अनुकूल रक्षा रणनीति की आवश्यकता को पहचानते हुए मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई पहल की हैं। श्री सिंह मंगलवार को यहां मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान द्वारा अनुकूली रक्षाः आधुनिक युद्ध के बदलते परिदृश्य को नेविगेट करना विषय पर आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि अनुकूली रक्षा एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जहां राष्ट्र की सैन्य और रक्षा तंत्र उभरते खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए निरंतर विकसित होते हैं। उन्होंने कहा अनुकूली रक्षा केवल जो हुआ है उसका जवाब देना नहीं है, बल्कि यह अनुमान लगाना है कि क्या हो सकता है, और इसके लिए सक्रिय रूप से तैयारी करना है। संक्षेप में, इसमें अप्रत्याशित और विकसित परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अनुकूलन, नवाचार और विकास की मानसिकता और क्षमता विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि परिस्थितिजन्य जागरूकता, रणनीतिक और सामरिक स्तरों पर लचीलापन, चपलता और भविष्य



की प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकरण अनुकूली रक्षा को समझने और बनाने की कुंजी हैं। यह रणनीतिक और परिचालन प्रतिक्रियाओं का मंत्र होना चाहिए। श्री सिंह ने अनुकूली रक्षा को केवल एक रणनीतिक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हमारे राष्ट्र के लिए खतरे विकसित हुए हैं, वैसे-वैसे हमारी रक्षा प्रणाली और रणनीति भी विकसित हुई है। हमें भविष्य की सभी आकस्मिकताओं के लिए तैयार रहना चाहिए। यह सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा करने से कहीं अधिक है, यह हमारे भविष्य को सुरक्षित करने के बारे में है। रक्षा मंत्री ने बताया कि युद्ध की पारंपरिक धारणाएँ उभरती प्रौद्योगिकियों और विकसित होती रणनीतिक साझेदारियों से नया रूप ले रही हैं, साथ ही खतरों और चुनौतियों की बदलती प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों में संचालन के नए दृष्टिकोण, सिद्धांत और अवधारणाएँ उभर रही हैं। उन्होंने मौजूदा युग को ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध कहा, जहाँ बचाव के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर अनुकूलन सबसे अच्छी रणनीति है। श्री सिंह ने भारत के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों की विविध श्रेणी पर प्रकाश डाला, जिसमें पारंपरिक सीमा-संबंधी खतरों से लेकर आतंकवाद, साइबर हमले और हाइब्रिड युद्ध जैसे अपरंपरागत मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य में एक अनुकूल रक्षा रणनीति की आवश्यकता को पहचाना है, और एक मजबूत तथा आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई पहल की हैं। इसमें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष की स्थापना, तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सुधार करना और दुनिया भर में नई रक्षा साझेदारियाँ बनाना शामिल है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि डिजिटलीकरण और सूचना के अतिरेक के वर्तमान युग में, दुनिया अभूतपूर्व पैमाने पर मनोवैज्ञानिक युद्ध का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ सूचना युद्ध के खतरे का मुकाबला करने के लिए अनुकूली रक्षा रणनीतियों को लागू करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। श्री सिंह ने साइबरस्पेस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाले अग्रणी देशों में भारत को बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि भारत के आकार और क्षमता वाले देश के पास रक्षा में एआई के आसन्न वैश्विक नवाचारों से निपटने की क्षमता और साधन होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि ड्रोन और स्वार्म प्रौद्योगिकियां युद्ध के तरीकों और साधनों में मौलिक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने कहा, ह्ल भारत दुनिया का ड्रोन हब बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इस संबंध में कई पहल की गई हैं। इससे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी बल्कि हमारे मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। हम पहले से ही विश्वसनीय प्रमाणन तंत्र के माध्यम से अनुसंधान और विकास को बेहतर बनाने और इस क्षेत्र में भारतीय बौद्धिक संपदा निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने रक्षा और सुरक्षा की समकालीन समस्याओं से निपटने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन मामलों में शामिल तत्व न केवल सरकार के हैं, बल्कि सरकार से इतर भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरोला में खेतों में काम कर रहे तीन लोगों पर जंगली सुअर ने किया हमला, एक की हालत गंभीर



**नौगांव (उत्तरकाशी) , एजेंसी।** पुरोला में खेतों में काम कर रहे तीन लोगों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। एक की हालत गंभीर है। उत्तरकाशी जिले के पुरोला भद्राली गांव में खेतों में काम कर रहे तीन लोगों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। बुरी तरह घायल तीनों लोगों को ग्रामीणों उप जिलाचिकित्सालय पुरोला लाए। यहां पर गंभीर घायल शान्ति राम (52) पुत्र गन्दरू लाल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया गया है। जबकि दो अन्य सामान्य घायल प्रदीप (28) पुत्र नोन्यालु व तनिष (18) पुत्र जगजीवन को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मिले दिव्यांगजन, फरियादियों की सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



**देहरादून, एजेंसी।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी दिव्यांगजनों से मिली। यहां उन्होंने समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय में अपने कार्यालय में आमजन विशेष रूप से दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को जन शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

### समाज सेवा होना चाहिए राजनीति का उद्देश्य : भुवन कापड़ी

**देहरादून, एजेंसी।** माया देवी विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय युवा संसद कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि राजनीति को समाजसेवा के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी और सम्मान के साथ आगे बढ़ने की बात कही। भुवन कापड़ी ने कहा कि राजनीति समाज की सेवा का एक बड़ा और महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि सम्मान और ईमानदारी के साथ राजनीति की जाए तो इससे व्यक्ति की अलग पहचान बनती है। युवा देश का भविष्य है। उन्हें देश की उन्नति के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर श्री 108 महंत कृष्ण गिरी महाराज, सुनील कुमार गोस्वामी, माया देवी विश्वविद्यालय के संस्थापक मनोहर जुयाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने आवाज आफ देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर आदित्य देवशाली, डीन नवीन पांडेय, वंश महेश्वरी, अमन, नरेश यादव, मयंक सिंघल, अनुभव अग्रवाल, मोहित चावला, शुभम गोस्वामी मौजूद रहे।

# बस की टक्कर से पलटी पिकअप, सड़क पर मची चीख पुकार, 26 घायल



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** हल्द्वानी रोड पर मटकोटा मोड़ में इंटर सिटी निजी बस ने श्रमिकों से लदी पिकअप पर टक्कर मार दी। हादसे में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप सवार श्रमिकों में चीख पुकार मच गई। हादसे में 26 लोग घायल हो गए, जिसमें पांच गंभीर है।

हल्द्वानी रोड पर मटकोटा मोड़ में इंटर सिटी निजी बस ने श्रमिकों से लदी पिकअप पर टक्कर मार दी। हादसे में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप सवार श्रमिकों में चीख पुकार मच गई। आनन फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद पांच महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हैं।

सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एएसपी निहारिका तोमर भी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार हादसे के समय वाहन में 32 श्रमिक सवार थे। सभी मजदूरी करने दिनेशपुर से पंतनगर जा रहे थे। एएसपी ने बताया कि घटना के समय वाहन में 25 से 30 लोग सवार थे, जो नियमों के खिलाफ है। इस पर कार्रवाई की जाएगी। घायलों में ज्यादातर महिलाएं घायल हैं।

**गन्ने से लदी ट्रॉली में टकराकर कार के उड़े परखच्चे, एक की मौत और चार घायल; परिवार में मातम : ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रामपुर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। ये लोग रुद्रपुर से रामपुर के बिलारी में शादी समारोह में जा रहे थे।

रामपुर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। ये लोग रुद्रपुर से रामपुर के बिलारी में शादी समारोह में जा रहे थे। युवक की मौत से इलाके में शोक का माहौल है। मृतक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का सहयोगी था।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम रंपुरा निवासी पांच युवक कार से एक शादी समारोह में रामपुर जिले के बिलारी जा रहे थे। शाहबाद से चार किलोमीटर आगे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी गन्न लदी ट्रॉली से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में चालक सीट के बगल में बैठे बंटी कोली (29) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार चालक अमर कोली, धर्मेंद्र सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में चारों घायलों को पहले शाहबाद और फिर रुद्रपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित तमाम लोग शाहबाद पहुंच गए। बताया कि रामपुर में मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव को रुद्रपुर लाया जाएगा। इधर बंटी की मौत से लोगों में दुख का माहौल है। मृतक के दो छोटे भाई हैं।

## मामूली कहासुनी में गई हीरा की जान, आरोपियों ने नशे की हालत में की थी युवक की हत्या

**रूद्रपुर, एजेंसी।** हाईवे के लिंक मार्ग के किनारे बगीचे में हत्या कर फेंकी गई युवक की लाश के मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

हाईवे के लिंक मार्ग के किनारे बगीचे में हत्या कर फेंकी गई युवक की लाश के मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवकों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने नशे की हालत में हुई बहस के दौरान क्षणिक आवेश में उन्होंने हत्या की थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईंट भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस को एक नवंबर को ग्राम सिद्धा में बगीचे में झाड़ियों के पास एक अज्ञात शव मिला था। मृतक के सिर, चेहरे और शरीर में चोट के निशान थे। उसकी शिनाख्त पाटी के चौड़ाकोट (चंपावत) निवासी हीरा सिंह पुत्र केसर सिंह के रूप में हुई। मृतक की पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू की।

खुलासे में जुटी पुलिस ने लगभग 150 लोगों से पूछताछ की। साथ ही करीब 100 सीसीटीवी कैमरे खंगाले और एसओजी की टीम से भी तकनीकी मदद ली। जांच में पुलिस ने गरगईया देवरिया (बरेली) निवासी विजयपाल और नानकमत्ता के ग्राम सिद्धा नवादिया बिजली कॉलोनी निवासी अजय के नाम सामने आने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने नशे की हालत में हीरा सिंह की हत्या कर दी थी। हत्या में प्रयुक्त बेल्ट पूर्व में ही पुलिस कब्जे में ले चुकी थी। आरोपियों की निशानेदही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईंट, मृतक के कपड़े और चप्पल बरामद किए। टीम में नानकमत्ता थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, झनकईया थानाध्यक्ष अनिल जोशी, दरोगा संजय कुमार, रजनी गोस्वामी, एसओजी प्रभारी संजय पाठक, अशोक कांडपाल, कृपाल सिंह,प्रकाश आर्या, भूपेंद्र आर्या आदि थे।

## नियमतीकरण की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों ने भरी हुंकार

**देहरादून, एजेंसी।** विभिन्न मांगों को लेकर उपनल कर्मचारियों ने सचिवालय कूच किया। पुलिस ने सुभाष रोड पर बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया। यहां कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। यहां से सभी को एकता विहार धरना स्थल ले जाया गया। इस दौरान दो दौर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। सरकार ने आचार संहिता का हवाला देते हुए 25 नवंबर को संगठन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। इसके बाद देर रात हड़ताल स्थगित कर दी गई।

सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न विभागों में काम कर रहे कर्मचारी परेड ग्राउंड में एकत्र होने शुरू हो गए थे। करीब एक एक बजे कर्कामचारी ग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना, उपनल महासंघ के संयोजक विनोद गोदियाल सहित अन्य नेताओं के नेतृत्व में कर्मचारी सचिवालय के लिए रवाना हुए। नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने पहले परेड ग्राउंड का चक्कर काटा और उसके बाद कनक चौक होते हुए सुभाष रोड पर पहुंचे। सचिवालय से करीब तीन सौ मीटर दूर पुलिसकर्मियों ने बैरिकेडिंग करते हुए आगे बढ़ने से रोक दिया। पदाधिकारी और कर्मचारी वहीं पर धरना देकर बैठ गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान सभी लोगों ने अपनी-अपनी बात रखी। सरकार की ओर से की गई बातचीत की पेशकश को स्वीकार करते हुए संयोजक विनोद गोदियाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से बात की, लेकिन बात नहीं और कर्मचारी लिखित में आश्वासन पर अड़ गए। धरना-प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को एकता विहार धरना स्थल ले जाया गया, जहां उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान कर दिया। इसके बाद दूसरे दौर की वार्ता फिर सचिवालय में हुई जहां अधिकारियों ने केदारनाथ में लगी आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए अग्रिम बैठक 25 नवंबर को बुलाई है, इसके बाद हड़ताल स्थगित की गई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना ने उपनल कर्मचारियों से कहा कि सरकार नहीं चाहती उपनल कर्मचारियों का भला हो। सुप्रीम कोर्ट का आदेश सरकार नहीं मान रही है। उन्होंने एक अधिकारी का नाम लेकर कहा कि उनका दो साल का सेवाकाल बढ़ाया जा सकता है।

## हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का काम रुकवाने पर प्रदर्शन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रानीपोखरी क्षेत्र के भोगपुर पंचायत में करीब 100 साल पुराने हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का काम रुकवाने पर ग्रामीणों और महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। मंदिर समिति और ग्रामीणों का आरोप है कि शिशु मंदिर की स्कूल समिति ने मंदिर का काम रुकवाया है। मंदिर समिति और ग्रामीणों के सहयोग से भोगपुर चौक के पास प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आरोप है कि मंदिर के लिए बनाए जा रहे भवन पर लिंटर डालने के लिए सेंटरिंग बिछाई जा रही थी। इस पर शिशु मंदिर की स्कूल समिति ने कार्य रुकवा दिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष शुभेंदु रावत ने कहा कि भोगपुर चौक के पास हनुमान मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। इसे देखते हुए मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। लेकिन, शिशु मंदिर स्कूल समिति ने जबरन कार्य रुकवा दिया है। स्कूल समिति इस मामले में कोर्ट भी गई है, जबकि मंदिर काफी पुराना है।

## नेपाल की सिम पर बज रहे धारचूला के मोबाइल, बीएसएनएल के जीएम से लोगों ने की टॉवरों के संचालन की मांग



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** धारचूला के लोगों ने क्षेत्र में स्थापित बीएसएनएल के मोबाइल टॉवरों के संचालन की मांग पर 90 किमी दूर जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रभारी एसडीओ हिमांशु के माध्यम से महाप्रबंधक को ज्ञापन भेजा।

धारचूला के लोगों ने क्षेत्र में स्थापित बीएसएनएल के मोबाइल टॉवरों के संचालन की मांग पर 90 किमी दूर जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रभारी एसडीओ हिमांशु के माध्यम से महाप्रबंधक को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि टॉवरों का संचालन न होने से उन्हें संचार सुविधा नहीं मिल रही है और वे नेपाली सिम का प्रयोग करने के लिए मजबूर हैं।

सोमवार को धारचूला के गांवों के लोग कैल्विन धामी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे और बीएसएनएल के प्रभारी एसडीओ को ज्ञापन दिया। कहा कि चीन सीमा पर बसे उनके गांवों को संचार सेवा से जोड़ने के लिए मोबाइल टॉवर स्थापित किए गए हैं। 15 अगस्त से सभी टॉवरों के संचालन के दावे किए गए थे। अब तक टॉवरों का संचालन न होने से उन्हें संचार सेवा का लाभ नहीं मिल सका है। संचार सेवा न होने से विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं और लोगों को अपनों से बात करने के लिए नेपाल सिम का प्रयोग करना पड़ रहा है।

उन्होंने शीघ्र मोबाइल टॉवरों के संचालन के साथ ही इन्हें स्थापित करने वाले स्थानीय ठेकेदारों को भुगतान करने की मांग की। चेतावनी देते हुए कहा जल्द टॉवरों का संचालन नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में इंद्र धामी, जगत भंडारी, नीरज धामी, गोविंद धामी, नवीन धामी, मनोज धामी, किशन, मनीष आदि शामिल रहे।

## बस और पिकअप की जोरदार भिड़ंत,31 मजदूर घायल, 5 की हालत नाजुक

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद में सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। दरअसल, पंतनगर थाना क्षेत्र में आज सुबह बस और पिकअप की भिड़ंत हो गई। इस दौरान पिकअप में सवार मजदूरी करने जा रहे 31 लोग घायल हो गए है। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर किया है। सूचना पर एसएसपी सहित तमाम अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।



प्राप्त सूचना के मुताबिक आज यानी मंगलवार की सुबह में उधम सिंह नगर जनपद के दिनेशपुर से मजदूरी का कार्य करने के लिए पिकअप में सवार होकर 31 मजदूर जा रहे थे। इसी बीच अचानक बस और पिकअप में भिड़ंत हो गई। जिसमें पिकअप में बैठे 31 मजदूरों के घायल होने की सूचना मिली है। इस सड़क दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने पांच मजदूरों की नाजुक हालत देखते हुए उनको हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है।

बता दें कि इस दौरान घटना में घायल हुए सभी 31 मजदूर खेतों में मजदूरी करने जा रहे थे। इस सड़क दुर्घटना में घायल सभी लोग उधम सिंह नगर जिले के दिनेशपुर के रहने वाले हैं। वहीं जिले के कप्तान मणिकांत मिश्रा सहित पुलिस अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और सभी घायल मजदूरों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। हालांकि पुलिस ने बस के चालक एवं मजदूरों के ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

## नौगांव पहुंचे सीएम धामी, तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समारोह में हुए शामिल




**देहरादून, एजेंसी।** डामटा में 22 वें राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सीएम धामी भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सोमवार सुबह नौगांव डामटा पहुंचे। तीन दिवसीय 22 वें राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह में सीएम शामिल होने पहुंचे। समारोह में भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान सीएम धामी ने सभी को इगास की शुभकामनाएं दी। कहा कि आज यमुना घाटी खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हो रहा है जिसमें अनेक प्रकार के सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों में आयोजित किए जाते हैं। हमारी सरकार ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देती है।

# बदलता मौसम कर रहा बीमार, ओपीडी पहुंची 700 के पार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला अस्पताल खुलते ही मरीजों के पहुंचने शुरू हो हुए। पर्ची काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कक्ष के सामने मरीजों की लंबी कतार रही। ईएनटी, फिजिशियन, सर्जन, चर्म रोग, बाल रोग विशेषज्ञ आदि कक्ष के बाहर मरीजों ने अपनी बारी का इंतजार किया। बुखार, जुकाम, पेट दर्द, कान दर्द समेत मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक रही। इधर खून जांच, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, औषधि वितरण आदि काउंटरों पर मरीजों को भीड़ के चलते इंतजार करना पड़ा।

साप्ताहिक अवकाश के बाद जिला अस्पताल की ओपीडी खुलते ही 527 लोग जांच कराने के लिए अस्पताल पहुंचे। अधिकतर लोग गले में संक्रमण और रैशेज की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं।

सोमवार सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक लोगों की आवाजाही बनी रही। पर्ची काउंटर, ओपीडी कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्सरे कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ रही। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाली मकवाना ने बताया कि बच्चों में इन दिनों रैशेज की समस्या बढ़ रही है। त्वचा में दाने, लालिमा, खुजली की समस्या लेकर परिजन बच्चों को अस्पताल ला रहे हैं। कुछ बच्चों में वायरल फीवर भी देखने को मिल रहा है। फिजीशियन डॉ. चंद्र मोहन सिंह भैसोड़ा ने बताया कि सर्दियों में श्वांस संबंधित बीमारी से ग्रसित मरीजों की समस्या बढ़ जाती है। मौसम में ठंड बढ़ने के कारण वायल बुखार, श्वांस संबंधित समस्याएं, गले में संक्रमण के कारण खांसी की शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं।



**मौसम बदलने से अधिक बीमार पड़ रहे लोग–** मौसम में बढ़ रही सर्दी लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। सीएचसी में इन दिनों रोजाना 80 से अधिक लोग जांच कराने पहुंच रहे हैं। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. अभिलाष धारीवाल ने बताया कि लोग खांसी, जुखाम, गले में दर्द के साथ ही वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। बच्चों में भी जुकाम, खांसी की समस्या बढ़ रही है। ओपीडी में जांच के लिए रोजाना 30-40 बच्चे पहुंच रहे हैं। उन्होंने लोगों को पानी को उबालकर पीने, ठंड से बचाव करने, गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## आसमान में हल्के बादलों और धुंध से तापमान में आई गिरावट

**ऋषिकेश, एजेंसी।** दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में मौसम बेहद खराब चल रहा है। देहरादून एयरपोर्ट के आसपास भी वातावरण में हल्की धुंध छाई हुई है। आसमान में छाए हल्के बादलों और धुंध से मौसम खराब बना हुआ है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कुछ लोग बदलते पर्यावरण को तो कुछ लोग दूसरे राज्यों की खराब हवा को इसका जिम्मेदार मान रहे हैं। अक्तूबर से लेकर अब तक मौसम शुष्क चल रहा है। इस कारण बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई है। रबी की बुआई करने वाले किसान परेशान हैं। उन्हें फसलों की चिंता सता रही है। इधर, वातावरण में फैली धुंध के कारण दून एयरपोर्ट पर सुबह छह से साढ़े आठ बजे तक न्यूनतम दृश्यता मात्र 1200 मीटर दर्ज की गई। जबकि दोपहर के वक्त ढाई से तीन बजे के बीच अधिकतम दृश्यता 2500 मीटर दर्ज की गई। हालांकि, कम दृश्यता के कारण उड़ानों पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरपोर्ट मौसम विभाग ने रविवार का न्यूनतम तापमान 16.0 और अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री दर्ज किया। हल्के बादल और धुंध से अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट आई है। इधर, वातावरण में धुंध से सोमवार को शहर में एक्यूआई खराब श्रेणी में पहुचने लगा। रिपोर्ट के मुताबिक शहर में एक्यूआई 188 दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- आआपा की सरकार सिर्फ राजनीति कर रही

नई दिल्ली, । दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार इसके नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है। देवेंद्र यादव ने मंगलवार को दिल्ली न्याय यात्रा के पांचवें दिन की शुरूआत की। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष के साथ कांग्रेस के बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली सरकार पर कटाक्ष करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि आआपा की जब पंजाब में सरकार नहीं थी तो प्रदेश को दोष देती थी और अब जब वे सत्ता में आए तो उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर आरोप लगा रहे हैं। सभी सिर्फ राजनीति कर रहे हैं, प्रदूषण की समस्या पर कोई ध्यान दे नहीं रहा। दिल्ली सरकार ने यमुना में झाग पर रसायनों का छिड़काव किया लेकिन ये समाधान नहीं है। यमुना की सफाई के लिए जरूरी है सही तरीके से कार्य करना। यादव ने कहा कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आने पर कांग्रेस राजधानी की जनता के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आआपा ने दस साल से सिर्फ दिल्ली की जनता को लूटा है, उनके लिए कार्य नहीं किया।

### अपहरण मामले में फरार बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने फिरौती के लिए अपहरण के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2006 में फर्श बाजार थाना में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस को पता चला कि आरोपी अनिल कुमार यादव हापुड़ चुंगी के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे धर दबोचा।

### पॉक्सो मामले में फरार चल रही महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट मामले में पांच सालों से फरार चल रही महिला गीता को लुधियाना से गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ी आरोपी महिला कंझावला इलाके से 15 साल की एक किशोरी को बहलाफुसला कर सूरत ले गई थी। वहां किशोरी के साथ कुछ लोगों ने दुष्कर्म किया था। पुलिस अब महिला से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

### चार साल से फरार आरोपी को हरियाणा में पकड़ा

नई दिल्ली, । द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 11 नवंबर को चोरी के मामले में चार साल से फरार एक बदमाश को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिनेश नाम बदलकर गोहाना में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 2020 में छावला इलाके में हुई एक चोरी के मामले में आरोपी दिनेश की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। आरोपी पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

### डकैती में शामिल चार बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

नई दिल्ली, । मोती नगर थाना पुलिस ने एक घर में डकैती डालने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पंकज कुमार, राकेश, राजेंद्र प्रसाद और श्याम बाबू के पास से पुलिस ने दो सोने की चूड़ियां, अंगूठियां और 50,000 रुपये बरामद की है। आरोपियों में शामिल पंकज कुमार पीड़ित परिवार के घर डेढ़ साल तक घरेलू सहायक के तौर पर नौकरी करता था। इसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर डकैती की साजिश रची थी। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि 28 अक्तूबर की शाम को आठ लोगों ने एक परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को घटना की सूचना दी। एसएचओ वरुण दलाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी अपने साथ 11 लाख रुपये और लाखों की ज्वैलरी ले गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मोती नगर थाना पुलिस के साथ एसीपी ऑपरेशन सेल अरविंद कुमार की टीम को भी जांच की जिम्मेदारी दी गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर उसका विश्लेषण किया। इस दौरान टीम एक आरोपी की पहचान करने में सफल रही। पहचान के बाद आरोपी श्याम बाबू को उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि डकैती की साजिश पंकज कुमार ने रची थी। कुल आठ लोग वारदात में शामिल थे। पुलिस ने श्याम बाबू की निशानदेही पर पंकज कुमार, राकेश और राजेंद्र को भी गिरफ्तार किया।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने को लेकर गंभीर आप सरकार ने नाइट सिक्योरिटी गार्ड्स को इलेक्ट्रिक हिटर वितरित करने का शुरू किया अभियान



दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने को लेकर गंभीर ‌‌आप‌‌ सरकार ने नाइट सिक्योरिटी गार्ड्स को इलेक्ट्रिक हिटर वितरित करने का अभियान शुरू किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में विंटर एक्शन प्लान के तहत सुरक्षा गार्डों को बिजली के हीटर वितरित कर इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभाग को आदेश दिया गया है कि वे भी अपने-अपने यहां नाईट शिफ्ट में काम करने वालें गार्ड/कर्मचारियों को हीटर उपलब्ध करवाए। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली वालों के सहयोग और सरकार द्वारा उठाये गए कदम से दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए जितने भी अभियान चलाएं हैं उसमें सफलता मिल रही है। गोपाल राय ने कहा कि सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितंबर को 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की सरकार द्वारा घोषणा की गई थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य कर रही है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है जैसे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान आदि। पूरे दिल्ली में सड़कों पर 200 मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान शुरू किया गया है। विंटर में खुले में आग जलाने से भी प्रदूषण बढ़ता है इसीलिए सरकार द्वारा 6 नवंबर से एक महीने के लिए दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू किया गया है हैं` टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओ की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। सरकारी विभाग ,आरडब्ल्यूए, निर्माण एजेंसी को सुरक्षा गार्डों को बिजली के हीटर वितरित करने का निर्देश दिया गया है। ताकि खुले में बायोमास और ठोस अपशिष्ट को जलाने को हतोत्साहित किया जा सके। गोपाल राय ने बताया कि इस साल अभी तक ए.क्यू.आई. इंडेक्स सिवियर कैटगरी में नहीं गया है। इसमें मुख्य तौर पर 3 फैक्टर रहे हैं जिसके कारण दिल्ली का ए.क्यू.आई. अभी भी गंभीर श्रेणी से बाहर बना हुआ है। पहला दिल्ली के अंदर सरकार द्वारा लगातार जो दीर्घकालिक प्रयास किए गए। दूसरा विंटर एक्शन प्लान के अंतर्गत कई तात्कालिक कदम उठाए गए जैसे डस्ट प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अभियान , वाहन प्रदूषण को नियत्रित करने के लिए उठाए गए कदम , बायोमास वर्निंग को रोकने के लिए अभियान आदि, इसके साथ-साथ पिछले सालों की तुलना में इस साल पराली जलने की घटनाओं कमी आई है। इसके साथ इस साल पिछले सालों की तुलना में तापमान में उतनी कमी नहीं आई है और हवा की गति भी बीच-बीच में बढ़ने के वजह से प्रदूषण का स्तर सिवियर कैटेगरी में नहीं पहुँचा है। गोपाल राय ने कहा कि आगे सर्दियां और बढ़ेगी जिससे ओपेन बर्निंग की घटनाएं भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण में ओपेन वर्निंग की भी एक अहम भूमिका होती है। पिछले साल हमने आर.डब्लू.ए. को एडवाइजरी जारी करके कहा था कि वे अपनी- अपनी सोसाईटी में सिक्योरिटी गार्डों को हीटर प्रदान करें जिससे की वे ठंड से बचने के लिए खुले में आग न जलाएं। इस बार आर.डब्लू.ए. के साथ-साथ दिल्ली में जितने सरकारी विभाग हैं जहां गार्ड की नाईट शिफ्टे होती हैं उन्हें इलेक्ट्रीक हिटर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। साथ ही सभी प्राईवेट संस्थान तथा कंस्ट्रक्शन साईटों को जहां पर भी गार्ड की नाईट शिफ्ट होती है, उन्हें हीटर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किया गया है। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में जो छोटी-2 ओपेन वर्निंग होती है उसको कम से कम किया जा सके। गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली सचिवालय में नाईट शिफ्ट में लगे गार्ड को डीपीसीसी द्वारा हीटर का वितरण करके आज से एंटी ओपेन वर्निंग अभियान के अंतर्गत हीटर वितरण अभियान शुरू किया गया। अन्य सरकारी विभाग और प्राइवेट संस्था को आदेश दिया गया है कि वे भी अपने-अपने यहां नाईट शिफ्ट में काम करने वालें गार्ड/कर्मचारियों को हीटर उपलब्ध करवाए।

## संभल ने उमरी कलाँ को हराकर क्रिकेट ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

- खेलों के माध्यम से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मिलता है आगे बढ़ने का मौका: सैयद मौअज्जम अली

प्रातः किरण संवाददाता



कांठ/उमरी कलाँ। उमरी कलाँ में चल रहे मास्टर ब्लास्टर नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का आज(कल) फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच उमरी कलाँ और संभल की टीमों के बीच खेला गया। मैच का टॉस जीतकर संभल ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उमरी कलाँ ने पहले 8 ओवर में 58 रन का स्कोर बनाया। जिसको संभल की टीम ने मात्र 5 ओवर में चेस कर लिया। संभल की और से कैप्टेन हिलाल अहमद ने अच्छी बल्लेबाजी की और उमरी कलाँ की तरफ से फरमान अली ने शानदार बल्लेबाजी की। टूनार्मेंट के फाइनल मैच में यासीन शेख ग्लास वर्ल्ड इंडस्ट्री नोएडा और सैयद नोमान अली नोएडा ग्लास एंड एल्युमीनियम ने पहुंचकर टूनार्मेंट की शोभा बढ़ायी और सभी दर्शकों को और खिलाड़ियों को एनर्जी ड्रिंक का बंदों-बस्त कराकर सभी खिलाड़ियों का उत्सवर्धन किया। चेयरमैन पुत्र सैयद मोअज्जम अली और मुजीब खान लोन स्टार ग्लास इंडस्ट्री की और से विजेता और उपविजेता टीम को चेक और टॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।इस दौरान सैयद मोअज्जम अली ने जानता को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरीके के टूनार्मेंट समय समय पर होते रहना चाहिए जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और उनमें खेल के प्रति रुचि बनी रहती है उन्होंने पूरी ज़िम्मेदारी के साथ ये कहा कि नगर पंचायत उमरी कलाँ में खेल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए और समय समय पर सहयोग देने के लिए तैयार हैं साथ ही साथ उन्होंने बताया कि उमरी कलाँ में नाईट वॉलीबॉल ग्राउंड भी तैयार है और इसके साथ ही इंडोर बैडमिंटन ग्राउंड का भी जल्दी बंदोबस्त किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य आयोजक अकील अहमद अहमदाबाद , फहीमुद्दीन , यूसुफ अहमद उदयपुर , शुएब सुल्तान , मशहूर टेनिस क्रिकेटर सैयद मुजीब अली , फरमान अली समेत सभी कमेटी के लोगों ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर सैयद फैज अली, अफनान हसीन, आजम शेख,आदिल खान, समीर वहाब, अजीम कुरैशी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली में नवंबर अंत से शुरू हो जाएगा नर्सरी में दाखिल

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रवेश स्तर की कक्षाओं के लिए प्रवेश कार्यक्रम की जानकारी दी। शिक्षा निदेशालय ने बताया कि लिंक पर विभाग के मानदंड और दाखिला सम्बंधित जानकारी को अपलोड करने की प्रक्रिया 25 नवंबर से शुरू होगी। निदेशालय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के फॉर्म 28 नवंबर से दिए जाएंगे। अभिभावकों के पास दिल्ली नर्सरी आवेदन पत्र जमा करने के लिए 20 दिसंबर तक का समय होगा। इस कार्यक्रम में ओपन सीट्स प्रवेश शामिल है। जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस ), वंचित समूह (डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्लूएसएन) के अलावा अन्य श्रेणियों के लिए है। स्कूल प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले बच्चों का विवरण अपलोड करने के लिए विभाग के पास तीन जनवरी तक का समय होगा। चयनित बच्चों की पहली सूची को अंक प्रणाली के तहत आवंटित अंकों के साथ प्रदर्शित करने की तारीख 17 जनवरी है। उसके बाद, 18-27 जनवरी, 2025 को दिए गए अंकों के बारे में किसी भी माता-पिता के प्रश्नों को हल करने के लिए आवंटित अवधि होगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद जरूरत पड़ने पर चयनित नर्सरी छात्रों की दूसरी सूची 3 फरवरी, 2025 को जारी की जाएगी और प्रवेश प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर 14 मार्च, 2025 को समाप्त कर दी जाएगी।

## आप सरकार ने बेहतर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे से दिल्लीवासियों को वंचित रखा : भाजपा नेता

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की सोमवार को आलोचना करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल ने प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) योजना को लागू न करके दिल्लीवासियों को बेहतर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के लाभ से वंचित कर दिया है। भाजपा के इन आरोपों पर आप ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री आतिशी को लिखे पत्र में दिल्ली में पीएम-एबीएचआईएम योजना लागू करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत दिल्ली के 11 जिलों में 1,139 सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र, जांच प्रयोगशालाएं और क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किए जाने थे, लेकिन आप सरकार ने इन सुविधाओं के लिए केंद्र द्वारा उपलब्ध कराए गए 2,406 करोड़ रुपये का इस्तेमाल नहीं किया। गुप्ता ने दावा किया, दिल्ली देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जिसे इस योजना का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली को 2,406 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिससे दिल्ली के 11 जिलों में 1,139 सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र, 11 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं, 10 गहन देखभाल इकाई, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 100 बिस्तरों वाली क्रिटिकल केयर यूनिट और 50 बिस्तरों वाले पांच आईसीयू स्थापित किए जाने थे। भाजपा नेता ने कहा, सरकार की लेटलतीफी के कारण यह

## लाजपत नगर में नाबालिग और उसकी मौसी से सामूहिक दुष्कर्म

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । लाजपत नगर इलाके में कार सवार पांच युवकों ने एक नाबालिग और उसकी मौसी के साथ 10 नवंबर को सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। नाबालिग की तबीयत खराब होने पर उसे 11 नवंबर को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां से मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची लाजपत नगर थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर केस दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 17 वर्षीय नाबालिग अपने परिवार के साथ आश्रम इलाके में रहती है। 10 नवंबर की रात नाबालिग अपनी 22 वर्षीय मौसी के साथ अंडरपास क्लब के पास गई थी। वे दोनों क्लब के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान कार में सवार कुछ युवक वहां पहुंचे। युवकों ने नाबालिग की मौसी से बात की और उन्हें मालवीय नगर या फिर गुरुग्राम स्थित एक क्लब में ले चलने का वादा किया। नाबालिग की मौसी और आरोपियों के बीच मोबाइल नंबरों का अदान-प्रदान हुआ। इसके बाद आरोपी उन्हें लेकर गुरुग्राम की ओर चल दिए। आरोपियों ने दोनों पीड़िताओं को गाड़ी में बैठने के बाद कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दी। आरोपियों ने नशे की हालत में दोनों को काफी देर तक गुरुग्राम के कई इलाके में घुमाया और फिर कस्तूरबा निकेतन स्थित एक घर में ले गए। यहां दोनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों में शामिल शुभम वारदात के बाद दोनों पीड़िताओं को आश्रम स्थित उनके घर के पास छोड़ कर फरार हो गया। 11 नवंबर की सुबह करीब चार बजे नाबालिग की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजनों ने उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के बाद सामने आया कि नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है।

## 16 नवम्बर होगा अजीमुश्शान कवि सम्मेलन एवं मुशायरा: नजर बिजनौरी

- सांस्कृतिक कार्यक्रम देते हैं भाईचारे का संदेश: डॉ मनोज
- जनपद का नाम रोशन करने वाली शख्सियते होंगी सम्मानित: इंजी. फरतउल्लाह

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी




बिजनौर/सहसपुर ।कौमी एकता और भाईचारे को बढ़ाने के लिए देश भर में अदबी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने वाली मशहूर और मारूफ हम फेस्ट संस्था के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि ऐसे होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों से कौमी एकता को बढ़ावा मिलता है तथा भाईचारे का संदेश जाता है। हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाना चाहिए। और अपने राष्ट्र की एकता और मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संस्था के दूसरे संरक्षक एवं डायरेक्टर बी.जेड ब्रदर्स इंजीनियर फरतउल्लाह खान कहा कि 16 नवंबर को मंगल लिपि फार्म हाउस में होने ऑल इंडिया अजीमुश्शान मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने वाली शख्सियतों को सम्मानित कर उनकी हौंसला अफजाई की जाएगी। मुशायरा को बहुत अच्छी मयारी शायरी के साथ मुनअक़्क़ीद किया जा रहा है। मुशायरे को जदीद तकनीक के साथ सजाया,सवांरा जाएगा। हम फेस्ट संस्था के फाउंडर और देश के मशहूर शायर नजर बिजनौरी ने भी जानकारी देते हुए बताया कि 16 नवम्बर को कौमी एकता को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बिजनौर की धरती के स्योहारा क्षेत्र के मंगल लिपि फार्म हाउस में अजीमुश्शान कौमी मुशायरा और कवि सम्मेलन होने जा रहा है।इस होने वाले अदबी, तारीखी व साहित्यिक कार्यक्रम की तैयारीयां सरजमी ए बिजनौर में पूरी आबोताब के साथ हो रही है। इस मुशायरे एवं कवि सम्मेलन में हिंदुस्तान के मकबूल व मारूफ शायर, कवि और शायरात के साथ साथ फिल्मी सितारे और देश के बड़े वरिष्ठ अधिकारी भी जलवा अफरोज होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आंजनये कुमार सिंह कमिश्नर मुरादाबाद होंगे। नजर बिजनौरी ने आगे बताया कि इस खूबसूरत और मयारी महफि ल ए मुशायरे का मकसद एक ऐसे इतिहास जो इतिहास के पन्नों में तो है लेकिन अक्सर लोगों को इस बात का पता नहीं है। उस इतिहास की सच्चाई को सामने लाना है कि हिंदुस्तान का नाम भारत सरजमी ए बिजनौर की देन है इस जानकारी से इस इतिहास से हमारे देश की जनता ही नहीं बल्कि हिंदुस्तान के बहुत से हुक्मरान भी पूरी तरह से वाकि फ नहीं हैं। हमारा मकसद हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को इस तारीख से आशना कराना है कि गंगा और मालिनी नदी के संगम तट पर महर्षि कण्व के आश्रम में पैदा हुए राजा भरत के नाम पर हिंदुस्तान का नाम भारत रखा गया। इस सरजमी बिजनौर की धरती पर एक से बढ़कर एक शख्सियते पैदा हुई हैं। चाहे सियासत का मैदान हो, अदब हो ,स्पोर्ट्स हो, इल्म हो या फिल्म हो, कोई शोबा ऐसा नहीं है जहां बिजनौर या बिजनौर वालो ने अपनी प्रतिभा का लोहा न मनवाया हो। आपको बताते चलें की शायर एवं हम फेस्ट संस्था मुंबई के फाउंडर नजर बिजनौरी के दिल मे अपनी सरजमी बिजनौर के लिए मोहब्बत कूट-कूट कर भरी है।

## श्री वेंकटेश्वरा द्वारा गंगा मेले पर स्वच्छता जागरूकता रैली समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

- स्वस्थ भारत- स्वच्छ भारत अभियान की सफलता प्रत्येक देशवासी की जिम्मेदारी: डा. सुधीर गिरि
- पालीथीन मुक्त भारत बनाने में अपना-अपना योगदान दे- डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता




अमरोहा/ तिगरी धाम। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा एतिहासिक गंगा मेले में क्लीन इंडिया- ग्रीन इंडिया अभियान के तहत सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमे संस्थान प्रबंधन स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने दा आर्यन स्कूल के साथ मिलकर मुख्य गंगा घाट की सफाई करते हुए लोगो को पालीथीन मुक्त भारत का संदेश देते हुए दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं को इकोफ्रेंडली थैलेह्व वितरित किये। इसके साथ ही संस्थान के छात्र-छात्राओं ने साइबर क्राइम, गंगा स्वच्छता एवं कन्या भ्रूण हत्या पर तीन नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर सभी को स्वच्छता एवं बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया` इसके साथ ही वैंकटेश्वरा संस्थान की ओर से पिंक बूथ / गुलाबी घाट का शुभारम्भ किया, जिसमे महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए चार ह्लचेंजिंग रूम के साथ अन्य चार्जिंग पॉइंट/ सेल्फी पॉइंट सुविधाओं समेत महिलाओं के स्नान के लिए ह्लगुलाबी घाटह्व समर्पित किया। श्री वैंकटेश्वरा संस्थान की ओर से आयोजित गंगा स्वच्छता अभियान एवं पिंक बूथह्व का शुभारम्भ समारोह का उदघाटन संस्थापक अध्यक्ष डा.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मेलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव, दा आर्यन के निदेशक अमन लिट, भाजयुमों अध्यक्ष शुभम चौधरी, प्रधानाचार्य डा. आदेश कुमार आदि ने फीता काटकर किया। इसके साथ ही संस्थान के छात्र झ छात्राओं ने हाथों में स्वच्छता की झंडी लेकर गंगा घाट परिसर में जागरूकता रैली भी निकाली। इस अवसर पर डा. टी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. आशुतोष, अरुण गोस्वामी, डा. राजवर्धन सिंह, एस. एस. बघेल, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. एस. एन. साहू, डा. अनिल जायसवाल, डा. स्नेहलता गोस्वामी, मेरठ परिसर निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## आबकारी नीति घोटाला : केजरीवाल की समन को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी से जवाब तलब

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को जारी समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने आपराधिक मामले में मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार किया और कहा कि केजरीवाल ने निचली अदालत के जिस आदेश को चुनौती दी है, वह दो महीने पुराना है न कि कोई नया आदेश है। उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें मामले में एजेंसी द्वारा दर्ज शिकायत पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री को जारी समन को चुनौती दी गई है केजरीवाल के वकील ने इस आधार पर शिकायत के गुण-दोष पर सवाल उठाया कि समन एक अधिकारी द्वारा जारी किया गया था, जबकि शिकायत किसी अन्य अधिकारी द्वारा दर्ज करायी गयी थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सत्र अदालत के 17 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है जिसमें समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गयी थी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने याचिका के गुण-दोष पर प्रारंभिक आपत्ति जतायी। उन्होंने दलील दी कि केजरीवाल की याचिका दूसरी पुनरीक्षण याचिका है, जो दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 की आड़ में दायर की गई है और यह कानून में वर्जित है। उन्होंने कहा कि जिस आधार पर यह याचिका दायर की गयी है, वही आधार निचली अदालत में दायर याचिका में थे। वहीं, केजरीवाल के वकील ने दलील दी कि जब ह्यआपह्ल नेता को ईडी के सहायक निदेशक पद के एक अधिकारी ने समन जारी किए तो शिकायत उसी पद के दूसरे ईडी अधिकारी द्वारा दर्ज नहीं करायी जा सकती। वकील ने कहा कि समन पर हस्ताक्षर करने वाला अधिकारी उपलब्ध था लेकिन फिर भी दूसरे अधिकारी ने अदालत में शिकायत दर्ज करायी। केजरीवाल के वकील ने कहा, ह्यह्यवह (केजरीवाल) जेल में उतना समय काट चुके हैं जिसके लिए वे (ईडी) उन्हें सजा दे सकते थे। ईडी के सहायक निदेशक जोगिंदर सिंह ने तीन समन जारी किए थे। लेकिन शिकायत एक अन्य सहायक निदेशक (संदीप शर्मा) ने दर्ज करायीङ्गसवाल यह है कि क्या वह शिकायत दर्ज करा सकते हैं।ह्लह्ल अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 19 दिसंबर की तारीख तय की है। केजरीवाल ईडी की शिकायत पर उन्हें पेश होने का निर्देश देने वाली एक मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ सत्र अदालत गए थे। केजरीवाल ने, उन्हें जारी किए गए समन से बचने के लिए ईडी द्वारा दायर दो शिकायतों पर संज्ञान लेने के बाद मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी थी। ईडी ने मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष शिकायतें दायर की थीं और अनुरोध किया था कि दिल्ली की अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े मामले में जारी किए गए कई समन को नजरअंदाज करने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाया जाए।

## भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की हुई बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ( रजि० ) भारत की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश के संयोजक डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने की। इस अवसर पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय सर्वोच्च निर्देशक स्वामी चंद्रपाल आनार्य जी, राष्ट्रीय मुख्य संचालक विरोतम, शिव कुमार बिड़ला, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वीरांगनी कांता बैन का सभी ने स्वागत भी किया। इस मौके पर समाज से जुड़े कई मुद्दों पर जहां एक और चर्चा की गई, वही संगठन विस्तार पर जोर दिया गया और वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही बैठक में कई लोगों ने ठेकेदारी प्रथा खत्म करो के नारे भी लगाए। साथ ही बुजुर्गों ने यह भी कहा कि हमारे समाज का इस देश में एक बड़ा तपका है, इसलिए हर राज्य से एक राज्यसभा सांसद होना चाहिए। डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से 1 अगस्त 2024 को दिए गए आरक्षण में वर्गीकरण के निर्णय को तुरंत प्रभाव से पूरे देश में लागू करने के संबंध में पत्र भी दिया गया। डॉ विपिन ने कहा कि सभी को आदि धर्म का प्रचार करना है और हमें शिक्षा के महत्व को पहचान है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि हमे अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलानी है जिससे कि बच्चे पढ़ लिखकर समाज और देश का नाम रोशन करें। मैं संगठन की ओर से बैठक में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद भी करता हू और सभी से अपील करता हू कि सभी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का विस्तार करने में अग्रणीय भूमिका निभाएं। इस मौके पर धर्म प्रचारक जगदीश, वीर जीवन सिंह प्रभारी, रविंद्र जलोटा पूर्व अध्यक्ष, वीर श्रेष्ठ सुनील दत्त राष्ट्रीय लेखा निरीक्षक, वीर मामचंद जी केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, वीर राजवीर सिंह मेहरौल, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, सहित कई अन्य लोगों मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

मुजफ्फरपुर। तिरहुत स्नातक उपचुनाव के लिए आज जद(यू) के अभिषेक झा ने निवार्ची पदाधिकारी-सह- आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल सरवणन एम.के समक्ष आयुक्त कार्यालय सभागार में अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामजदगी का पर्चा दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 नवम्बर तक है।

### तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट आज से

मुजफ्फरपुर।।डा राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के तिरहुत कृषि महाविद्यालय ढ़ोली में इंटर कालेज फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक किया जाएगा। 14 नवंबर को तीन बजे ढोली में टुनार्मेंट का शुभारंभ होगा और 16 नवंबर को शाम चार बजे समापन होगा।

### कैंप में 100 से अधिक मरीजों का हुआ उपचार एवं जांच

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के समर्था में निजी परिसर में मेदांता पटना की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. एस एस पाण्डेय, डॉ. आर बी सिंह ने 100 से ऊपर मरीजों का उपचार किया। वहीं उनके ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी आदि की जांच की गई। मौके पर नर्स सोनम, आलिशा, मार्केटिंग से आदित्य, अजय आदि ने आए मरीजों को स्वास्थ्य जांच में सहयोग किया। शिविर में ललन सिंह,राम प्रीत सिंह, अमर नंदन सिंह आदि थे।

### टोटो ई रिक्शा चोरी, थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 11 निवासी महेंद्र राम का पुत्र श्रवण राम ने टोटो ई रिक्शा चोरी को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। बताया कि 11 नवंबर की रात्रि 10 बजे पड़ोसी छोटन राम के दरवाजे पर टोटो लगाकर सोने चला गया। सुबह उठकर देखा तो टोटो गायब था। अज्ञात चोरों द्वारा टोटो चोरी कर ली गई। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया परन्तु कहीं पता नहीं चल पाया।

### सीएचसी में बना डेंगू वार्ड परन्तु नहीं आते मरीज

विभूतिपुर / समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र में बढ़ रहे डेंगू मरीजों की संख्या को देखते हुए सीएचसी में उपचार के लिए डेंगू वार्ड बनाया गया है। परंतु डेंगू से प्रभावित मरीज यहां नहीं आकर प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराने चले जाते हैं। डेंगू से प्रभावित सर्वाधिक कल्याणपुर उत्तर पंचायत के एक भी मरीज सीएचसी में उपचार कराने नहीं गए। सभी निजी क्लीनिक में उपचार करा रहे हैं। इस परिस्थिति में चिकित्सा विभाग द्वारा मरीजों को उपचार नहीं किया जा सकता है। वैसे एहतियाती तौर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धीरज कुमार डेंगू मरीजों के उपचार के लिए सारी व्यवस्था कर रखे हैं,पर मरीज अस्पताल में न जाकर निजी क्लीनिक में ही जाना बेहतर समझते हैं।

### 17 नवंबर से शुरू होगा पैक्स का नामांकन

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के पैक्स के चुनाव को लेकर 17 नवंबर से शुरू होगी पैक्स के उम्मीदवारों का नामांकन। उम्मीदवारों का नामांकन प्रखंड मुख्यालय पर किया जाएगा। प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पूरे प्रखंड में 73 मतदान केंद्रों पर एक दिसंबर को मतदान होगी। वहीं 2 दिसंबर को धुवगामा में मतगणना होगी। कुल मतदाता 43789 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं आगे बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत में पैक्स का चुनाव कार्यकाल पूरा होने के बाद करवाई की जाएगी। इसमें सैदपुर सोरमार नामापुर व ध्रुवगाम का चुनाव बाद में समय पूरा होने पर किया जाएगा।

### देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के रामभद्रपुर पंचायत के कोयलाम गांव से एल टी एफ प्रभारी विनोद यादव ने गुप्त सूचना के आधार पर एक झोपड़ी में छापामारी कर सोमवार की रात 4 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान स्वर्गीय सीताराम पासवान के पुत्र तपेश्वर पासवान के रूप में कर लिया है। अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेजने की बात कही।

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा कर्मी जमीन से आसमान तक चौकस

## एम्स शिलान्यास भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी

प्रात : किरण, संवाददाता



दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह हाई अलर्ट है। दरभंगा के शोभन बाइपास में एम्स निर्माण को लेकर शिलान्यास व भूमि पूजन स्थल पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।एकमी घाट चौराहे से शोभन चौक तक से सुरक्षा कर्मी जमीन से आसमान तक की चौकसी को लेकर लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं।आला अधिकारियों के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दरभंगा एम्स निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। साथ ही बाईपास रेलवे लाइन का लोकार्पण करेंगे। जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव संजय कुमार,प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार, आईजी राजेश कुमार, डीएम राजीव रौशन, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, सिटी एसपी अशोक कुमार, सदर एसडीओ राकेश कुमार सहित कई विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का पर तैयारियों का जायजा लिया। सभा स्थल के समीप बने पांच हेलीपैड, पार्किंग, इंट्री व एक्जिट पॉइंट का भ्रमण कर विभविभागीय कारियों को पीएम के प्रोटोकोल का अनुपालन कर दिशा निर्देश दिए। सभा स्थल पर भव्य फैब्रिकेटेड पंडाल में महिला व पुरूष के बैठने की अलग अलग व्यवस्था अलग अलग की गई है। लगभग 30 हजार से अधिक कुर्सियां को अलग अलग टेंट लगाई गई है। दर्शको को लाईव प्रसारण देखने को लेकर पंडाल में 16 स्क्रीन टीवी के साथ मंच पर बड़ा स्कीर्ण लगाई गई है। जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के संबोधन का सीधा लाइव प्रसारण होगा। वीआईपी मूवमेंट को लेकर सभा स्थल के पीछे पांच हेलीपैड का निर्माण किया गया है।हेलीपैड से सभा स्थल तक काली करण पथ निर्माण कर आवागमन को चकाचक कर दिया गया है।साथ ही सड़क मार्ग से एयरपोर्ट तक के लिए वैकल्पिक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। सभा स्थल से एयरपोर्ट तक सड़क मार्ग से सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने मॉकड्रिल किया। पीएम के काफिला का डमी स्वरूप को सभा स्थल से सड़क मार्ग से शोभन चौक होकर दरभंगा मुजफ्फरपुर एनएच 27 से एयरपोर्ट तक आवागमन कर मॉकड्रिल की गई। वहीं सीएम के डमी काफिले की मॉकड्रिल दरभंगा शहर से एकमीघाट से लेकर सभा स्थल तक सड़क मार्ग से किया गया।शोभन चौक से एकमीघाट तक जाने वाली फोरव्हीलर पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

## तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन के लिए विभिन्न कोषांगों का हुआ गठन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के सफल एवं सुचारु संपादन के निमित्त प्रमंडल स्तर पर कोषांगों का गठन कर कार्य एवं दायित्व का निर्धारण किया गया है।कार्मिक कोषांग, वाहन कोषांग ,प्रशिक्षण कोषांग ,सामग्री कोषांग,मतपेटिका कोषांग,विधि व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता कोषांग ,प्रेक्षक कोषांग, मीडिया सह एमसीएमसी कोषांग, बज्रगृह एवं मतगणना कोषांग,निर्वाचन कोषांग, नामांकन कोषांग का गठन किया गया है।तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2024 के नामांकन प्रक्रिया का संचालन 11 नवंबर से 18 नवंबर तक 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक आयुक्त कार्यालय सभागार में व्यवस्था की गई है। नाम निर्देशन से संबंधित सभी कार्यों के ससमय निष्पादन हेतु नामांकन सेल का भी गठन किया गया है। नामांकन के प्रथम दिन आज कोई भी नामांकन दाखिल नहीं किए गए हैं। उप निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम के अनुसार ,नाम- निर्देशन प्रारंभ 11 नवंबर ,नाम- निर्देशन की अंतिम तिथि 18 नवंबर ,नामांकन पत्रों की संवीक्षा 19 नवंबर ,नाम वापसी की तिथि 21 नवंबर ,मतदान की तिथि 5 दिसंबर ।मतों की मतगणना 9 दिसंबर को कराई जाएगीनिवार्ची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र सह आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर सरवणन एम हैं।प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन कार्य के सफल एवं सुचारु संपादन हेतु सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया है। इसके तहत मतदान केंद्र का प्रस्ताव, नामांकन, आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था, कार्मिक, प्रशिक्षण ,मतदान सामग्री ,मतदाता सूची विखंडीकरण , मतपेटिका की तैयारी, नियंत्रण कक्ष, कम्युनिकेशन प्लान, वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र ,वाहन, मीडिया सह एमसीएमसी, पुलिस बल की उपलब्धता, मतदान केंद्र पर एएमएफ की व्यवस्था आदि बिंदुओं के तहत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश एवं मानक के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एमआईटी मुजफ्फरपुर में बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र हेतु जगह चिन्हित करने का निर्देश सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर को दिया गया है।

## डीएम ने जिले में विकासात्मक योजनाओं को समय से पूरा करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा सरकारी दिशा निर्देश एवं मानक के अनुरूप सभी कार्य ससमय पूरा करने हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में भूमि सुधार एवं राजस्व, पैक्स चुनाव, धान अधिप्राप्ति, म्यूटेशन, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा, परिमार्जन प्लस, जमीन की मापी, एलपीसी,भू लगान, हॉस्टल के लिए जमीन, विद्युत सब स्टेशन के लिए जमीन, आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण हेतु चिह्नित जमीन का एनओसी तथा शेष बचे आंगनवाड़ी के लिए नये जमीन की उपलब्धता, पंचायत सरकार भवन, निर्वाचन कार्य, पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन, नल जल योजना, सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। म्यूटेशन कार्य की समीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अंचल के रूप में पारु 94प्रतिशत मुरौल 88 प्रतिशत साहेबगंज 85 प्रतिशत पाया गया जबकि कांटी,कुढ़नी ,मोतीपुर, और मीनापुर का प्रदर्शन सबसे खराब पाया गया।अभियान बसेरा की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व को डीसीएलआर एवं अंचलाधिकारी से प्रतिदिन समीक्षा कर प्रगति लाने तथा लापरवाही करने वाले अंचलाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही दोनों डीसीएलआर एवं दोनों एसडीओ को अपने-अपने क्षेत्र के अंचलों का विजिट कर एक सप्ताह में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। 31 दिसंबर तक शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। भूमि मापी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुसहरी के अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी से मामले को लंबित रखने के कारण शो काउज करने का निर्देश दिया। परिमार्जन प्लस की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारी को कार्य में तेजी लाने तथा बेहतर करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग द्वारा संचालित हॉस्टल के लिए अंचल अधिकारी से जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है जिसमें मोतीपुर, मीनापुर, साहेबगंज, सरैया ,मुसहरी, कुढ़नी, पारु ,कांटी ,सकरा के अंचलाधिकारी को अविलंब जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि अनुसूचित जाति के बच्चों के हॉस्टल निर्माण के लिए एक एकड़ जमीन जल्द उपलब्ध कराया जा सके। आंगनवाड़ी केंद्र के भवन निर्माण के लिए 340 लक्ष्य के विरुद्ध 259 के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है । जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी को उपलब्ध भूमि का अनापत्ति शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही शेष आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बांछित 271 नई भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। पंचायत सरकार भवन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को चयनित स्थल का विजिट कर सीमांकन करने और हैंडओवर करने का निर्देश दिया। 1 जनवरी 2025 के आधार पर निर्वाचक सूची तैयार किया जाना है। इसके लिए आवेदन की संख्या बढ़ाने तथा बीएलओ की समीक्षा कर अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ ही खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ से शो काउज करने का भी निर्देश दिया गया। प्रत्येक प्रखंड के तीन-तीन पंचायत में बेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के कार्यरत करने संबंधी रिपोर्ट अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश डीआरडीए निदेशक को दिया गया। इसके अतिरिक्त सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के जागरूकता अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन एवं साइनेज लगाने की कार्रवाई प्रखंड स्तर से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## जयनगर में कार्तिक पूर्णिमा पूजन महोत्सव सह मेला की तैयारी शुरू




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर में कार्तिक पूर्णिमा पूजन महोत्सव कमला पूजा सह मेला के भव्य आयोजन को लेकर पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो गया।

पूजा स्थलो पर मेला का आयोजन भी जोरों पर चल रहा है, जहा पूजा के लिए व्यापक पैमाने पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जयनगर के कमला नदी परिसर में कमला पूजा के मौके पर मेला को लेकर झूला सहित अनेक मनोरंजन के अन्य साधन देखने को मिल रहा है। जबकि दुकानदार अभी से दुकान लगाने के लिए तैयारी कर रहा है।इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष उमेश राय एवं कोषाध्यक्ष शशि शेखर हजरा ने संयुक्त रूप से कहा कि हर साल की भांति इस साल भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मा कमला का पूजा का आयोजन किया गया है। यहाँ श्रद्धालुओ देश-विदेश से कमलानदी के तट पर स्नान कर पूजा करने के लिए आते है। मेला में श्रद्धालुओ के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक नृत्य विभिन्न प्रकार के झूले की व्यवस्था है। इस मौके पर रोजिन मुखिया,रामनाथ राय,अजय कापर,ललन मंडल,जीवछ मंडल,छोटू मंडल,जुगल मंडल,कृष्णा साफी सहित अन्य कार्यकताओं ने पूजा की सफलता के लिए दिन रात एक किये हुए है।

## जिलास्तरीय रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। प्रसार प्रशिक्षण केंद्र मुशहरी के परिसर में सोमवार को जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, उप विकास आयुक्त, संयुक्त निदेशक कृषि अभियंत्रण सह राज्य नोडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, उपनिदेशक पौधा संरक्षण तिरहुत प्रमंडल, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र तुर्की द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन कर रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में रबी मौसम में विभाग द्वारा संचालित बीज वितरण योजना के सभी घटकों के बारे में विस्तार से जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया गया कि गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सभी प्रखंडों में की जा चुकी है। पंचायत स्तरीय सभी कृषि कर्मियों को दलहन और तिलहन का बीज वितरण 3 दिनों में शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण ने कृषि यांत्रीकरण योजना एवं फसलों में कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुजफ्फरपुर पश्चिमी ने जैविक खेती प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पक्का वर्मिकम्पोस्ट, व्यावसायिक वर्मिकम्पोस्ट एवं बायो गैस योजना के भौतिक लक्ष्य एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गेहूं प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हित किसानों से बीज उत्पादन कराने के लिए सभी कृषि समन्वयक को निदेशित किया गया। उप विकास आयुक्त, मुजफ्फरपुर ने रबी फसलों के बीजों को समय किसानों को अनुदानित दर पर वितरित करने पर जोर दिया गया ताकि दलहनी, तिलहनी एवं गेहूं के फसलों की समय से बुवाई की जा सके। जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर सुब्रत कुमार सेन ने बीज वितरण, कृषि इनपुट अनुदान योजना, कृषि यंत्रीकरण योजनाओं का समय से क्रियान्वयन एवं उर्वरकों का किसानों के बीच सुगमता से उपलब्धता के लिए कृषि विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। टीम बनाकर सभी उर्वरक दुकानों के जांच कराने के लिए निर्देशित किया गया।

## पनिया की जहाज से पलटनिया बनी अइहो पिया गाकर शारदा की यादें को किया ताजा



● डिंपल भूमि ने लोकगीत एवं गजल के माध्यम से रात भर मचाया धमाल

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के टभका पंचायत के वार्ड एक में गजल के मशहूर गायक डिंपल भूमि ने सोमवार की रात्रि गजल एवं लोकगीत के माध्यम से धमाल मचाया। उन्होंने एक से बढ़कर एक गजल, शायरी एवं शारदा सिन्हा के गाए लोकगीत पनिया के जहाज से पलटनिया बनी अइहो पिया गीत पर अपने शुर एवं लय से दर्शकों को झुमाया, और शारदा सिन्हा की यादें लोगों में ताजा कर दिया। उसने भजन एवं मैथिली गीत ये पहुना अहां मिथिला में रहूं ना से लोगों को मिथिलांचल की परंपरा को याद दिलाया। कार्यक्रम में समाज सेवी राजीव रंजन, दिलीप कुमार, जिला परिषद अमन पाराशर, मनोरंजन प्रसाद मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कलाकार डिंपल भूमि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## देश में तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है इंडिया गठबंधन : दिलीप जायसवाल

### नगर विधायक ने मंत्री को शिलान्यास स्थल पर पाग-चादर से स्वागत कर अगवानी किया



प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा( दरभंगा ) ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को शोभन बाइपास में एम्स निर्माण की आधार शिला समारोह की तैयारी व कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर पटना से दरभंगा आगमन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल का शोभन चौक पर एनडीए कार्यकथाओं ने मंगलवार की दोपहर भव्य स्वागत किया ।राजस्व मंत्री ने कहा कि भारत की जनता समझ गई है कि इंडीया गठबंधन जो सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर देश को खतरनाक रस्ताओं पर ले जाने की प्रेरणा दे रही है। जिस तरह भारतीय संस्कृति का नमक खाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका की धरती पर जाकर हिंदुस्तान के खिलाफ में बोलते हैं ऐसे नेता को पूरा देश पहचान गया है ।यह लोग अपनी राजनीति की दुकानदारी चलाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यहां तक की देश विरोधी ताकतों से भी हाथ मिला सकते हैं ।हिंदुस्तान की मजबूत लोकतंत्र की 140 करोड़ जनता विशेष कर कर के हमारे अकलियत मुसलमान भाई हैं जिसको भाजपा से डरा कर रखा जाता है। मुसलमान को भाजपा से दूर करने की सोंच है। लेकिन यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी जी वह दिन देखना चाहते हैं इस देश की 140 करोड़ जनता एक साथ सबका सबका विकास में सहभागी बने। नगर विधायक संजय सरावगी ने मंत्री को शिलान्यास स्थल पर पाग-चादर से स्वागत कर अगवानी किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य डॉ धर्मशीला गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी,उपाध्यक्ष सुजीत मल्लिक, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बालेन्दु व मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह, किशन गुप्ता, ब्रजेश कुमार पाठक सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने एम्स निर्माण स्थल का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार के दूसरे एम्स का शिलान्यास 13 नवम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के हाथों होना हैं। जिसकी तैयारी शोभन वायपास स्थित एम्स निर्माण स्थल पर अंतिम दौर में चल रही है। वही प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं की चहल कदमी काफी तेज हो गई है। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एम्स निर्माण स्थल पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को हिंदुस्तान के विकास से कोई मतलब नही है। वो सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है। इस अवसर पर नगर विधायक संजय सरावगी, राज्यसभा सदस्य धर्मशीला गुप्ता, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा,बिहार सरकार के मंत्री मंगल पाण्डेय,भजपा नेता देवेंद्र झा,संजीव बलिदानी, मीणा झा सहित दर्जनों नेता उपस्थित थे।

## मैट्रिक एवं इंटर में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले 102 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत राघोपुर वार्ड 8 में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्रा तथा मैट्रिक एवं इंटर में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता हरे कृष्णा ईसर एवं संचालन नवो कुमार चौधरी कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुधांशु कृष्ण जी एवं श्री राम यज्ञ शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश चंद चौधरी, रंजना देवी, अंशुमान, साक्षी कुमारी, वार्ड सदस्या ललिता देवी, सुप्रिया देवी, अरविंद सहनी, रमन महतो, सरोज कुमार, मनोज कुमार, भगवन्त चौधरी, श्रीकांत चौधरी, हेमंत चौधरी, संजय चौधरी, अजय कुमार, मुकेश चौधरी, विशो राय ,रामकुमार चौधरी, नवीन कुमार सिंह, आलोक कुमार चौधरी, निखिल चौधरी, राजकिशोर चौधरी उपस्थित हुए। समारोह के माध्यम से मैट्रिक में सबसे अधिक नंबर प्राप्त करने वाली छात्रा सोनाली प्रिया एवं इंटर के पावनी भारती को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। वही मेधावी छात्र रजनीश कुमार को मोबाइल एवं संगम कुमार को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही इंटर के नेहा कुमारी, ईशा कुमारी, सुरभि कुमारी, अभिषेक कुमार, प्रेरणा भारती, अर्णव कुमार तथा मैट्रिक के पलक कुमार, नयन कुमार, विद्या भारती, सत्यम कुमार, केशव कुमार, सुनहरी कुमारी, आदित्य कुमार, नैना कुमारी, शुभम कुमार, स्तुति कुमारी, सोनू कुमार सहित कुल 102 छात्र-छात्राओं को बैग, नोटबुक, कलम आदि देकर सम्मानित किया गया।

## दरभंगा में एम्स शिलान्यास के शुभ अवसर पर महाकुंभ का नजारा दिखेगा : अश्वनी यादव



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास अभियान में दरभंगा एम्स न केवल दरभंगा व मिथिला बल्कि पूरे बिहार के लिए वरदान की तरह का उपहार है उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह अलीनगर विधानसभा प्रभारी अश्वनी यादव ने कहा।एम्स की आधारशिला के ऐतिहासिक अवसर की भव्य तैयारी है इस शुभ अवसर पर लोगों का जनसैलाब को देखकर महाकुम्भ जैसा नजारा दिखेगा ।आज भुमि पुजन स्थल का निरीक्षण के दौरान कही श्री यादव ने कहा कि एम्स की स्थापना के साथ ही दरभंगा शहर का विस्तार और आधुनिक विकास भी होना तय है। मौके जिला प्रवक्ता शिवशंकर सिंह, किसान मोर्चा के जिला मंत्री पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्योती कृष्ण झा ,अंकुर गुप्ता, संजीव साह एवं ऊजार्वान कार्यकर्तागण उपस्थिति थे।

## एसएफआई ने डीबीकेएन कॉलेज के प्राचार्य को किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारत का छात्र फेडरेशन के जिला अध्यक्ष नीलकमल यादव,अंचल सचिव प्रिंस कुमार,डीबीकेएन कॉलेज इकाई कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने डीबीकेएन कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ राकेश रंजन सिंह को फूल माला तथा शाल देकर सम्मानित किया। वहीं प्रो. दिनेश कुमार राम, डॉ. सुमित कुमार ,डॉ. अनिल कुमार कर्ण, डॉ एस रंजन एवं वंदना कर्ण को भी सम्मानित किया। मौके पर मासूम कुमार,गोलू कुमार, सोनू कुमार, मनीष कुमार, पिंटू ,गोलू ,सोनू इत्यादि छात्र उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वृद्ध महिला को साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ करने युवाओं ने सोंपा 6800 रुपये सहयोग राशी

सोनो जमुई : नई पिढ़ी के युवाओं मे अब जागरुकता देखी जा रही है ।सोनो प्रखंड के कटावत गांव निवासी स्वः तितु रविदास की वृद्ध पत्नी जो बैहद गरीब हे , लेकिन यह महिला पिछले 13 वर्षो पुर्व से लगातार कार्तिक स्नान करने के बाद उसे इसका समापन करने कार्तिक उधापन करने के लिए पर्याप्त पैसे की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी ।जिसकी सुचना बटिया बाजार स्थित आदर्श युवा छठ पूजा समिति के लोगों को मिली ।सुचना प्राप्ति के बाद समिति के लोगों ने उक्त महिला को कार्तिक उधापन सह साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ की विधिवत समापन के लिए कुल 6800 रुपये नगद एवं ठंड से बचने के लिए एक कंबल सोंपा । आदर्श युवा छठ पूजा समिति के सदस्यों मे बटिया बाजार निवासी महेंश बरनवाल, रामानंद साह, कुंदन बरनवाल, निखिल बरनवाल, गुंजन साह, रविंद्र पंडित, पवन कसेरा, अभिषेक बरनवाल, मौनु बरनवाल, बिकास बरनवाल, बिरेंद्र रजक , नीरज बरनवाल, दिवाकर सिंह, धीरज गुप्ता एवं पप्पू साह के द्वारा किया गया इस कार्य को कई बुद्धिजीवियों ने सराहनीय कदम बताया ।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर तैयारी की समीक्षात्मक बैठक कर डीएम ने दिये संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश

## सुरक्षा की रहेगी चाक-चौबंद व्यवस्था, चप्पे-चप्पे पर तैनात होंगे अर्धसैनिक बल और दण्डाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के द्वारा बताया गया कि 15 नवम्बर 2024 को जनजातीय गौरव दिवस समारोह एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कैम्पेन लांच का समारोह के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर हो रहे कार्य से सम्बंधित गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में बैठक आहूत कर प्रतिक्रिया प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के अवसर पर जिले




के खैरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन की संभावनाओं के चलते पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री देश और राज्य के विकास को लेकर जनता को संबोधित करेंगे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के जमुई दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा पूरी गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु निदेशित किए गए ' उन्होंने बताया कि सभी तैयारियां आगमन से पूर्व तक पूरी कर ली जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के साथ अपर समाहर्त्ता, सुभाषचंद्र मंडल अपर समाहर्त्ता पीजीआरओ, उपविकास आयुक्त सुमित कुमार,जिला पंचायतीराज पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन,मो० आफताब आलम राजेश कुमार,समेत जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद में 27 योजनाएं की मिली स्वीकृति

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) हवेली खड़गपुर नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रभु शंकर ने बताया कि बोर्ड से 27 नई योजनाओं को मंजूरी मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया संपन्न हो गई है दो दिनों के अंदर प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद संवेदक से एग्रीमेंट कराकर कार्य शुरू कर दिया जाएगा नगर परिषद के 25 वार्डों में जल्द ही विकास कार्य शुरू होने की उम्मीद दिखने लगी है नगर परिषद के गठन के बाद अब तक एक भी योजनाओं का कार्य नगर परिषद से नहीं होने से नगर वासी जहां जनप्रतिनिधियों के रवैया से नाराज दिख रहे थे वहीं अब उनकी नाराजगी समाप्त हो जागी नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में कल 27 योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है करोड़ों की लागत से नगर के सभी वार्डों में फिलहाल एक दो कार्य कराए जाने की सहमति बनी थी इसके बाद प्राक्कलन बनाकर टेंडर कराया गया टेंडर के माध्यम से संवेदक का चयन कर लिया गया है फिलहाल विभाग में कार्य करने कि पहले एग्रीमेंट पेपर तैयार नहीं किया है वहीं टेंडर के बाद प्रशासनिक स्वीकृति के लिए जमुई मुख्यालय भेजा गया है गौरतलब है कि नगर परिषद में पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कोई भी विकास योजनाओं का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है था कभी आवंटन की कमी तो कभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की तालमेल के अभाव के कारण विकास का कार्य आरंभ नहीं हो पाया था जिस कारण नगर वासी लापरवाही वाले रवैया को लेकर नाराज दिख रहे थे अब नगर परिषद में योजनाओं की स्वीकृति मिल गई है प्रशासनिक स्वीकृति के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# बाबा झुमराज मंदिर में लहरेगा तिरंगा , 81 फीट ऊंची गुंबद निर्माण को ले मंत्री सुमित कुमार सिंह ने दिया साढ़े पांच लाख रुपया

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई जमुई जिले के बटिया बाजार से सटे जंगली भागों में बसा प्रसिद्ध बाबा झुमराज का कायाकल्प होने जा रहा है ।नव निर्मित मंदिर में तकरीबन 81 फीट ऊंची गुंबद निर्माण के लिए विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह के द्वारा अपने निजी कोष से पांच लाख इक्यावन हजार रुपये की राशि दी गई है । इसकी जानकारी धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा गठित नई कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल एवं कोषाध्यक्ष लालू प्रसाद बरनवाल ने संयुक्त रूप से दी । कोषाध्यक्ष लालु प्रसाद बरनवाल ने बताया कि मंगलवार को धार्मिक न्यास पार्षद



पटना के द्वारा गठित नई कमेटी के सभी सदस्य जमुई जाकर मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह से मिलकर गुंबद निर्माण को लेकर सहयोग करने की बात कही , जिस पर मंत्री श्री सिंह ने बिना देरी किये अपने नीजि कोष से पांच लाख इक्यावन हजार रुपये की राशि देने की स्वीकृति दी । इधर कोषाध्यक्ष लल्लू प्रसाद बरनवाल ने बताया कि मंत्री श्री सिंह के द्वारा किया गया डोनेशन से हम कमेटी सदस्यों का होंसला और अधिक बढ़ गया है । लिहाजा बाबा मंदिर का निर्माण कार्य भव्य तरिके से किया जायेगा । उन्होंने आगे कहा कि बाबा झुमराज का मंदिर जमुई जिले में सबसे महत्वपूर्ण और अव्वल तरिके का होगा । उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल ने कहा कि जिस प्रकार लोगों द्वारा मंदिर निर्माण पर बढ़ चढ़कर हर्षोल्लास के साथ दान दिया जा रहा है।, वैसे में मंदिर की विकास के अलावा मंदिर परिसर के समीप यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी । सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर की विकास के अलावा यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल , महिलाओं के लिए शौचालय और स्नानाघर सहित मंदिर के आसपास बसने वाले सभी दुकानों में शुद्ध पानी पहुंचाया जायेगा । इसके लिए पाताल बोरिंग के साथ नल लगाने की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में कदम उठा दी गई है ।

# पक्षी पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई:-राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर केकेएम कॉलेज में पक्षी का महत्व विषय पर एक परिचर्चा की गई, जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि पक्षी हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। उनकी भूमिका न केवल प्रकृति को सुंदर और विविध बनाती हैं,बल्कि वे पर्यावरण के संतुलन और मानव समाज के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। पक्षी जैव विविधता को बनाए रखने में सहायक होते हैं,जो वैश्विक विकास के लिए महत्वपूर्ण है.पक्षियों की विविधता और सुंदरता के कारण पक्षी पर्यटन एक लोकप्रिय गतिविधि है,जिससे देश की अर्थव्यवस्था को लाभ होता है। उन्होंने कहा कि पक्षी वैज्ञानिक डॉ. सलीम को ह्बर्ड मैंन ऑफ इंडियाह्व कहा जाता है। पक्षियों के संरक्षण और अध्ययन में उनके अद्वितीय योगदानों को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। मुख्य अतिथि के बतौर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. चंद्रमा सिंह ने कहा कि डॉ सलीम अली एक महान भारतीय पक्षी वैज्ञानिक और फिजियोक्रेट्स




थे। पक्षी देश दुनिया के पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं। वे विभिन्न स्थानों पर सीड्स गिराकर वनस्पतियों के विस्तार में योगदान देते हैं,जिससे जैव विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। पक्षी खाद्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे फसल नाशक कीटों की संख्या को नियंत्रित करते हैं, जिससे फसलों की सुरक्षा होती है। भारत में प्रत्येक साल 12 नवंबर को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने डॉ सलीम के जन्म दिन को राष्ट्रीय पक्षी दिवस बनाने की घोषणा कर उनके प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि अर्पित की है। राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पक्षी और प्रकृति में गहरा संबंध है। पक्षी धरोहर के रूप में संरक्षण करना चाहिए। डॉ. सलीम पक्षियों के सबसे बड़े संरक्षक थे। इनका जन्म 12 नवंबर 1896 को मुंबई में हुआ था। पक्षियों के संरक्षण हेतु भारत सरकार को विशेष नीतियां बनानी चाहिए। इनसे हमारा पर्यावरण संतुलित रहता है। पॉलिटिकल साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि पक्षी प्रकृति का अनमोल उपहार व श्रृंगार हैं। डॉ. सलीम पक्षियों पर कई पुस्तक लिखी हैं, जिसके कारण भारत में पक्षी विज्ञान को लोकप्रियता मिली। भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। हमें पक्षियों के संरक्षण हेतु प्रयत्न करना चाहिए और उनके महत्व को समझना चाहिए, ताकि भावी पीढ़ियां भी इस प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कर सके। जूलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि पक्षी प्रकृति प्रदत्त निःशुल्क गिफ्ट हैं। पक्षी का जूलॉजिकल महत्व पारिस्थितिकी, कृषि, और वैज्ञानिक अनुसंधान के संदर्भ में अत्यधिक है। पक्षी की विविधता पर्यावरण के स्वास्थ्य का प्रमाण है। पर्यावरण प्रदूषण पक्षियों के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो रहा है। वैश्विक तपन के कारण आज गौरैया,कौवा और गिद्ध जैसे पक्षी विलुप्ति के कगार पर हैं। पक्षी संरक्षण के लिए सरकार को सख्त नीतियां बनाने की आवश्यकता है। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पक्षियों का होना आवश्यक है। यही नहीं पक्षियों से मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मानव को मिलता है। पक्षियों की चहचहाहट से मानव मन को शांति और खुशी मिलती है। कहते हैं कि प्रकृति के समीप रहना और पक्षियों के साथ समय बिताना मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। इससे तनाव में कमी आती है और मन में सुकून की भावना जागृत होती है। इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण संतुलन में पक्षियों की सार्थक भूमिका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव पक्षियों पर पड़ना चिंताजनक है। डॉ सलीम एक महान पक्षी वैज्ञानिक थे। उन्होंने पक्षियों के व्यवहार, उनकी प्रजातियों पर गहन अध्ययन किया है।

# पुजा के बाद यात्रियों को उनके गंतव्य तक की यात्रा हेतु उपलब्ध हैं कई स्पेशल ट्रेनें



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] छठ पूजा के बाद यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, जयनगर, गया, धनबाद आदि स्टेशनों से नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों के लिए पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इनमें से कुछ प्रमुख स्पेशल ट्रेन झाझा स्टेशन होकर गुजरेगी। जानकारी देते हुए रेलवे हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि गाड़ी संख्या 03188 जयनगर सियालदह स्पेशल 1 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को जयनगर से 15:25 में खुलेगी। गाड़ी संख्या 03136 पटना कोलकाता स्पेशल 27 नवम्बर से प्रत्येक बुधवार को पटना से 12:15 बजे खुलेगी। गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल सिकन्दराबाद स्पेशल 30 दिसम्बर से प्रत्येक गुरुवार को रक्सौल से 3:15बजे खुलेगी। गाड़ी संख्या 03046रक्सौल हावड़ा स्पेशल 26 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से 16:55 बजे खुलेगी। गाड़ी संख्या 06086 पटना एनार्कुलम 2 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार को पटना से 23:45 बजे खुलेगा। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में विशेष प्रबंध किए गए हैं। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था सहित क्राउड मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त रेलकर्मी और रेल सुरक्षा बल के जवान को तैनात किया गया है ।

# श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो प्रखंड के आदर्श ग्राम दहियारी में पत्रकार पंकज बरनवाल के निजि आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सह सप्ताह ज्ञान महायज्ञ मे भगवान कृष्ण का जन्म समारोह का आयोजन भव्य तरिके से किया गया , जिसे देख कर श्रोतागण झुमने पर मजबूर हो गए । भागवत कथा शुभारंभ के के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग शुरू होते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे । कथा वाचक सह आचार्य श्री टुनटुन पांडे ने कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार ओर दुराचार बढ़ता है , तब तब प्रभु का अवतार होता है । उन्होंने कहा कि प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है । मनुष्य इस सांसारिक मोह में फंस कर अपने जीवन को व्यस्त गवां देते हैं । मनुष्य अपने मन से कुविचारों को निकाल कर प्रमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है । इस दौरान भव्य तरिके से सजाये गए कथा पंडालों मे बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण कथा को ग्रहण करने पहुंचे हुए थे । कथा के अंत मे आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया । कथा आयोजक श्रीमती कमला देवी एवं उनके सुपुत्र श्री ओंकार बरनवाल , पुत्रवधु रीता बरनवाल , पुत्र इन्द्रदेव बरनवाल एवं पंकज बरनवाल पुत्रवधु मंजू बरनवाल के अलावा समाज सेवी बालकृष्ण बरनवाल , आयुष बरनवाल , रौशन बरनवाल , अंकित बरनवाल , शंभू बरनवाल , लालू बरनवाल , राकेश सिंह , आशिष बरनवाल , रंजीत गौरव , विकास बरनवाल , पवन बरनवाल , ललन बरनवाल , यज्ञोपवीत बबलू पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रधालुगण मौजूद थे ।

# धरहरा प्रखंड के सरपंच ने पुत्र के हत्यारे के लिए थाने के समीप भूख हड़ताल किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । मुंगेर जिले के धरहरा प्रखंड के दक्षिणी पंचायत के सरपंच राकेश रंजन के पुत्र इंद्रजीत की हत्या में शामिल हत्या आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय थाना के मुख्य गेट पर मृतक के परिजन एवं सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने भूख हड़ताल पर बैठे रहे सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश रंजन ने पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाते हुए कहा की हत्या के चार माह हो गए लेकिन हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है पुलिस अब तक सभी नामजद से पूछताछ नहीं किया है राजनीतिक दबाव में पुलिस हत्यारे को बचाने की कोशिश कर रही है उन्होंने कहा कि हत्याकांड मामले में नामजद की संलिप्त अगर नहीं है तो पुलिस अपने स्तर से सही हत्या आरोपित की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं कर पाई है संघ के सचिव निरंजन तांती ने कहा कि चार माह बाद भी हत्याकांड का खुलासा नहीं हो पाना पुलिस प्रशासन की नाकामी को दशार्ता है पुलिस इस मामले को दबाना चाहती है लेकिन ऐसा होने नहीं दिया जाएगा उड़ा बगीचा सरपंच प्रतिनिधि उमेश यादव ने कहा कि न्यायपालिका का अंग ही न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है इस दौरान समर्थन में धरना पर बैठे प्रखंड के अन्य सरपंच ने ई ग्राम कचहरी पोर्टल न्यू क्रिमिनल लॉ पर होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण का विरोध किया कहना था कि जब तक धराहरा प्रखंड में विधि व्यवस्था में सुधार नहीं होती एवं सरपंच पुत्र हत्याकांड का उद्वेदन नहीं हो पता तब तक धरहरा प्रखंड के सरपंच किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में भाग नहीं लेंगे। इटवा पंचायत के सरपंच निरंजन तांती महादेव कूड़ा अशोक मंडल जयप्रकाश बिना मौजूद थे इस संबंध में थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाठक ने भूख हड़ताल पर बैठे लोगों से मुलाकात कर उन्हें और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मामले का उद्वेदन किया जाएगा साथ ही मामले से बड़ी अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा गौरतलब है कि धरहरा दक्षिण पंचायत के सरपंच राकेश रंजन सिंह के पुत्र इंद्रजीत प्रताप बर्मन का अपहरण 21 जुलाई को किया गया था 23 जुलाई को उसका सब घर के पीछे आम के पेड़ से लटका मिला था।

# सनातनी महिला श्रद्धालुओं ने तुलसी पूजा कर मनाया देवोत्थान का त्योहार

तारापुर(मुंगेर)। मंगलवार को अनुमंडल क्षेत्र के असरगंज तारापुर एवं संग्रामपुर मुंगेर से श्रद्धालुओं का जन सैलाब देवोत्थान एकादशी को लेकर उत्तर वाहिनी गंगा सुल्तानगंज स्नान करने के लिए अहले सुबह से दिन के 11:00 तक सड़क मार्ग के रास्ते सुल्तानगंज जाने को लेकर भारी भीड़ रही ।गौरतलब है कि कार्तिक मास में छठ महापर्व के बद देवोत्थान का त्यौहार व दिन बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता रहा है । बताया जाता है महिला श्रद्धालुओं द्वारा कि गंगा घाट से लेकर नदी के किनारे देवोत्थान को लेकर तुलसी विवाह का आयोजन कर गीत मंगल से सभी लोगों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया ।देवोत्थान को लेकर गंगा घाट जा रही सनातनी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तारापुर प्रशासन मुख्य मार्ग में जगह-जगह सुरक्षा के करे प्रबंध किए थे ।कई सनातनी महिलाओं ने बताया कि आसिन महीने से ही हम सनातनी महिला श्रद्धालु नदी, पोखर, एवं गंगा घाट , पहुंचकर सूर्योदय से पहले पूरे नेम निष्ठा के साथ स्नान कर पूरे एक महीने तक स्वस्थ शरीर के लिए पूजा अर्चना करती हूं ।जिसका समापन हिंदू धर्म के मुताबिक देवोत्थान के दिन तुलसी पूजा कर परिवार समाज सहित देश एवं प्रदेश की खुशहाली को लेकर गंगा मैया की पूजा अर्चना करती हूं ।इस पर्व में केतारी , केला , एवं सुनी फल का विशेष महत्व माना जाता है ।

# खरीदारी : 15 नवंबर से धान क्रय की तिथि पंजीयन के लिए आवेदन की गति सुस्त

## सरकारी एजेंसियों को धान बेचने के लिए किसानों में दुविधा

- अध्यक्ष भी पैक्स चुनाव के कारण नहीं ले रहे हैं रुचि

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। सरकारी एजेंसियों के समर्थन मूल्य पर धान बेचने को लेकर इस बार किसानों दुविधा में पड़ गए हैं। सहकारिता विभाग ने 15 नवंबर से धान क्रय करने का निर्णय लिया है। लेकिन अभी तक धान खरीदारी के लिए विभाग में अपेक्षित सक्रियता नहीं देखा जा रहा है। जबकि धान क्रय शुरू होने में दो दिन शेष रहा गया है। अभी तक खरीदारी को लेकर सहकारी समितियां के बैंक खाता में राशि नहीं उपलब्ध कराई गई है ।सीसी लोन भी नहीं किया गया है। इसको लेकर निर्धारित तिथि पर धान खरीदारी शुरू होने को लेकर संयम बरकरार है। किसान पैक्स चुनाव को लेकर भी धान की खरीदारी प्रभावित होने का अनुमान लगा रहे हैं। किसानों के अनुसार निर्धारित समय पर चुनाव होने पर निश्चित तौर पर वर्तमान पैक्स भंग हो सकते हैं। ऐसे में धान खरीदने के लिए प्रशासनिक स्तर पर धान की खरीद हो सकती है। 15 नवंबर से धान खरीद शुरू करने घोषणा सहकारिता विभाग ने कर दिया है। लेकिन खरीदारी के अधिकारी और पैक्स अध्यक्ष भी कोई खास रुचि लेते नहीं दिखाई दे रहे हैं। वे चुनाव को लेकर अपने-अपने स्तर से लगे हैं ।हालांकि, इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि किसानों से धान खरीद किया जाएगा। जल्द पैक्स क्रय समितियां को कैश क्रेडिट किया जाएगा ।राशि मिलने के बाद ही धान की खरीदी हो पाती है। कैश क्रेडिट होने से किसानों को समय पर भुगतान किया जा सकेगा। ऑनलाइन पंजीकरण की रफ्तार धीमी धान बेचने के लिए सहकारिता विभाग के पोर्टल पर किसान को पंजीकरण कराना पड़ता है। समर्थन मूल्य पर धान खरीद किए जाने को लेकर ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल 25 सितंबर से खोल दिया गया है। लेकिन अब तक मात्र 50 किसान रजिस्ट्रेशन करा पाए हैं ।सहकारिता विभाग समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी के लिए विभागीय पोर्टल पर किसानों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिला सहकारिता कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को खेत की रसीद आधार कार्ड और पासबुक की प्रति लगानी होती है। इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन निबंधन करा रहे हैं। इस बार सामान्य धान की कीमत 2300 रुपए क्विंटल एवं ए ग्रेड धान की कीमत 2320 रुपए तय की गई है। विभागीय अफसरों के अनुसार विभाग द्वारा जारी पत्र के आलोक में रैयत किसानों से 250 क्विंटल एवं गैर-रैयतों किसानों से 100 क्विंटल धान की खरीद की जाएगी। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी गिद्धौर मुकेश कुमार ने बताया कि धान खरीदारी की प्रक्रिया चल रही है। विभाग से प्राप्त निर्देश पर किसान से समर्थन मूल्य पर खरीद किया जाएगा।

# नामांकन के दूसरे दिन तीन अध्यक्ष व कार्यकारणी के 20 लोगों ने भरा पर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति पैक्स चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन पैक्स अध्यक्ष पद के लिए तीन एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए 20 लोगों सहित कुल 23 लोगों के द्वारा नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। विदित हो कि प्रखंड के 10 पैक्स में से चार पैक्स में आगामी 26 नवंबर को मतदान होगा। जिसमें खपड़ा, नवगाईं, रामपुर और ददरी जाला पंचायत पैक्स सामिल हैं। मंगलवार को नामांकन के दूसरे दिन रामपुर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए नवीन कुमार चौधरी, नवगाईं पैक्स



से सत्यानंद सिंह और खपड़ा पैक्स से रंजीत कुमार सिंह ने निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। जबकि कार्यकारी सदस्य के लिए रामपुर पैक्स के अति पिछड़ा वर्ग से चार, सामान्य वर्ग से चार। नवगाईं पैक्स के सामान्य वर्ग से चार, अत्यंत पिछड़ा वर्ग से एक, एवं ददरी जाला पैक्स से अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्य पद के लिए दो, सामान्य वर्ग से दो, पिछड़ा वर्ग से दो और अत्यंत पिछड़ा वर्ग से एक कार्यकारिणी सदस्य ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी देवेंदु आलोक ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए तीन और कार्यकारी सदस्य के लिए कुल 20 लोगों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। नामांकन की अंतिम तिथि 13 नवंबर हैं ।जबकि पैक्स चुनाव के मतदान की तिथि 26 नवंबर और मतगणना 27 नवंबर को संपन्न की जाएगी।

# डूबे हुए अभिषेक का लाश बरामद, परिजन ने की पहचान

मुंगेर। मुंगेर के हेरु दियारा पंचबिया घाट पर शुक्रवार की सुबह स्नान करने के दौरान गंगा में डूबने से 20 वर्षीय अभिषेक कुमार का लाश आज चौथे दिन सोमवार के अपराह्न गोताखोरों द्वारा बाबा घाट के समीप से शव बरामद किया शव बरामद होने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान इसके पहले लाल खान चौक हसनगंज निवासी संजय यादव का पुत्र 20 वर्षीय अभिषेक कुमार शुक्रवार की सुबह दोस्तों के साथ स्नान करने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया था शुक्रवार से गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम मोटर बोर्ड की सहायता से लगातार गंगा में डूबे युवक की खोज दिन में जुटे थे डूबे युवक की खोज की मांग को लेकर रविवार को आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने लाल खान चौक पर सड़क जाम किया था इस बीच बाबा घाट के किनारे गंगा ने एक शव मिला।

# 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ़्तार

मुंगेर सदर। सोमवार को देर रात्रि बरियारपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। वहीं इसकी जानकारी देते हुए बरियारपुर थाना अध्यक्ष वीरभद्र सिंह द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर हमारी पुलिस टीम छापेमारी कर एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान कल्याणपुर निवासी स्वर्गीय रामकृपाल मंडल के पुत्र पंकज कुमार मंडल के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि हमारे थाना क्षेत्र में शराब माफिया का खैर नहीं होगा। वहीं थाना अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया कि थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से शराब के नशे में धुत चार शराबी को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी को मंगलवार को न्याय हिरासत में भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में नगर परिषद जमुई में चलाया स्वच्छता अभियान

## पीएम के प्रोग्राम से जमुई बना स्वच्छ और स्वस्थ्य




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार नगर परिषद, जमुई ने 11 नवंबर सोमवार को शहर के विभिन्न वार्डों व मौहल्ले यथा कृष्णपट्टी एवं अन्य जगहों में ब्लैक स्पॉट की साफ-सफाई करवा कर सौंदर्यकरण किया गया। नालों की सफाई के लिए जेसीबी चली। मंशा है कि किसी भी गली-मोहल्ले में कूड़े के ढ़ेर नजर नहीं आने चाहिए। क्यों कि कार्यपालक पदाधिकारी डॉ प्रियंका गुप्ता नगर परिषद जमुई की सोच है कि 15 नवम्बर को पीएम के प्रोग्राम में मेरी ओर से कोई कमी नहीं रहने पाए। प्रशासन के आला अधिकारियों ने संबंधितों को अपने-अपने क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त बनाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की टीमें जनपद को स्वच्छ बनाने में जुटी हुई हैं। सोमवार को नगर के विभिन्न वार्डों के मंदिरों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर हटाए गए। नाले-नालियों से गंदगी उठा कर फेंकी गई। नालों की सफाई और कूड़ों के ढ़ेर उठाने के लिए जेसीबी तक लगाई गई। इसके अलावा सभी सफाई कर्मचारी अपने-अपने वार्ड व क्षेत्र में नियमित सफाई करेंगे। नगर परिषद की फॉगिग मशीन के द्वारा नियमित फॉगिग भी कराई जाएगी जिससे मच्छरों का प्रकोप न हो।

सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण से संकट में बचपन

देश के कई इलाकों में इन दिनों वायु प्रदूषण को लेकर स्थिति बहुत विकराल है। दिल्ली और आसपास के कई क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या बेहद गंभीर बनी हुई है, जहां कुछ जगहों पर एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 400 के पार है, जबकि यह 50 से कम रहना चाहिए। मौसम में ठंड की शुरूआत होते ही यह हर साल की कहानी है। हाल ही में नीदरलैंड के एल्सेवियर जर्नल में प्रकाशित हुए आईआईटी दिल्ली के वायुमंडलीय विज्ञान अध्ययन केंद्र द्वारा किए गए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि दिल्ली में जून और अक्तूबर में प्रदूषण बाहरी कारकों से होता है, लेकिन सर्दियों में गंभीर प्रदूषण के लिए 72 प्रतिशत प्रदूषकों में स्थानीय कारक शामिल होते हैं। ऐसे में प्रदूषण कम करने के लिए समग्र योजना बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। वैसे वायु प्रदूषण अब एक वैश्विक समस्या बन चुका है, जिससे कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां जन्म ले रही हैं और लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक में वायु प्रदूषण के कारण दिल की बीमारियों से होने वाली मौतों में करीब 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार हवा में छोटे प्रदूषक (अदृश्य कण) हृदय की लय, रक्त के थक्के जमने, धमनियों में प्लाक बनने और रक्तचाप को प्रभावित कर रहे हैं। वायु प्रदूषण का खतरा सबसे ज्यादा छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बना है क्योंकि वे बहुत संवेदनशील होते हैं और जहरीली हवा की चपेट में जल्दी आते हैं। दरअसल वयस्कों की तुलना में छोटे बच्चे ज्यादा तेज गति से सांस लेते हैं, जिससे उनके शरीर में प्रदूषण के कण तेजी से तथा ज्यादा मात्रा में चले जाते हैं। इसी कारण वायु प्रदूषण छोटे बच्चों को बहुत जल्दी अपनी चपेट में लेता है और उनमें अस्थमा से लेकर फेफड़ों के संक्रमण तक कई बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से बच्चों के मस्तिष्क और दूसरे अंगों पर भी प्रभाव पड़ता है। देश की राजधानी दिल्ली हो या देश के अन्य प्रदूषित इलाके, छोटे-छोटे बच्चे वायु प्रदूषण की चपेट में सबसे ज्यादा आ रहे हैं। हवा में बढ़ती नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें और प्रदूषक कण बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। प्रदूषित हवा में जो जहरीले 2.5 नैनोपार्टिकल होते हैं, वे छोटे बच्चों के फेफड़ों की गहराई तक पहुंचकर उन्हें बीमार बना रहे हैं। वायु प्रदूषण छोटे बच्चों की श्वसन प्रणाली को बहुत जल्द अपनी चपेट में लेता है, जिससे उनका इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के अनुसार, बच्चों में प्रदूषित हवा के कारण निमोनिया, फेफड़ों की समस्याएं, कमजोर दिल, ब्रोंकाइटिस, साइनस और अस्थमा जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। प्रदूषित हवा के कारण फेफड़े कमजोर होने से बच्चे अन्य बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। वायु प्रदूषण के कारण समय पूर्व प्रसव या फिर कम वजन वाले बच्चे पैदा होते हैं और ये दोनों ही शिशुओं की मृत्यु के प्रमुख कारण हैं। अत्यधिक प्रदूषण में पलने वाले बच्चे अगर बच भी जाते हैं, तब भी उनका बचपन अनेक रोगों से घिरा रहता है। बच्चों पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर दुनियाभर में समय-समय पर परेशान करने वाली रिपोर्टें सामने आती रही हैं। किसी नवजात का स्वास्थ्य किसी भी समाज के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन बेहद चिंताजनक स्थिति है कि कई अध्ययनों में बताया जा चुका है कि गर्भ में पल रहे शिशुओं पर भी वायु प्रदूषण का घातक असर पड़ता है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए बहुत ज्यादा खतरनाक है। अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में रह रही माताओं के नवजात शिशु के फेफड़े सिकुडे का भी खतरा होता है।

# जलवायु कोष का सम्मेलन

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन का सालाना सम्मेलन ह्यकॉप 29ह्ल अजरबेजान की राजधानी बाकू में 11 नवंबर से शुरू हुआ है। सम्मेलन और संवाद करीब 15 दिनों तक चलेंगे। सम्मेलन का बुनियादी थीम ह्यवित्तपोषणह्ल तय किया गया है। करीब 15 साल के बाद जलवायु कोष और संसाधनों के दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के क्रांतिकारी प्रयास निरंतर जारी रहें, उनके लिए आर्थिक संसाधनों की ऐसी चिंता पहली बार की गई है। यह सिर्फ विकासशील, गरीब, पिछड़े देशों की ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े और विकसित देश भी चक्रवात, तूफान, बाढ़ जैसी बारिश, मरुस्थल जैसे सूखे और बढ़ती गर्मी को झेलते रहे हैं। वहां भी व्यापक नुकसान होता है, लोग हताहत होते हैं। जलवायु की गर्मी और निरंतर परिवर्तन वैश्विक समस्या है। जब ह्यकॉप 29ह्ल का सम्मेलन आरंभ हुआ है, तब दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमरीका में डोनाल्ड ट्रंप नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में ह्यपेरिस जलवायु समझौतेह्ल को खारिज करते हुए अमरीका को उससे अलग कर लिया था। इस बार जब राष्ट्रपति ट्रंप का दूसरा कार्यकाल शुरू होगा, तब भी अमरीका की सोच और रवैया पूर्ववत ही होगा, ऐसे संकेत मिल रहे हैं। ह्यकॉप 29ह्ल के सामने अनिश्चित भविष्य और वित्तीय संकट हैं। जलवायु परिवर्तन के 2009 के ह्यकोपेनहेगन सम्मेलनह्ल के दौरान तय किया गया था कि विकसित देश 2020 तक 100 अरब डॉलर प्रति वर्ष का कोष जुटाएंगे। उससे कमजोर, गरीब, विकासशील देशों की मदद की जाएगी, ताकि वे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को संबोधित कर सकें। 2022 तक लक्ष्य आंशिक तौर पर ही हासिल किया जा सका। इस दौरान ह्यग्लोबल साउथह्ल के वित्तीय बोझ उससे कई गुना बढ़ गए, जिसके अनुमान ह्यकोपेनहेगन सम्मेलनह्ल के दौरान लगाए गए थे। ह्यकॉप 29ह्ल बाकू में नया वित्तीय लक्ष्य तय करेगा। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे अधिक ह्यग्रीन हाउस गैसोंह्ल का उत्सर्जन भी करता है, लिहाजा अमरीका को अपनी जिम्मेदारियों से भागना नहीं चाहिए। यदि ऐसा होता है और अमरीका जलवायु परिवर्तन समझौते से अलग रहता है, तो ह्यकॉप 29ह्ल के लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता। इस बार चीन और खाड़ी देशों के वित्तीय योगदान के भी प्रयास किए जा रहे हैं। जो देश ऐसे योगदान से इंकार करते रहे हैं, क्योंकि उन देशों के लिए जलवायु संकट के हालात नहीं हैं, उनसे भी आर्थिक मदद मांगी जाएगी। उन देशों का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अमीर पश्चिमी देशों की तुलना में नगण्य-सा है। तेल और गैस का योजनाबद्ध विस्तार का आधे से ज्यादा हिस्सा पांच अमीर देशों का ही है। यह गौरतलब रहेगा कि बाकू सम्मेलन के दौरान भू-राजनीतिक न्याय, विकास और कर्ज सरीखे मुद्दों पर क्या संवाद होता है और क्या निष्कर्ष सामने आते हैं? लेकिन यह बिल्कुल ही ह्यविनाश और अंधकारह्ल की स्थिति नहीं है। ह्यकॉप फेमवर्कह्ल के समानांतर निजी क्षेत्र ने भी अपनी प्रतिबद्धताएं निभाई हैं। सरकारों और जनहितैषी वर्ग ने भी काम किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा पहले की अपेक्षा सस्ती है। सौर ऊर्जा भी पिछले दशक की तुलना में 90 फीसदी सस्ती हुई है। बैटरी भंडारण और पवन ऊर्जा में भी नाटकीय सुधार हुए हैं। चीन का उत्सर्जन चरम पर पहुंच चुका है और अब दशक के अंत तक कम होना शुरू हो जाएगा। फिर भी ये विकास, सुधार और प्रयास जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के सामने ह्यबौनेह्ल हैं। बाकू सम्मेलन इस मुद्दे पर बंटे हुए विश्व को एकजुट करने का प्रयास साबित होगा, वैश्विक हित सामूहिक होंगे, यह 15 दिन के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। इस बार सम्मेलन ज्यादा मजबूत आधार पर शुरू हुआ है, संवाद भी सशक्त रूप से होंगे। अभी तक कॉप के प्रतिनिधि एक खास तरह का कोष गठित करने पर सहमत हुए हैं। भारत यह मांग करने में अग्रसर रहा है कि देशों को 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर का कोष जुटाना चाहिए। भारत और चीन समेत कई देश जलवायु कोष को लेकर सख्त संवाद कर सकते हैं। यूरोपीय संघ जैसे विकसित देशों की भी इच्छा है कि प्रति वर्ष एक ट्रिलियन डॉलर का कोष जुटाया जाए, ताकि गरीब, पिछड़े, संवेदनशील देशों को जलवायु परिवर्तन के थपेड़ों से बचाया जा सके। बेहतर यह होगा कि विकसित देश अपने दायित्वों से दूर न भागें। विशेषकर अमरीका से अपेक्षा रहेगी कि वह अपने दायित्वों को निभाएं। यह एक ऐसा मसला है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग से ही सुलझाया जा सकता है। आशा है कि विकसित देश विकासशील देशों की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझेंगे।

# कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाती नमो ड्रोन दीदी योजना

**नमो ड्रोन दीदी योजना, पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का एक अग्रणी प्रयास है। यह पहल महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करती है, जिससे वे ड्रोन संचालित करने और स्थानीय किसानों को आवश्यक कृषि सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम हो जाती हैं। कृषि आधुनिकीकरण के साथ महिला सशक्तिकरण को जोड़कर, यह योजना सामाजिक प्रगति और आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा देती है। इस योजना में भाग लेने वाली महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित किया जाता है, जहाँ वे हवाई सर्वेक्षण, सटीक कृषि तकनीक और कीटनाशक छिड़काव सहित ड्रोन संचालन में कौशल हासिल करती हैं।**





प्रियंका सौरभ
लेखक

नमो ड्रोन दीदी सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन में योगदान दे सकती है। भारत का कृषि क्षेत्र प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के एकीकरण के साथ परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाली नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएँ सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने की क्षमता प्रदान करती हैं, जो कृषि में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करती हैं। ड्रोन उर्वरकों और कीटनाशकों के सटीक अनुप्रयोग को सक्षम करते हैं, अपव्यय को कम करते हैं और समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन रासायनिक उपयोग में 30% तक की कमी सुनिश्चित करते हैं। ड्रोन फसलों की वास्तविक समय की निगरानी की अनुमति देते हैं, फसल के स्वास्थ्य, मिट्टी की स्थिति और समय पर हस्तक्षेप के लिए प्रारंभिक रोग का पता लगाने पर डेटा प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश में, ड्रोन ने कीटों के हमलों का समय पर पता लगाने के कारण फसल के नुकसान को 20% तक कम करने में मदद की। ड्रोन फसल के विकास पैटर्न, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज के अनुमान पर सटीक डेटा प्रदान करते हैं, जिससे खेत प्रबंधन और निर्णय लेने में सुधार होता है। वैश्विक स्तर पर, ड्रोन तकनीक ने कृषि सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, ड्रोन में अपार संभावनाएं हैंः वे बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकते हैं, फसलों की निगरानी कर सकते हैं, बीमारियों या कीटों का पहले से पता लगा सकते हैं, और कीटनाशकों और उर्वरकों के सटीक उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। यह सटीक खेती का तरीका पारंपरिक खेती के तरीकों से जुड़ी लागत और बबार्दी को कम करते हुए फसल की पैदावार को बढ़ाता है। हालांकि, भारतीय कृषि में ड्रोन को अपनाना धीमा रहा है। उच्च लागत, सीमित जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे ने व्यापक कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, नमो ड्रोन दीदी योजना न केवल ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देती है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त भी बनाती है। महाराष्ट्र में तैनात ड्रोन ने किसानों को पैदावार का बेहतर अनुमान लगाने और उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाया। ड्रोन पोषक तत्वों जैसे इनपुट के परिवर्तनीय दर अनुप्रयोग की अनुमति देते हैं, विशिष्ट क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार समायोजन करते हैं, इनपुट दक्षता को अधिकतम करते हैं। उत्तर प्रदेश में, ड्रोन-सहायता प्राप्त खेती ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता भिन्नताओं के आधार पर उर्वरकों को सटीक रूप से लागू करने में सक्षम बनाया, जिससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में वृद्धि हुई। ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है। मध्य प्रदेश में एक पायलट परियोजना ने कीटनाशक छिड़काव में कम त्रुटियों को दिखाया, जिससे फसल की उपज में 15% सुधार हुआ। ड्रोन मिट्टी में नमी के स्तर का आकलन करने में मदद करते हैं, जिससे सटीक सिंचाई की सुविधा मिलती है, जिससे पानी का संरक्षण होता है और यह सुनिश्चित होता है कि केवल आवश्यक क्षेत्रों में ही पानी मिले। ड्रोन-सहायता प्राप्त सिंचाई ने गुजरात के जल-दुर्लभ क्षेत्रों में पानी के उपयोग को 15% तक कम कर दिया। इनपुट लागत में कमीः उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे इनपुट के सटीक उपयोग से, किसान लागत बचाते हैं, जिससे बेहतर संसाधन प्रबंधन में योगदान मिलता है। पंजाब में स्वयं सहायता समूह ने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन का उपयोग करके इनपुट पर 20% लागत बचत की सूचना दी। ड्रोन कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मैनुअल श्रम की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे किसानों को श्रम लागत में कटौती करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है। नमो ड्रोन दीदी के तहत ड्रोन सेवाओं को अपनाने के बाद हरियाणा के किसानों ने श्रम व्यय में 25% तक की कमी का अनुभव किया। ड्रोन तकनीक बड़े खेतों में छिड़काव और निगरानी जैसे कार्यों के लिए आवश्यक समय को काफी कम कर देती है, जिससे समग्र कृषि उत्पादकता में सुधार होता है। राजस्थान में, ड्रोन की सहायता से कीटनाशक के छिड़काव ने संचालन में लगने वाले समय को 7 दिनों से घटाकर 2 दिन कर दिया, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ड्रोन सटीक कीट प्रबंधन में मदद करते हैं, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करते हैं, जिससे दीर्घकालिक मिट्टी और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार होता है। तमिलनाडु के किसानों ने ड्रोन-सहायता प्राप्त कीट प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके फसल की गुणवत्ता में 10% सुधार की सूचना दी। नमो ड्रोन दीदी योजना खेती को आधुनिक बनाने, सटीक कृषि को बढ़ाने और इष्टतम संसाधन उपयोग सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी-आधारित कृषि की अपार क्षमता को प्रदर्शित करती है। उचित कार्यान्वयन और समर्थन के साथ, ऐसी पहल भारत के कृषि क्षेत्र को स्थिरता और बढ़ी हुई उत्पादकता की ओर ले जा सकती हैं। हालाँकि भारत कृषि में ड्रोन को एकीकृत करने वाला पहला देश नहीं है, लेकिन तकनीक के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने पर इसका ध्यान अद्वितीय है। निरंतर सरकारी समर्थन, बेहतर बुनियादी ढाँचे और किसानों की बढ़ती जागरूकता के साथ, नमो ड्रोन दीदी योजना में खेती को आधुनिक बनाने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की क्षमता है। इन चुनौतियों का समाधान करके, यह पहल लैंगिक समानता और ग्रामीण तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देते हुए कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने की मांग करने वाले अन्य विकासशील देशों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती है ये ऑपरेशन न केवल फसल की पैदावार में सुधार करते हैं, बल्कि महिलाओं को एक स्थायी आय भी प्रदान करते हैं, लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं और उनकी वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ाते हैं। जैसे-जैसे ये महिलाएँ ड्रोन तकनीक को अपनाती हैं, वे बढ़ते कृषि-तकनीक क्षेत्र में सक्रिय योगदानकर्ता बन जाती हैं।

# भारतीय कृषि में तकनीकी प्रगति से असीम संभावनाएं

**निष्कर्ष के तौर पर, भारतीय कृषि में क्रांति लाने के लिए जीएम तकनीक की क्षमता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सही नीतियों और जन जागरूकता के साथ, भारत अपनी कृषि स्थिरता को दूर कर सकता है, फसल की पैदावार बढ़ा सकता है और वैश्विक कृषि व्यापार में एक मजबूत स्थिति हासिल कर सकता है। अब समय आ गया है कि पुरानी आशंकाओं से आगे बढ़कर उन तकनीकी प्रगति को अपनाया जाए जो भारतीय किसानों को सफलता की ओर ले जा सकती हैं।**





पी. चेंगल रेड्डी
लेखक

इसमें कोई शक नही कि आनुवंशिक रूप से संशोधित तकनीक भारत में न केवल फसलों की पैदावार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकती है बल्कि यह तकनीक कृषि स्थिरता लाने में भी सहायक हो सकती है। भारत की कृषि पैदावार वैश्विक मानकों से बहुत कम है। उदाहरण के लिए, जहाँ भारत प्रति हेक्टेयर 479 किलोग्राम कपास पैदा करता है, वहीं चीन प्रति हेक्टेयर 1990 किलोग्राम कपास पैदा करता है। पिछले दो दशकों में, भारत में फसल उत्पादन में न्यूनतम प्रगति हुई है। सोयाबीन जैसी फसलों में मामूली सुधार हुआ है। 2010 में सोयाबीन की पैदावार 1006 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, जो 2024 तक बढ़कर 1200 किलोग्राम हो जाएगी। तिलहन उत्पादन 2010 में 1840 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से थोड़ा सुधरकर 2020 तक 1980 किलोग्राम हो गया। दालों में भी मामूली वृद्धि हुई, जो 2010 में 625 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 2020 तक सिर्फ.776 किलोग्राम रह गई। भारत की कृषि पैदावार वैश्विक मानकों से बहुत नीचे है। उदाहरण के लिए, जहाँ भारत प्रति हेक्टेयर 479 किलोग्राम कपास पैदा करता है, वहीं चीन प्रति हेक्टेयर 1990 किलोग्राम पैदा करता है। इसी तरह, जहाँ अमेरिका प्रति हेक्टेयर 11, 000 किलोग्राम मक्का उगाता है, वहीं भारत की पैदावार 6100 किलोग्राम है। ब्राजील की सोयाबीन की पैदावार 3600 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, जबकि भारत की पैदावार सिर्फ. 1200 किलोग्राम है। पैदावार में यह असमानता एक गंभीर मुद्दे को उजागर करती है। एक अंतरराष्ट्रीय साजिश भारत में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) तकनीक को अपनाने से रोकती हुई प्रतीत होती है, एक ऐसा समाधान जो फसल उत्पादन को 100% से 150% तक बढ़ा सकता है। यदि भारत जीएम तकनीक को अपनाता है, तो यह वैश्विक कृषि नेता के रूप में उभर सकता है, कम लागत पर अधिक उत्पादन कर सकता है, और वैश्विक कृषि व्यापार पर हावी हो सकता है। हालाँकि, गलत सूचना और अंधविश्वास जीएम फसलों के खिलाफ बदनामी अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे यह प्रगति बाधित हो रही है। 1986 से, भारत सरकार ने जीएम अनुसंधान के लिए मंजूरी दी है और धन आवंटित किया है। कई कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) जैसे संस्थान इस क्षेत्र में अनुसंधान कर रहे हैं। एक उल्लेखनीय सफलता दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. दीपक पेंटल द्वारा जीएम सरसों का विकास है, जो फसल उत्पादन को बढ़ाकर और तापमान चरम सीमाओं के प्रति लचीलापन बढ़ाकर भारतीय किसानों को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित करने की क्षमता रखता है। जीएम बीज कई लाभ प्रदान करते हैं, जैसे कीट प्रतिरोध, उच्च तापमान और भारी वर्षा के प्रति सहनशीलता, और विस्तारित शेल्फ लाइफ। ये लाभ इनपुट लागत को कम करते हैं और अंततः किसानों के मुनाफे को बढ़ाते हैं। जी.एम. शोध की देखरेख करने वाली नियामक संस्था जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल कमेटी (जी.ई.ए.सी.) केंद्रीय सरकारी अधिकारियों और प्रमुख वैज्ञानिकों की देखरेख में काम करती है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में, जहाँ भारतीय किसानों को अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है, आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है। बढ़ती फसल उत्पादन की जरूरत न केवल घरेलू खपत के लिए है, बल्कि पशु आहार और इथेनॉल तैयार करने के लिए भी है, क्योंकि आबादी के साथ-साथ इसकी माँग भी बढ़ती जा रही है। कृषि क्षेत्र को उसी स्तर के निवेश और तकनीकी उन्नति की जरूरत है, जो रक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों को दी गई है। इसकी तुलना में, भारतीय सैनिक दुनिया भर के हथियारों का इस्तेमाल करते हैं और उपभोक्ताओं के पास वैश्विक स्तर पर निर्मित कारों, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवाओं तक पहुँच है। फिर भी, कृषि क्षेत्र पुरानी नीतियों से बंधा हुआ है, जो जी.एम. बीजों जैसी अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने से रोकती हैं। उदाहरण के लिए, चीन के किसानों ने जी.एम. तकनीक का उपयोग करके प्रति हेक्टेयर 1900 किलोग्राम कपास की पैदावार हासिल की है, जबकि अमेरिकी किसान जी.एम. बीजों के उपयोग से प्रति हेक्टेयर 11, 000 किलोग्राम मक्का पैदा करते हैं। इसके विपरीत, भारतीय किसानों ने केवल मामूली उपज में सुधार देखा है, पिछले 20 वर्षों में प्रति हेक्टेयर केवल 450 किलोग्राम कपास का उत्पादन किया है। चीन और अमेरिका की सफलता की कहानियां यह स्पष्ट करती हैं कि जीएम बीजों में पैदावार में उल्लेखनीय सुधार, लागत कम करने और खेती को अधिक टिकाऊ बनाने की क्षमता है। जीएम तकनीक कीट प्रतिरोध से परे कई तरह के लाभ प्रदान करती है। यह फसलों को अत्यधिक गर्मी और वर्षा जैसी कठोर मौसम की स्थिति को सहने में मदद करती है। फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे यूरोपीय देश अमेरिका और ब्राजील से सालाना लाखों टन पशु चारा और मांस आयात करते हैं, जहां जीएम फसलों की व्यापक रूप से खेती की जाती है। भारत में, सरकार ने 2002 में जीएम बीटी कपास को मंजूरी दी 'आशाजनक संभावनाओं के बावजूद, गलत सूचना और निराधार आशंकाओं के कारण जीएम तकनीक का विरोध जारी है। यह महत्वपूर्ण है कि भारत के नीति निमार्ता उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय किसान वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और अधिक लाभ कमा सकें।

# नए सीजे आई के सामने पुरानी चुनौतियाँ

राकेश अचल

भारत के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना के सामने सभी चुनौतियाँ पुरानी हैं। देश के 51 वे मुख्यन्यायधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने पहले ही दिन एक मामले में पैरवी कर रहे वकील को झडपी देकर ये संकेत दे दिए हैं कि उनकी कार्यशैली निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस दिवय चंद्रचूड़ से कैसे और कितनी अलग होगी। नए सीजेआई की सबसे बड़ी चुनौती उनका अल्प कार्यकाल। है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना का बतौर मुख्य न्यायाधीश, कार्यकाल छह महीने का होगा. वह अगले साल 13 मई 2025 को रिटायर हो रहे हैं। हमारे देश में एक कहावत है कि - पूत के पांव पालने में दिखाई देने लगते हैं। सीजेआई खन्ना के बारे में ये कहावत कितनी लागू होती है ये जानने के लिए आपको उनके पहले दिन का काम काज देखना चाहिए। आपको पता है कि जस्टिस खन्ना साहब की भी अपनी एक विरासत है जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ की तरह। चंद्रचूड़ साहब के पिता देश के सीजेआई रह चुके थे, उनके नाम सबसे अधिक समय तक इस पद रहने का कीर्तिमान दर्ज है, जबकि जस्टिस खन्ना के पितापिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे है। जस्टिस संजीव खन्ना के चाचा देश के सीजेआई बनते-बनते रह गए थे, नए सीजेआई संजीव कहना साहब जस्टिस एचआर खन्ना के भतीजे हैं. उनके चाचा ने एडीएम जबलपुर के फैसले में असहमति जताई थी। ऐसी लोकमान्यता है कि जसिटस एच आर खन्ना के इस फैसले से नाराज सरकार ने उन्हें सीजेआई नहीं बनाया था और जस्टिस एचआर खन्ना ने इस्तीफा दे दिया था। नए सीजेआई जस्टिस जस्टिस संजीव खन्ना को 201 9 में उच्चतम न्यायालय का जज बनाया गया था। पहले ही दिन वो अपने चाचा की कोर्ट में बैठे और यहीं जस्टिस एचआर खन्ना की तस्वीर भी है। नए सीजेआई जस्टिस खन्ना शांत, गंभीर और सरल स्वभाव के हैं। पब्लिसिटी से दूर रहते हैं, लेकिन समस्या ये है की क्या मीडिया उन्हें पब्लिसिटी से दूर रहने देगी। मीडिया ने पहले ही दिन नए सीजेआई ने एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अभिभाषक मैथ्यूज नेदुमपरा को झिड़क दिया और कहा की वे यहां उनका लेक्कर सुनने नहीं आये है। वकील साहब की गलती सिर्फ इतनी थी की उन्होंने नए सीजेआई से ये कह दिया की -उच्चतम न्यायालय में केवल अडानी अम्बानी की सुनवाई हो रही है गरीबों की नहीं। वैसे भी इस समय देश कि उच्चतम न्यायालय में भाषण देने वाले वकीलों की संख्या पहले की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही बढ़ गयी है। ये वे वकील हैं जो सुर्खियों में रहने के आदी हैं। बहरहाल नए सीजेआई को हकीकत का सामना तो करना ही पडेगा, क्योंकि अतीत में उच्चतम न्यायालय में जिस तरह से क्रन्तिकारी काम हुआ है या आधे-अधूरे फैसले आये हैं, उनसे आगे निकलने की जरूरत नए सीजेआई को पड़ेगी। सब जानते हैं कि उच्चतम न्यायालय में 70 हजार से ज्यादा मामले लंबित है। हालाँकि इस दौरान पुराने सीजेआई जस्टिस डी वाय, चंद्रचूड़ साहब ने उच्चतम न्यायालय को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में काफी काम किया। पुराने सीजेआई जस्टिस चन्द्रचूड़ साहब अपने फैसलों से ज्यादा सुधारों के लिए याद किये जायेंगे। उन्होंने न्याय की प्रतीक प्रतिमा की आँखों से काली पट्टी हटवाई। हाथ से तलवार हटवाकर संविधान की प्रति दिलवाई। नए सीजेआई अपने छह माह के कार्यकाल में कोई नया इतिहास लिख पाएंगे ये कहना और ऐसी धारणा बनाना भी ठीक नहीं। उन्हें मौजूदा सरकार से टकराव की मुद्रा भी अख्तियार नहीं करना है, हालाँकि आम धरना है की वे ऐसा कर सकते हैं। आपको बता दूँ कि जस्टिस खन्ना 14 साल तक दिल्ली हाईकोर्ट में जज रहे. 2005 में एडिशनल जज और 2006 में स्थायी जज बने। जस्टिस संजीव खन्ना 18 जनवरी 2019 को वो भारत के सुप्रीम कोर्ट में जज के रूप में पदोन्नत किए गए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के अध्यक्ष पद का कार्यभार 17 जून 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक संभाला। इस समय वे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष हैं और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चोर ने स्कूल के बरामदे में लगे दो ग्रिल उखाड़ ले भागे

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनकधारी इंटर स्कूल को निशाना बनाते हुए चोरो ने स्कूल के बरामदे में लगे दो ग्रिल उखाड़ ले भागे।इस संबंध में प्रधानाध्यापिका अनिता भारती ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली छठ के छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर स्कूल पहुंची प्रधानाध्यापिका का जब बरामदे के दो-दो ग्रिल चोरी होने की खबर लगी। तो उसे देखने पहुंची। परेशान प्रधानाध्यापिका ने लिखित शिकायत की है। छावनी क्षेत्र के अलखवर्ग रोड स्थित जनकधारी इंटर विद्धालय से चोरी की घटना ने लोगो को परेशान कर दिया है।पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।बताया जाता है कि स्कूल के पीछे मैदान में असामाजिक तत्व का जमावडा.लगा रहता है।

### उत्सव के लिए मंगाया 44 केन बियर, चार लोग हुए गिरफ्तार

फतुहा। थाना क्षेत्र के सैदपुर रोड स्थित एक घर से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 44 केन बियर के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चारों लोग एक ही परिवार के बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि सभी घर में एक उत्सव पर पार्टी मनाने के लिए 44 केन बियर मंगाया था। गिरफ्तार सभी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 18लोगों ने किया नामांकन दाखिल





मसौढ़ीःनिर्वाचन आयोग के निर्देश पर मसौढ़ी प्रखंड के 13 पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर मंगलवार को दूसरा दिन 18पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया।नामांकन के पहले दूसरे दिन भी सुबह से ही नामांकन स्थल पर प्रत्याशी समर्थकों की भीड़ लगी रही जिसमें अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष देवरिया पैक्स से सत्यनारायण प्रसाद लखनौर बिदौली से रविन्द्र सिंह नदौल से संगीता देवी व राजेंद्र प्रसाद तिनेरी से अरविंद सिंह शाहबाद से अखिलेश कुमार खरात से अमन कुमार चपौर से शंकर कुमार व रेवां से गणेश प्रसाद सहित कुल 18अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल कियावही पार्टी कार्यकर्ताओ ने उम्मीदवार को नामांकन पत्र दाखिल के उपरांत उनहें फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया।

### खिलाड़ी व कोच अभय को मिला डॉक्टरेट की उपाधि

पटना सिटी (प्राकि)। खेल जगत से जुड़े और खाजेकलां के कसेरा टोली के रहने वाले अभय कुमार अतुल ने फिर परचम लहराया है। भारतीय कराटे के टीम मैनेजर, बिहार कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय कुमार को एशियन इंटरनेशनल कल्चर रिसर्च यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। वहीं इस उपाधि के लिए पटना-बिहार ही नहीं, बल्कि देश दुनिया से बधाई संदेश उन्हें मिल रहा है। इसके लिए अभय कुमार अतुल ने लोगों का आभार जताया है। वीके न्यूज के निदेशक और विश्व रिकॉर्ड धारक अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्रीमती गीता चंद्रशेखर इस समारोह में भाग लेकर बहुत खुश हैं। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अभय को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि इससे बिहार में खेल का माहौल बनेगा। भाजपा व्यवसाय मंच के प्रदेश सह संयोजक नितिन कुमार रिंकू ने अतुल को बधाई देते हुए कहा कि खेल जगत में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और बिहार

# राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 पटना में 30 नवंबर तक

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए 1 से 30 नवंबर, 2024 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 3.0 आयोजित कर रहा है। इस अभियान में होल ऑफ गवर्मेंट एप्रोच अपनाते हुए कई हितधारकों के सहयोग से, देशभर के 800 शहरों/जिलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में,पटना में भी राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 3.0 चलाया जा रहा है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के परामर्शदाता, लालता प्रसाद पाल एवं यूआईडीएआई पटना के उप निदेशक शशि रंजन ने पटना शहर के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मुरादपुर, बोरिंग रोड, रुकनपुरा, राजेन्द्र नगर एवं पटना मुख्य शाखा एवं बैंक ऑफ इंडिया की वीर चंद पटेल, फतुहा, खगौल , मनेर, नौबतपुर शाखाओं में लगाए गए शिविरों में जाकर, पेंशनभोगियों का जीवन प्रमाणपत्र जनरेट किया और उन्हें विभिन्न डिजिटल तरीकों जैसे फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय (पटना) के क्षेत्रीय प्रमुख लक्ष्मी चंद मीणा ने अपने संबोधन में बताया की इसका उद्देश्य जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिये डिजिटल सेवा का लाभ देश के हर पेंशनभोगियों को उपलब्ध कराना है। इससे अति वरिष्ठ, बीमार, अक्षम पेंशनभोगियों को अब ना तो बैंकों का चक्कर लगाना पड़ेगा और ना ही कतार में खड़ा होकर इंतजार करना पड़ेगा। केंद्र सरकार इसे लेकर काफी गंभीर है। लाभुकों के लिए बैंकों को विस्तृत दिशा-निर्देशों के साथ व्यापक परिपत्र जारी किया है। उप क्षेत्रीय प्रमुख महेंद्र कुमार श्रीवास्तव जी ने अपने संबोधन में बताया की पटना में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मुरादपुर, बोरिंग रोड, रुकनपुरा, राजेन्द्र नगर एवं पटना मुख्य शाखा में केंद्र सरकार के पेंशनभोगी एवं अन्य रिटायर्ड कर्मचारियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा 1 से 30 नवंबर तक प्रदान की जाएगी। इसी श्रृंखला मे बैक आफ इडिया के प्रबंधक पंकज देव ने बताया कि पटना में बैंक ऑफ इंडिया की वीर चंद पटेल, फतुहा, खगौल, मनेर, नौबतपुर शाखाओं में भी केंद्र सरकार के पेंशनभोगियो एवं अन्य रिटायर्ड कर्मचारियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा 1 से 30 नवंबर तक प्रदान की जाएगी। यह अभियान पेंशनभोगियों के लिए वरदान सावित होगा। केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए और अधिक ह्लसुविधापूर्ण जीवनह्व सुनिश्चित करने के लिए, नवंबर 2021 में, डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए, फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का शुभारंभ किया गया था। फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक एक ऐसी तकनीक है जिसमें किसी भी एंड्रॉइड आधारित स्मार्ट फोन से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा किया जा सकता है। इस तकनीक से बाह्य बायोमेट्रिक उपकरणों की आवश्यकता समाप्त हो गई है और जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की प्रक्रिया सुलभ और आसान हो गई है। वर्ष 2022 में विभाग द्वारा आयोजित अभियान में 1.41 करोड़ से भी अधिक डीएलसी जनरेट किए गए, जिनमें केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के 42 लाख से अधिक डीएलसी जनरेट किए गए। नवंबर, 2023 में 100 शहरों में आयोजित अभियान द्वारा कुल 1.47 करोड़ डीएलसी जनरेट किए गए थे, जिनमें से 45 लाख केंद्र सरकार के पेंशनभोगी द्वारा जनरेट किए गए।

इस वर्ष, बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, यूआईडीएआई, मेटी, रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और दूरसंचार विभाग के सहयोग से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पेंशनभोगी, विशेषरूप से वयोवृद्ध तथा अशक्त पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाणपत्र आसानी से जमा कर सकें। देशभर के विभिन्न शहरों में कई स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं और बैंक शाखाओं में कार्मिक अपने स्मार्ट फोन से पेंशनभोगियों को डीएलसी जमा करने में सहायता कर रहे हैं। साथ ही वयोवृद्ध/दिव्यांग/बीमार पेंशनभोगियों के लिए घरों/अस्पतालों में जा कर जीवन प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से जमा करने की सुविधा देने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस अभियान का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया पर और बैनरों द्वारा भी किया जा रहा है, और इसकी निगरानी विभाग द्वारा डीएलसी पोर्टल के माध्यम से की जा रही है ताकि अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाएं : चंदेश्वर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जरासंध जयंती पर केंद्र और राज्य सरकार से मांग करेंगे कि वह लोकसभा और विधानसभा परिसर में उनकी प्रतिमा लगाए। चूंकि उनकी पहचान मगध सम्राट नरेश के रूप में रही है। दूसरी कि वह समाज के लोगों से कहेंगे कि अपने बच्चों को पढ़ाएं और इस योग्य बनाएं कि मगध सम्राट की तरह वह भी समाज का नाम रोशन करें। यह बात पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने जरासंध जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को कही। दरअसल गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित जरासंध भवन में जरासंध भवन ट्रस्ट के द्वारा मगध सम्राट जरासंध भगवान की जयंती का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मगध सम्राट महाराजा जरासंध महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उन्हें फूल-माला और नैवेद्य अर्पित कर आरती उतारी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद चंद्रवंशी ने किया। आगतों का स्वागत महासचिव सरदार महाराजा सिंह सोनू ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उन सबों ने संकल्प लिया है कि समाज के गरीब परिवार के लोगों की एक साल तक मदद की जाएगी। उनके बच्चों का भी मार्गदर्शन किया जाएगा, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में वह भी आगे बढ़ सकें। अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर अजीत चंद्रवंशी, लड्डू चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, विनय कुमार बिट्टू चंद्रवंशी, चुन्नू चंद्रवंशी, काशी चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, विनय कुमार चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार चुन्नू, डॉ अजय चंद्रवंशी, नैयर इकबाल, चंद्रशेखर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई गई जरासंध जयंती



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी।अखंड भारत के चक्रवती मगध सम्राट महाराज जरासंध की 5224 वीं जयंती मंगलवार को अनुमंडल के विभिन्न जगहों पर धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में न्यूमणिचक में स्थित जरासंध महाराज के पिंडी के समीप चंद्रवंशी महासभा के अध्यक्ष अरविंद कुमार चंद्रवंशी वं उपाध्यक्ष विजय कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया।वही धनरूआ पंचायत के पूर्व मुखिया योगेन्द्र चंद्रवशी के नेतृत्व में धनरूआ प्रखंड मुख्यालय स्थित सराबोर तट पर मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती धूमधाम से मनाया गया।श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि मगध सम्राट जरासंध एक चक्रवर्ती राजा थे जिनका साम्राज्य काफी समृध्द था।आज से यह महोत्सव पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है।कार्तिक एकादशी को पूरे भारतवर्ष में जरासंध जयंती समारोह मनाया जाता है।यह आयोजन पूरे माह मनाया जाता है। चन्द्रवंशी समाज के लोग आज से पूरे जिले में इस महोत्सव का प्रचार प्रसार करेंगे तथा आने वाले समय मे पिछले वर्ष की भांति विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया जाएगा।चन्द्रवंशी समाज एक जागरूक समाज है।सभी लोग अपने अपने मोहल्ले तथा वार्ड के साथ साथ प्रखंडो में भी हर्षोल्लास के साथ जरासंध जयंती मनाएंगे।मौके पर युवा राजद के अध्यक्ष दिव्यांशु कुमार उर्फ गोलू चंद्रवंशी हिमांशु कुमार जैकी कुमार मनीष कुमार चंद्रवंशी अबोध कुमार उर्फ शेरा चंद्रवंशी दिनेश चंद्रवंशी रमेश कुमार गोविंदा अनीश कुमार कौशल चंद्रवंशी विजय सिंह नितिन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्याम बाबा का जन्मोत्सव पर पूजा, कीर्तन व आरती किया गया

## श्याम मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों, पत्तों एवं रोशनी से किया सराबोर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक के राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर श्याम मंदिर को कोलकाता से आए हुए सुप्रसिद्ध सजावटकताओं के द्वारा अनेकतरह के फूलों औरपत्तों से सजाया गया। बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार भी रंग-बिरंगे फूलों के गजरे से किया गया। मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर गली से सड़क तक रंग-बिरंगी लाइट एवं गुब्बारे से सजाया गया।

कार्यक्रम संयोजक मनीष हरलालका ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, माखन मिश्री का भोग अर्पण किया गया। कोलकाता से आए भजन गायक कुलदीप निर्मला एवं स्थानीय भक्तगणों ने भजनों की प्रस्तुति से बाबा रिझाया गया। श्याम प्रेमी भक्तों को भी भक्ति सागर में गोता लगवाते हुए ताली बजाने और झूमने को गायकों ने विवश किया। मध्य रात्रि बाबा श्याम का जन्मदिन भक्तों के द्वारा धूमधाम से नाचते, गाते हुए मनाया गया एवं बाबा को शाकाहारी केक अर्पण करने के बाद विशेष आरती की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पधार कर उत्सव का आनंद लिए एवं प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, दिलीप डिडवानिया, प्रदीप जैन, राहुल अग्रवाल, राजू गोयनका, मनीष हरलालका, श्याम सेना के सदस्य एवं अन्य भक्तगण लगे रहे।

# भगवती काली की प्रतिमाओं का विसर्जन ने बनाया बिजली संकट

## मच्छरहट्टा व खाजेकलां के उपभोक्ता बिजली संकट से रहे परेशान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर में भगवती महाकाली की प्रतिमा स्थापित कर बड़ी दिवाली के दिन से पूजा-अर्चना शुरू की गई। इनके विसर्जन का दौर लगातार अब भी जारी है। प्रतिमा की ऊंचाई अधिक होने के कारण और बीच से गुजरने वाले डिश, फाइबर एवं अन्य तार को ऊपर करने के लिए लोग वाहन पर सवार होकर फट्टी से ऊपर करते हैं। नतीजतन हादसे को टालने को ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र की बिजली बाधित कर दी जाती है। इसका सीधा असर उद्योग, व्यवसाय और घरेलू उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर महाराज घाट में बरगद के पेड़ का बड़ा डाल टूट कर बिजली के तार पर लटक गया। इस कारण से महाराज घाट, मच्छरहट्टा, टेढ़ी घाट और खाजेकलां का कुछ क्षेत्र के लोगों बिना बिजली के रहना पड़ा। वहीं दूसरी ओर सिंघी दालान में आईपीसी के जलने के कारण सुबह से लेकर अपराह्न एक बजे तक बिजली बाधित रही। स्थिति यह रही कि लोग देवोत्थान एकादशी जैसे पर्व के मौके पर बिजली संकट तो झेले ही, साथ ही पानी के लिए भी बुरी तरह से परेशान रहे। लोगों को पूजा-अर्चना करने में खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का गुस्सा बिजली विभाग के अभियंता और कामगार पर रहा। इस संबंध में पटना सिटी विद्युत कार्स प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि बड़ी दीपावली के दिन अनेक काली जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। अब तक विसर्जन का दौर जारी है। विसर्जन के लिए निकलने वाले जुलूस की समय-सीमा, तारीख या फिर निकलने वाली शोभायात्रा का समय भी नहीं बताया जाता है। अब प्रतिमाएं खासी ऊंची बनाई जा रही है। विसर्जन के लिए निकलने वाली शोभायात्रा में प्रतिमा को वाहन पर सवार करने से ऊंचाई और बढ़ जाती है। ऐसे में सुदर्शन पथ, गुरु गोविंद सिंह पथ, अशोक राजपथ से लेकर अन्य संपर्क पथों में सड़क पार कर रहे विभिन्न तरह के तार व फाइबर केबल के तार, विभिन्न कंपनियों के इंटरनेट का तार, फोन का तार को डंडा से पूजा समितियों को ऊपर करना पड़ता है। ऐसे में संभावित हादसे को टालने के लिए बड़ी प्रतिमा के विसर्जन शोभायात्रा के दौरान संबंधित क्षेत्र की बिजली काटना मजबूरी हो जाती है। ऐसे में हर तबके के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इधर महाराज घाट में बरगद का पेड़ का डाल टूट कर बिजली के तार पर लटक गया था। इस कारण से कोई हादसा न हो, इसलिए उसकी टहनीयों को काट-काट कर हटाया गया। न्इस कारण सुबह से महाराज घाट, टेढ़ी घाट, मच्छरहट्टा और खाजेकलां का कुछ क्षेत्र बिजली बाधित रहने से परेशान रहे। दूसरी और सिंघी दालान में आईपीसी के जलने के कारण बिजली बाधित रही। स्थिति यह रही कि सुबह से बाधित बिजली अपराह्न करीब एक बजे उसे ठीक करने के बाद बिजली बहाल कीजा सकी।

# काली माता की महाआरती में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## नून का चौराहा में स्थापित मां काली की मूर्ति विसर्जन को निकला शोभायात्रा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुदर्शन पथ के नून का चौराहा में दीपावली के मौके पर स्थापित भगवती काली की मूर्ति का विसर्जन मंगलवार को किया गया। गाजे-बाजे के साथ निकली प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। चौकशिकारपुर में भक्त शंकर प्रसाद अकेला ने माता की महाआरती उतारी। यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। विसर्जन शोभायात्रा चौकशिकारपुर, शहीद भगत सिंह चौक, मच्छरहट्टा, खाजेकलां, पश्चिम दरवाजा होते हुए भद्रघाट पहुंचा। विसर्जन शोभायात्रा को लेकर सुदर्शन पथ, गुरु गोविंद सिंह पथ, अशोक राजपथ पर भगत सिंह चौक से गायघाट तक वाहनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। चौकशिकारपुर स्थित गणपति भवन के पास महाआरती में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त शंकर प्रसाद अकेला ने माता की महाआरती कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। आयोजन में विनोद कुमार सोनी, आदित्य सोनी, राहुल कुमार, सूरज कुमार, शंकरलाल अग्रवाल, पंकज शुक्ला, सागर शुक्ला, अनिल कुमार, गुड्डू कुमार, एसएस सागर, सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। श्री काली पुजा समिति, नून का चौराहा की ओर से अजय झा, सुनील सिन्हा, कमला कांत शर्मा, धर्मवीर मेहता, अजय दास, मनोज कुमार, अशोक कुमार, मोहन प्रसाद, जय चौधरी, नन्दलाल, अशोक मेहता, लाला प्रकाश, दिलीप गुप्ता आदि शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और बल साथ में चल रहा था। इसके पूर्व भगवती काली को अनेक भक्तों ने चुनरी चढ़ाई और नारियल फोड़ा। महिलाओं की भी खासा भागीदारी देखी गई। प्रतिमा जिस रास्ते से होकर गई, उस ओर की बिजली एक बार फिर से बाधित की गई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ने भुसौला में लगाया स्वास्थ्य शिविर




पटना सिटी (प्राकि)। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,अगमकुआं द्वारा संचालित महिला एवं शिशु स्वास्थ्य कल्याण परियोजना द्वारा आज ग्राम भुसौला (दानापुर ब्लॉक) पटना में आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसका लाभ महिला, शिशु और पुरुषों ने लिया। उपस्थित मरीजों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा चिकित्सक परामर्श दिया गया। निःशुल्क आयुर्वेद औषधि देने के साथ ही मधुमेह की जांच की गई। यह शिविर संस्थान के प्रभारी अनुसंधान अधिकारी डॉ रोहित कुमार रावते एवं परियोजना अन्वेषक डॉ रितिका मिश्रा के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ ज्योति कुमारी ने ग्रामीणों को आयुर्वेद की उपयोगिता एवं मधुमेह रोग से बचाव, आहार व विहार के बारे में बताया गया। शिविर में नरेन्द्र, मीना फार्मासिस्ट, रमेश कुमार एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दानापुर मंडल में ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे इम्पलाईज एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

## प्रदीप को पुनः मिली मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी, रवीन्द्र बने मंडल सचिव

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर : ऑल इंडिया ओबीसी रेल्वे इम्पलाईज एसोसिएशन का मंडल स्तरीय कमिटी चुनाव, खुला अधिवेशन व आमसभा सोमवार को दानापुर मंडल ओबीसी कार्यालय में हुआ. जोनल महासचिव के निदेशानुसार जोनल वित्त सचिव विमल कुमार ने चुनाव में पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई` मौके पर मौजूद सदस्यों व कर्मचारियों के पूर्ण सहमति से प्रदीप कुमार को फिर से एकबार ओबीसी मंडल अध्यक्ष व रवीन्द्र कुमार को मंडल सचिव निर्वाचित किया गया` वहीं नीरज कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, टीवी हक, अविनाश कुमार, संजय कुमार, मनीभूषण, अजय कुमार , राजेश कुमार, सिम्पी कुमारी व निधिका राय समेत कई अन्यों को मंडल कमिटी के विभिन्न पदों के लिए मनोनीत किया गया` नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि कि जोनल महासचिव के निदेशानुसार पर्यवेक्षक विमल कुमार के देखरेख में निस्पक्ष रूप से लोकतांत्रिक ढंग से मंडल कमिटी का चुनाव सम्पन्न हुआ, चुनाव व सभा में उपस्थित सदस्यों व कर्मचारियों की सूची कल्याण निरीक्षक नीरज प्रियदर्शी को उपलब्ध करा दी गई है` मंडल अध्यक्ष प्रदीप ने आगे कहा कि एआईओबीसीआरईए के कार्यशैली, सक्रियता और रेलकर्मियों के हित व अधिकारों की लड़ाई में अनुशासित कैडर के प्रति रेल कर्मचारियों का आस्था और विश्वास में काफी वृद्धि हुई है. रेलकर्मियों से जुड़े विभिन्न मांगों के प्रति अन्य संगठनों के बिखरे संघर्ष को संगठन के के साथ एकजुट होकर मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रोटेक्शन, प्रिवेंशन एवं ट्रीटमेंट से होगा निमोनिया पर प्रहार

## हर वर्ष 12 नवंबर से 28 फरवरी तक सांस अभियान का होता है आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- प्रत्येक वर्ष 12 नवंबर से 28 फरवरी तक बच्चों को निमोनिया के दंश से बचाने के लिए 2019 से ह्लसांसह्व अभियान का आयोजन किया जाता है. मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से इस वर्ष भी अभियान की शुरूआत की गयी. अभियान सूबे के सभी जिलों में चलाया जायेगा. अभियान के दौरान विभिन्न माध्यमों से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के अभिभावकों को निमोनिया के खतरे एवं इससे सुरक्षा के उपाय के बारे में जागरूक किया जायेगा. इस बाबत आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम. एवं जिला तथा प्रखंड स्तरीय अधिकारीयों एवं कर्मियों को ट्रेनिंग दिया जा चुका है। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का प्रमुख कारण है निमोनियाः स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार निमोनिया से सबसे अधिक छोटे बच्चों को खतरा होता है. पूरे विश्व में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण निमोनिया है. प्राप्त अधिकारिक जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान आशाकर्मी गृह भ्रमण के दौरान निमोनिया के लक्षणों वाले बच्चों को चिन्हित कर बेहतर उपचार के लिए रेफर करेंगी। प्रोटेक्शन, प्रिवेंशन एवं ट्रीटमेंट से होगा निमोनिया पर प्रहारः निमोनिया पर नियंत्रण एवं बच्चों में इसकी रोकथाम के लिए राज्य में ह्लप्रोटेक्शन, प्रिवेंशन एवं ट्रीटमेंटह्व की नीति अपनायी जा रही है. इसके अंतर्गत बच्चों को 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान, 6 महीने के बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार, विटामिन ए की खुराक एवं पीसीवी, एचआईबी एवं मिजिलस का टीकाकरण जरुरी है. साथ ही बच्चों का भोजन बनाते एवं परोसते समय हाथ को अच्छे से धोना एवं बच्चों में भी खाने से पहले एवं शौच से आने के बाद हाथ धोने की आदत डालना जरुरी है. घर में मौजूद प्रदुषण एवं घर के आस पास भी प्रदुषण पर नियंत्रण कर बच्चों को निमोनिया के दंश से बचाया जा सकता है।

# उठ गए देव, गंगा में लगायी डूबकी, व्रत रख किया आराधना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उठ गए भगवान श्रीविष्णु। धरती लोक के मानव उनके आराधना और पूजा में मग्न हो गए। इसी के साथ लोगों ने मांगलिक कार्य भी शुरू कर दिए। श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा स्नान किया। सूर्य भगवान को जल अर्पण किया। विभिन्न घाटों पर स्थित शिव मंदिर से लेकर भगवती के मंदिरों में पूजा-अर्चना किया गया। देवोत्थान एकादशी पर तुलसी विवाह का आयोजन वैष्णव मंदिरों से लेकर घरों में भी किया गया। दूसरी ओर एकादशी को लेकर गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही स्नान के लिए जुटी थी। भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। भगवान विष्णु व तुलसी की पूजा-अर्चना की गई। रुख का कोशी बनाकर श्री शालिग्राम व माता तुलसी की पूजा की गई। उन्हें वस्त्र, जनेऊ, फूल माला व नैवेद्य अर्पित किया गया और आरती उतारी गई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज से देव जागृत हो जाते हैं। इसके साथ ही चातुर्मास भी समाप्त हो जाता है। सारे शुभ मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दौरान वैष्णव मंदिरों में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भक्त शामिल हुए। शक्तिपीठ छोटी पटनदेवी में तुलसी विवाह उत्सव पीठाचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। इसमें बाबा विवेक द्विवेदी, दिलीप यादव व सुधीर कुमार, रविकांत, कौशलेंद्र आदि शामिल हुए। श्री बड़ी पटन देवी में भी आयोजन विकास और भोलू गिरी की देखरेख में किया गया ।

# यूपीएससी के दूसरे टॉपर श्रवण यादव के सम्मान में समारोह आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

दुल्हिनबाजार । प्रखंड बाजार स्थित जयतु संस्कृतम् ट्यूशन सेंटर में मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के रिजर्व सूची के दूसरे टॉपर बने एनखां गांव निवासी श्रवण कुमार यादव के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत थानाध्यक्ष सोनू कुमार, सब इंस्पेक्टर बिट्टू कुमार, नगहर पंचायत के मुखिया अजीत कुमार, संस्थान के निदेशक हरि शंकर मिश्र व शिक्षाविद पूर्व शिक्षक सह डायट प्रशिक्षक अजय कुमार समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। वही संस्थान के मौजूद अतिथियों के सम्मान में छात्रों ने स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए यूपीएससी के दूसरे टॉपर श्रवण ने कहा कि सही दिशा के साथ नियमित अध्ययन करने से किसी भी क्षेत्र में सफलता मिल सकती है` वहीं अन्य अतिथियों समेत अन्य वक्ताओं ने श्रवण की सफलता पर उन्हें और उनके परिजनों को बधाई दी। जयतु संस्कृतम् ट्यूशन सेंटर के प्रांगण में आयोजित समारोह में श्रवण को अंग वस्त्र, फूल माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया` वहीं संस्थान के इंटर आट्र्स की तीसरी टॉपर तनु कुमारी को भी सम्मानित किया गया` कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक हरि शंकर मिश्र व अंकित प्रताप तथा धन्यवाद ज्ञापन रविशंकर मिश्र ने किया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, बुधवार, 13 नवंबर, 2024






## बॉलीवुड में ओटीटी से ज्यादा राजनीति है

बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर अपनी ओटीटी सीरीज दस जून की रात और उनकी एक स्टार किड के रूप में करियर के दबाव से निपटने की कहानी के बारे में बात करते नजर आए। उन्होंने इंडस्ट्री में आ रहे स्टार किड्स के भविष्य को लेकर कुछ बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि यहां बहुत से उतार चढ़ाव हैं। लोगों को लगता है कि अगर कोई स्टार किड डेब्यू करता है तो इसके लिए सब आसान ही होगा, हालांकि ऐसा होता नहीं है। उन्होंने कहा कि वे अब तक दो डिजिटल सीरीज में काम किया है, और ओटीटी उन्हें ज्यादा पसंद आया। तुषार कपूर ने स्टार किड्स को दी ये नसीहत स्टार किड्स को नसीहत देते हुए तुषार कपूर ने कहा, जब आप किसी फिल्मी सितारे के बेटे या बेटी होते हैं, तो आपको मजबूत और कठोर होना चाहिए। आप चाहे जितनी भी हिट फिल्में दें, आपको नीचे गिराने की कोशिश की जाती है। जो आपने नहीं किया है, उसे आपने जो किया है, उससे ज्यादा दिखाने की कोशिश की जाती है। अगर आप फिल्मी दुनिया से नहीं हैं, तो बहुत कम उपलब्धि के बाद भी लोग कहते हैं वाह, आपने क्या किया है!

### तुषार कपूर को भाया ओटीटी

अभिनेता ने अब तक दो वेब सीरीज में काम किया है, जिनमें दस जून की रात और बू-सबकी फटेगी शामिल हैं। तुषार कपूर ने ओटीटी को एक अच्छा मीडियम बताया है। तुषार कहते हैं, जहां तक टैलेंट की बात है तो ओटीटी आपको उसकी छूट ज्यादा देता है। मैं उन चीजों को कर सकता हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं की हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर होता है कम दबाव

बॉक्स ऑफिस का थोड़ा कम दबाव होता है और आप दर्शकों को सीधा वो दिखा सकते हैं जो आप चाहते। देखते हैं कि यह भविष्य में मेरे लिए कैसे काम करता है क्योंकि ओटीटी आपको बांधता नहीं हैं। अभिनेता दस जून की रात- चैप्टर टू में जल्द दिखाई देंगे। तबरेज खान द्वारा निर्देशित कॉमेडी-थ्रिलर में तुषार कपूर और प्रियंका चाहर चौधरी हैं।



## साउथ के निर्देशक मार्केटिंग में अच्छे नहीं, राजामौली ने अवसरों का दरवाजा खोला

सामंथा रुथ प्रभु अपनी हालिया फिल्मों से पैन इंडिया वर्ग की फिल्मों का हिस्सा बन गई हैं। उन्होंने ऐसी फिल्मों में काम किया जो रिलीज भी हुई और देश के कोने-कोने से लोगों ने पसंद भी किया। हाल ही में अभिनेत्री ने यह बताया कि उत्तर और साउथ की फिल्मों के बीच अंतर को खत्म करने में इतना समय क्यों लग गया। एक साक्षात्कार में उन्होंने दावा किया कि उत्तर और साउथ की फिल्मों के बीच के अंतर को खत्म करने में इतना समय इसलिए लगा क्योंकि साउथ निर्देशक मार्केटिंग के मामले में उतने अच्छे नहीं हैं।

### सामंथा ने बताई वजह

सामंथा रुथ प्रभु ने कहा, मैं इस बारे में नहीं सोचती कि इतना समय क्यों लगा? मुझे लगता है कि साउथ में महान फिल्म निर्माता तो हो सकते हैं, लेकिन मार्केटिंग में उतने अच्छे नहीं हो सकते हैं। मुझे लगता है कि यही एक वजह है। उन्होंने इसके लिए एसएस राजामौली को भी श्रेय दिया। उन्होंने आगे कहा, बाहुबलि की सफलता के साथ ही क्षेत्रीय सिनेमा की चुनौतियों को पार करने वाले वह शायद पहले व्यक्ति थे। अभिनेत्री ने कहा, राजामौली सर शायद पहले व्यक्ति होंगे, जिन्होंने इसके बारे में सोचा। मुझे खुशी है कि उन्होंने इसके बारे में सोचा, जिससे दरवाजे खुल गए हैं।

### सामंथा राय देने में स्पष्ट

सामंथा अपनी राय को लेकर काफी स्पष्ट और निर्भीक रही है। इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सीजन में उन्होंने एक फैन को करारा जवाब दिया था, जिसने उनसे कहा था कि उन्हें थोड़ा वजन बढ़ाना चाहिए। सामंथा ने लोगों से कम आलोचनात्मक होने की अपील की और बताया कि उन्हें एंटी इंफ्लेमेटरी डाइट लेकर अपने वजन पर सख्त नियंत्रण रखना है। उन्होंने कहा, एक अन्य वजन वाला कमेंट। मैंने देखा कि मेरे वजन को लेकर सभी को बहुत चिंता है। अगर आपलोगों को मालूम हो कि मैं सख्त इंफ्लेमेटरी डाइट पर हूं। यह मेरे लिए बहुत आवश्यक है, क्योंकि यह मुझे वजन बढ़ाने से रोकता है। लोगों को आंकना बंद करें। उन्हें जीने दें, यह 2024 है। फिल्मों की बात करें तो सामंथा की हालिया रिलीज सिटाडेल- हनी बनी को फैंस ने काफी ज्यादा पसंद किया। यह सीरीज अमेजन प्राइम पर सात नवंबर को रिलीज हुई थी।



## मृणाल कुलकर्णी की 'ढाई आखर' रिलीज को तैयार

हिंदी की फिल्मों को हिंदी के साहित्य से जोड़ने की एक अनूठी कोशिश करती फिल्म 'ढाई आखर' के मर्मस्पर्शी ट्रेलर ने रिलीज होते ही लोगों का दिल जीत लिया है। अमरीक सिंह दीप के उपन्यास 'तीर्थाटन के बाद' से ये फिल्म अपना आधार पाती है और इसके संवाद असगर वजाहत ने लिखे हैं। हिंदी सिनेमा के एक और स्तंभ गीतकार इरशाद कामिल ने भी फिल्म को काव्यमयी आकार देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस फिल्म का प्रीमियर पिछले साल गोवा में आयोजित भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है, अब ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 'ढाई आखर' के ट्रेलर की शुरुआत प्रेम पत्र की कुछ बहुत ही खूबसूरत पंक्तियों से होती है, तुम्हारा प्यार मेरे लिए एक हवा के ऐसे झोंके की तरह का हैं कलियों के चटकने की आवाज के जैसा। इसी से पता चलता है कि ये फिल्म एक चलताऊ किस्म की फिल्म न होकर एक गूढ़ अर्थ को अपने विषय में समेटकर आगे बढ़ना चाहती है। और, फिर जब ट्रेलर का ये संवाद सुनने वालों के कानों पर हथौड़े की तरह चोट करता है, तो दर्शक एकदम से सजग हो जाता है। संवाद है, 'अनचाहे मर्द के साथ शादी करना, उसके साथ सोना और उसके अंश को धारण करना पाप होता है।' 2 मिनट और 40 सेकंड के इस ट्रेलर में फिल्म 'ढाई आखर' की प्यार और मानवीय रिश्ते की कहानी को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया है। पिछले साल इफ्फी गोवा में प्रतिष्ठित पैनोरमा सेक्शन में चयनित निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म 'ढाई आखर' को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों ने काफी प्रशंसा की थी। अब ये फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

फिल्म 'ढाई आखर' हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही। वह पत्रों के माध्यम से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है लेकिन विधवा होने के कारण उनका यह संबंध पुरुष प्रधान समाज परिवार को स्वीकार नहीं होता। हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी फिल्म में हर्षिता के रोल में नजर आएंगी। निर्देशक प्रवीन अरोड़ा कहते हैं कि फिल्म ढाई आखर एक प्रेम कहानी को बहुत ही मासूमियत और प्रभावशाली तरीके से बताती है। वहीं, अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी के मुताबिक, फिल्म 'ढाई आखर' में प्रेम को लेकर समाज के दोहरे रवैये को दिखाया गया हैं। फिल्म की चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी आधिकारिक स्क्रीनिंग हो चुकी है। कंबोडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्पेशल जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया था। फिल्म 'ढाई आखर' की शूटिंग उत्तराखंड की खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है।

## डॉक्यूमेंट्री के जरिए फैंस को अपनी दुनिया से परिचित कराना चाहती हूं

नयनतारा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपने अभिनय के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। अब वह अपनी डॉक्यूमेंट्री लेकर भी आ रही हैं। यह डॉक्यूमेंट्री 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर दिखाई जाएगी। इसमें नयनतारा के जीवन के कई पहलुओं को दिखाया जाएगा, उनके पुराने रिश्ते भी इसमें शामिल होंगे। अभी जो ट्रेलर आया है, उसमें नजर आ रहा है कि नयनतारा और नागार्जुन के बीच जो रिश्ते रहे, वे कैसे थे? उनके पुराने रिश्ते की झलक इसमें नजर आई है। नयनतारा की इस डॉक्यूमेंट्री में उनके सफल फिल्मी करियर के बारे में विस्तार से दिखाया जाएगा। साथ ही उनके परिवार और शादी-शुदा जीवन से जुड़ी बातें भी इसमें शामिल होंगी। उनके साथ काम करने वाले लोग नयनतारा के बारे में क्या सोचते हैं, इस पर उन लोगों के विचार भी दिखाए जाएंगे। सिर्फ फिल्मों और परिवार के बारे में ही नयनतारा की इस डॉक्यूमेंट्री में बात नहीं होगी। उनके और नागार्जुन के रिश्ते पर भी बात की जाएगी। दोनों के रिश्ते कैसे रहे, इस बारे में दर्शकों को पता चलेगा। साथ ही एक अभिनेत्री के रूप में किस तरह से नयनतारा ने संघर्ष किया, यह भी डॉक्यूमेंट्री में साझा किया जाएगा। अपनी डॉक्यूमेंट्री के बारे में नयनतारा कहती हैं, यह डॉक्यूमेंट्री फैंस के लिए मेरी तरफ से एक उपहार है। मैं उन्हें अपनी दुनिया से परिचित कराना चाहती हूं। मैं अपने फैंस का धन्यवाद भी देना चाहती हूं कि वे हर कदम पर मेरे साथ रहे।



## द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू, विवेक अग्निहोत्री ने साझा की जानकारी

विवेक अग्निहोत्री गंभीर विषयों पर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्म बनाने के बाद उन्हें देश के कोने-कोने में पहचाना जाने लगा। द वैक्सीन वॉर के बाद अब निर्देशक ने अपनी नई फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है।

### विवेक ने साझा किया अपडेट

विवेक ने सोशल मीडिया के जरिए बताया है कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्देशक ने एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, शुभारंभ! आपके आशीर्वाद से आज द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हुई। यूनिट की सभी देवियों ने पूजा संपन्न की। हे मां... हमें यह कठिन और दर्दनाक कहानी को पूरी ईमानदारी और निर्भीकता से कहने का साहस दीजिए।

### व्यापक शोध का है निर्देशक का दावा

विवेक की ओर से साझा किए गए वीडियो में फिल्म के पर्दे के पीछे के दृश्य को देखा जा सकता है। इस फिल्म को लेकर निर्देशक काफी समय से चर्चा बटोर रहे हैं। उन्होंने फिल्म के लिए व्यापक शोध करने का दावा किया भी किया है। उन्होंने अपनी फिल्म के लिए जानकारी जुटाने के लिए केरल से कोलकाता और फिर दिल्ली की यात्रा की है।



द कश्मीर फाइल्स के बाद निर्माता अभिषेक अग्रवाल ने एक बार फिर से इस फिल्म के लिए विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ हाथ मिलाया है। उनका प्रोडक्शन बैनर अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और विवेक अग्निहोत्री का अपना प्रोडक्शन हाउस आई एम बुद्धा साथ मिलकर द दिल्ली फाइल्स का निर्माण कर रहे हैं।



## सूर्या को अपनी प्रेरणा मानते हैं एसएस राजामौली

निर्देशक एसएस राजामौली ने कंगुवा की प्री रिलीज इवेंट में हैदराबाद में सूर्या को लेकर कुछ बातें कही हैं। एस.एस. राजामौली ने सूर्या को अखिल भारतीय फिल्में बनाने के लिए अपनी प्रेरणा बताया है। हालांकि, जब सूर्या के साथ काम करने का मौका उनको मिला तो ये उनके हाथ से चला गया।

सूर्या ने किया था गजनी का प्रमोशन


इस इवेंट में बात करते हुए एस.एस. राजामौली ने कहा कि सूर्या ने उनकी फिल्म गजनी का प्रमोशन तेलुगू शहरों में किया था। सूर्या ही उनकी भारतीय फिल्मों को बनाने का एक मात्र कारण हैं। राजामौली जब सूर्या के बारे में बात कर रहे थे, तो वे भावुक हो गए। वे दौड़कर मंच पर गए और फिल्म निर्माता को गले लगा लिया।

### सूर्या को अपनी प्रेरणा मानते हैं एसएस राजामौली

निर्देशक ने कहा, मैंने सूर्या को एक केस स्टडी के रूप में देखा था, उन्होंने तेलुगु में मेरी फिल्म गजनी का प्रचार किया था, उस समय साल 2005 में, उन्होंने तेलुगु राज्यों का दौरा किया और अपनी फिल्मों का प्रचार किया और तेलुगु दर्शकों का प्यार जीतने के लिए हर संभव प्रयास किया। वह हमारी फिल्मों को दूसरे राज्यों में ले जाने के लिए मेरी प्रेरणा थे। मैं अपने तेलुगु अभिनेताओं और निर्माताओं को अभिनेता सूर्या के नक्शेकदम पर चलने के लिए कहता था।

### दिखाबटी बातों पर ध्यान नहीं देते सूर्या

सूर्या को लेकर राजामौली ने कहा कि उन्होंने फिल्म निर्माताओं की दिखावटी बातों पर ध्यान देने के बजाय ऐसी फिल्में चुनीं जिनकी कहानियां आकर्षक हों। खबरों की मानें तो फिल्म मगधीरा को सूर्या ने रिजेक्ट कर दिया था, ये फिल्म बाद में रामचरण के पास चली गई और बहुत बड़ी हिट हुई थी। सूर्या ने कहा कि राजामौली ने मेरे साथ काम करने का मौका नहीं खोया बल्कि मैंने उनके साथ काम करने का मौका गंवा दिया। मैं उनकी बहुत प्रशंसा करता हूं। मुझे उनकी एक्टिंग और उनकी ऑनस्क्रीन मौजूदगी बहुत पसंद है।



## ...अब महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे नाग अश्विन, आलिया से मिलाया हाथ?

कल्कि की सफलता के बाद फिल्म निर्देशक नाग अश्विन अब महिला प्रधान फिल्म बनाने वाले हैं। इसे लेकर वह बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आलिया इस भूमिका में बिल्कुल फिट बैठती हैं और एसएस राजामौली की आरआरआर के बाद एक और विशाल पैन इंडिया फिल्म काम करने के लिए तैयार हो गई हैं। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है। सूत्रों ने कहा, अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। यह किरदार कुछ ऐसा है, जिसे आलिया के लिए तैयार किया गया है। हालांकि, इसकी कहानी अभी तक गुप्त रखी गई है। नाग अश्विन अपनी रचनात्मक कल्पना के लिए जाने जाते हैं। ऐसे फिल्म निर्देशक के साथ काम करना आलिया भट्ट के करियर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है। वैजयंती फिल्म्स सर्वोच्च प्रोडक्शन मूल्य सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़े।



# व्यापार

सेंसेक्स
78675.18 पर बंद
निफ्टी
23883.45 पर बंद

सोना
75,340
चांदी
95,000

## संक्षिप्त समाचार

### रोज़ाना की डाइट में बादाम को शामिल करें और ब्लड शुगर लेवल पर लगाम लगाएं

**मुंबई, एजेंसी।** हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। भारत, जिसे दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में जाना जाता है, एक बढ़ती चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 101 मिलियन भारतीयों को डायबिटीज है, जबकि 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं। यह खासतौर से हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन में बदलाव लाकर, डायबिटीज की असरदार प्रबंधन रणनीतियों को अपनाने के महत्व को उजागर करता है। डायबिटीज को काबू में रखने का एक तरीका यह भी है कि हमें बादाम जैसे पौष्टिक फूड को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और डाइटरी फाइबर शामिल हैं। ये पोषक तत्व ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने में मदद करते हैं।

### मारुति सुज़ुकीने लॉन्च की नई डिजायर जिसमें है बेजोड़ स्टाइल, अतुल्नीय प्रदर्शन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने आज, शानदार नई डिजायर को पेश किया है। मारुति सुजुकी के पोर्टफोलियो में सबसे सफल और प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक के रूप में, डिजायर ने देशभर में 27 लाख से ज्यादा ग्राहकों का भरोसा हासिल किया है। शानदार नई डिजायर को इसकी विरासत और बेजोड़ स्टाइल, आराम और विश्वसनीयता की मजबूत नींव पर फरि से तैयार किया गया है। अपनी प्रगतिशील डिज़ाइन, आलीशान टू-टोन इंटीरियर्स और सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स की श्रृंखला के साथ, शानदार नई डिजायर एक विशिष्ट और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। युवा और समझदार लोगों के लिए तैयार की गई, जो कारों को अपने व्यक्तित्व के प्रतिबिंब के रूप में देखते हैं, नई डिजायर का उद्देश्य परफॉर्मेंस, सॉफिस्टिकेशन और कम्फर्ट के साथ स्टाइल को सहजता से एकीकृत कर एक गेम-चेंजर बनना है। नेक्स्ट जेन जेड-सीरीज इंजन के साथ, नई मारुति सुज़ुकी डिजायर भारत की सबसे अधिक ईंधन कुशल सेडान के रूप में बेजोड़ मूल्य प्रदान करने का वादा करती है। नई डिजायर को पेश करते हुए हिसाशी ताकेउचि, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, मारुति सुज़ुकी डिजायर लंबे समय से कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में उत्कृष्टता की पहचान के रूप में खड़ी है, और ग्राहकों की पसंद ने इसे साल दर साल भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान3 कार बना दिया। प्रत्येक नई पीढ़ी के साथ, इसने बाजार में एक नई क्रांति पैदा की है और ग्राहकों की अपेक्षाओं को नए ढंग से परिभाषित किया है। शानदार नई डिजायर स्टाइलिंग, परफॉर्मेंस, फीचर्स और सेफ्टी पर जोर देने के साथ स्थायी विरासत को मजबूत करने का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# सोने की कीमत में भारी गिरावट, 2554 रुपये लुढ़क गई चांदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शादी में अगर आप सोना-चांदी खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए बड़ी खबर है। सर्राफा बाजारों में मंगलवार 12 नवंबर यानी आज सोने-चांदी के भाव में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आज 24 कैरेट सोना 1519 रुपये सस्ता होकर 75321 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। जबकि, चांदी के भाव में आज 2554 रुपये की भारी गिरावट है। यह रेट आईबीए का है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। आज चांदी 88305 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली।

### 14 से 23 कैरेट गोल्ड के रेट

आज 23 कैरेट गोल्ड का रेट आज 1513 रुपये सस्ता होकर 75019 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 1391 रुपये गिरकर 68994 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।



दूसरी ओर 18 कैरेट गोल्ड के रेट में आज 1139 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है और यह 56491 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड का भाव आज 888 रुपये गिरकर 44063 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला।

### शुद्धता की पहचान करना बहुत जरूरी

शादियों के इस सीजन में सोना खरीदने से पहले उसकी शुद्धता की पहचान करना बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी धोखाधड़ी से बचने के लिए हॉलमार्क के निशान वाले सोने के आभूषण ही भरोसेमंद ज्वेलर्स से खरीदने चाहिए। यहां कुछ ऐसे आसान तरीके बताए जा रहे हैं, जिनकी मदद से खरे सोने की पहचान की जा सकती है।

### शुद्ध सोना कितने कैरेट का

सोने का सबसे शुद्ध रूप 24 कैरेट का होता है। यह बहुत मुलायम होता है। यही कारण है कि इससे गोल्ड ज्वेलरी नहीं बन सकती है, इसलिए अगर कोई जौहरी यह दावा कर रहा है कि वह 24 कैरेट के सोने की ज्वेलरी दे रहा है तो वह आपके साथ धोखा कर रहा है। आमतौर पर सोने के गहने और अन्य वस्तुएं बनाने के लिए 14 से 22 कैरेट सोने का इस्तेमाल होता है। इसमें अधिकतम 91.6 प्रतिशत सोना होता है। इसके अलावा गोल्ड ज्वेलरी आइटम्स को मजबूती देने के लिए उसमें चांदी, तांबा और जिंक जैसी धातुओं को मिलाया जाता है। इसलिए सोना खरीदने से पहले हमेशा कैरेट की जांच करें।

## तीसरी बार बोनस शेयर बांटने जा रही कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर पावर कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर मंगलवार को 4 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 788.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी अपने शेयरहोल्डर्स को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में है। केपीआई ग्रीन एनर्जी ने अनाउंस किया है कि उसकी बोर्ड बैठक 14 नवंबर को होनी है, इस मीटिंग में बोनस शेयर जारी करने पर विचार किया जाएगा। अगर बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी मिलती है तो यह साल 2024 में दूसरा मौका होगा, जब केपीआई ग्रीन एनर्जी अपने निवेशकों को फ्री शेयर देगी। केपीआई ग्रीन एनर्जी दो साल में दनादन तीसरी बार बोनस शेयर देने की तैयारी में है। सोलर पावर कंपनी ने जनवरी 2023 में अपने शेयरहोल्डर्स को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिया। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा। केपीआई ग्रीन एनर्जी ने फरवरी 2024 में भी 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। कंपनी ने जुलाई 2024 में अपने शेयरों का भी बंटवारा किया है। केपीआई ग्रीन एनर्जी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 2 शेयरों में बांटा है। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में धुआंधार तेजी आई है। पिछले 4 साल में सोलर पावर कंपनी के शेयर 8150 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर 12 नवंबर 2020 को 9.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 12 नवंबर 2024 को 788.85 रुपये पर जा पहुंचे हैं। वहीं, पिछले 2 साल में कंपनी के शेयरों में 475 पर्सेंट की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है।

# नियमों के उल्लंघन मामले में अमेजन और फ्लिपकार्ट को समन भेजेगी सरकार, पांच साल में हुएलेनदेन की होगी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के उल्लंघन के मामले में सरकार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन और फ्लिपकार्ट को पूछताछ के लिए समन जारी कर सकती है। सूत्रों ने बताया, पिछले सप्ताह अमेजन और फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं के यहां छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज की जांच के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों कंपनियों के अधिकारियों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। विक्रेताओं के कारोबारी आंकड़ों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के साथ पांच साल में हुए लेनदेन की जांच भी होगी।




अमेजन के दो और फ्लिपकार्ट के चार बड़े विक्रेताओं के यहां शनिवार तक तलाशी अभियान चला।मिले दस्तावेज से साबित हो गया कि विदेशी निवेश नियमों का उल्लंघन हुआ है। छापे में पता चला कि दोनों प्लेटफॉर्म का इन्वेंट्री पर शुरू से अंत तक नियंत्रण था और विक्रेताओं का सिर्फ नाम था। 2021 में अमेजन के आंतरिक पेपर्स के आधार पर रॉयटर्स की जांच से पता चला कि कंपनियों ने कुछ सबसे बड़े विक्रेताओं की इन्वेंट्री पर महत्वपूर्ण नियंत्रण रखा है। दरअसल, अमेजन व अन्य कंपनियों की प्रतिस्पर्धी-रोधी कारोबार प्रथाओं के कारण छोटे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है, इसलिए इन पर निगरानी रखी जा रही है। चुनिंदा विक्रेताओं को फायदा पहुंचाने के आरोप में हाल ही में दोनों कंपनियों के विक्रेताओं के यहां ईडी ने छापेमारी की थी। सूत्रों में से एक ने सोमवार को कहा, कभी अमेजन के सबसे बड़े भारतीय विक्रेता रहे अप्पारियो के यहां भी पिछले सप्ताह छापा मारा गया था। अप्पारियो को आंतरिक रूप से एक विशेष व्यापारी के रूप में बताया गया था। अन्य विक्रेताओं के विपरीत इन्वेंट्री प्रबंधन जैसी चीजों के उपयोग के लिए अप्पारियो को फायदा पहुंचाया गया था।

नियमों के मुताबिक, विदेशी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स भारत में इन्वेंट्री नहीं रख सकते हैं। वे केवल ऑनलाइन बाजार के तौर पर काम कर सकते हैं। भारत के करीब 5.91 लाख करोड़ रुपये के ई-कॉमर्स बाजार में अमेजन और फ्लिपकार्ट की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। डेटाम इंटेलिजेंस का अनुमान है कि बीते साल भारतीय ई-कॉमर्स में फ्लिपकार्ट की 32 फीसदी व अमेजन की 24 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है। यह देश के कुल 834 अरब डॉलर के खुदरा बाजार का 8 फीसदी हिस्सा है।

### जोमैटो और स्विगी पर भी चल रही जांच

उधर, प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ऑनलाइन फूड डिलीवरी मंच जोमैटो और स्विगी के खिलाफ जांच कर रहा है।इन दोनों पर चुनिंदा रेस्टोरेंट चेन को फायदा पहुंचाने का आरोप है। हालांकि, दोनों कंपनियों ने जांच की खबरों को भ्रामक बताया है। इसके साथ हीजोमैटो ने कहा कि वह देश के कानूनों का पालन करती है।आयोग ने पांच अप्रैल 2022 की सूचना के बाद से कोई आदेश पारित नहीं किया है। वहीं, स्विगी का कहना है कि वह नियमों का पालन करने को प्रतिबद्ध है।

# आईपीओ का रिकॉर्ड टूटा: दिसंबर तक 1.50 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है आंकड़ा, 2021 में 1.19 लाख करोड़ का था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में आईपीओ का रिकॉर्ड टूट गया है। इस साल अब तक कुल 72 कंपनियों ने इश्यू के जरिये 1,21,745 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले 2021 में 63 कंपनियों ने 1.20 लाख करोड़ जुटाए थे। 2017 में 75,279 करोड़ की तीसरी सबसे बड़ी रकम जुटाई गई थी। विश्लेषकों के मुताबिक आईपीओ का यही रुझान बना रहा तो दिसंबर तक कंपनियां 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटा सकती हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने में अब तक चार कंपनियों ने18,533 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें सबसे अधिक 11,327 करोड़ रुपये स्विगी ने जुटाए हैं। इस महीने अभी भी 10 आईपीओ आने वाले हैं। इसमें सबसे बड़ा 10,000 करोड़ रुपये एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का होगा। एचडीएफसी बैंक की कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल भी बाजार में आने वाली है। इसने 12,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के पास मसौदा जमा करा दिया है। 10,000 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल होगा। दिसंबर तक आईपीओ से रकम जुटाने वाली कंपनियों की संख्या 90 तक पहुंच सकती है। वैसे आईपीओ की संख्या के लिहाज से रिकॉर्ड टूट चुका है। 2021 में




63 कंपनियों ने 1.20 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। 2023 में 58 कंपनियों ने 49,437 करोड़ व 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ जुटाए थे।

एसएमई कंपनियों ने पिछले 12 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। 216 कंपनियों ने इस साल 8,124 करोड़ जुटाए हैं। 2012 में एसएमई प्लेटफॉर्म के लॉन्च होने के बाद यह सर्वाधिक रकम है। इससे पहले 2023 में 182 कंपनियों ने 4,967 करोड़ रुपये की रकम जुटाई थी। सबसे ज्यादा कैपिटल गुड्स की कंपनियां : सबसे अधिक 21 कंपनियां कैपिटल गुड्स क्षेत्र की रही हैं। इसके बाद सेवा क्षेत्र की 9 और कंस्ट्रक्शन की 8 कंपनियां रही हैं। अन्य क्षेत्र की 24 कंपनियां रही हैं। 2023 में कैपिटल गुड्स की 27 कंपनियां बाजार में उतरीं थीं। इस साल आईपीओ में विभोर स्टील को सबसे अधिक 324 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। मानबा फाइनेंस को 224 गुना, केआरएन हीट को 213 गुना, गाला प्रीसीजन को 201 गुना और यूनिकॉर्न ई-सोल्यूशन को 168 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। फायदा देनेवाले में केआरएन हीट ने 167 फीसदी का लाभ दिया है। प्रीमियर एनर्जी ने 150 फीसदी, भारती हेक्सॉकॉन ने 142 फीसदी का फायदा दिया है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर बनाती है कंपनी, अब उत्तर प्रदेश से मिला बड़ा ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए चार्जर बनाने वाली कंपनी सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। दरअसल, कंपनी को एक नया ऑर्डर मिला है। कंपनी के शेयर आज खुलते ही 1.3 प्रतिशत चढ़कर 190.40 रुपये पर पहुंच गए थे। यह इसका इंट्रा डे हाई प्राइस भी है। इससे पहले बीते सोमवार को यह शेयर 187.82 रुपये पर बंद हुआ था। हालांकि, आज दोपहर के कारोबार के दौरान इस शेयर में कुछ मुनाफावसूली देखी गई और 2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई थी।




बता दें कि सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि उसे उत्तर प्रदेश न्यू और रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी से 2 मेगावाट ऑन-ग्रिड सौर फोटोवोल्टिक पावर प्लांट का ऑर्डर मिला है। सर्वोटेक उत्तर प्रदेश के 67 रणनीतिक स्थानों पर इन ऑन-ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्रों को डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित और चालू करेगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, विश्वसनीय और सस्ती सौर ऊर्जा से सशक्त बनाएगी। बता दें कि पिछले महीने ही कंपनी को बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (ब्धस्ष्ट्ररू) से 11 डीसी फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट मिला था।

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर इन दिनों पस्त चल रहे हैं। पिछले पांच दिन में यह शेयर 3 प्रतिशत और महीनेभर में 5 प्रतिशत गिरा है। इस साल अब तक यह शेयर 138 प्रतिशत चढ़ गया है। इस दौरान इसकी कीमत 77 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई। सालभर में कंपनी के शेयर 145 प्रतिशत तक चढ़ गया है। पांच साल में सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर 7200 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। इस दौरान यह शेयर 2.52 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 205.40 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 73 रुपये है।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉन्च किया सोने की हैंडक्राफ्टेड ज्वेलरी का उत्कृष्ट कलेक्शन स्वर्णकृति


**मुंबई , एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी गोल्ड एंड डायमंड रिटेल चेन में से एक एवं जिम्मेदार ज्वेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपना नया एक्सक्लूसिव कलेक्शन स्वर्णकृति पेश किया है, इस क्लासिक क्यूरेशन को बेहद कुशल कारीगरों ने तैयार किया है, जिसमें भारत की समृद्ध विरासत और समकालीन डिजाइनों की साथ.साथ सुंदर झलक मिलती है



स्वर्णकृति उन महिलाओं को समर्पित है, जो परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाते हुए टाइमलेस एलीगेंस व शक्ति की प्रतीक बनी हुई है, इस कलेक्शन के हर आभूषण को सावधानी के साथ हाथों से तैयार किया गया है, जिनमें जटिल पैटर्न नाजुक फिलिग्री और ऑर्नेट डिटेल्स हैं जो भारत की गौरवशाली विरासत के बारे में बताते हैं मलाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने लॉन्च के अवसर पर कहा स्वर्णकृति के साथ हम न सिर्फ सोने की हैंडक्राफ्टेड ज्वेलरी की सुंदरता को सामने ला रहे हैं, बल्कि इस कलेक्शन के हर आभूषण में विरासत और भव्यता की झलक है।

# विबग्योर वर्ल्ड एकेडमी ने भोपाल में भविष्य के लिए तैयार कैम्ब्रिज शिक्षा का अनावरण किया

**भोपाल।** के-12 स्कूलों के अग्रणी नेटवर्क विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने कोर्टयार्ड बाय मैरियट, डीबी सिटी मॉल, भोपाल में विबग्योर वर्ल्ड एकेडमी के लिए एक बहुप्रतीक्षित ओरिएंटेशन सत्र की मेजबानी की, जो सफल साबित हुआ। शहर के माता-पिता इस कार्यक्रम में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन (सीआईई) पाठ्यक्रम का व्यापक परिचय दिया गया, जो भोपाल में नई विबग्योर वर्ल्ड अकादमी की आधारशिला होगी। श्री द्वारा स्थापित रुस्तम केरावाला, विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने भारत के 15 शहरों में 39 स्कूलों का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित करके दो दशकों से अधिक की विरासत बनाई है। विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, समूह अब कैंब्रिज शिक्षा के साथ भोपाल में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर गर्व महसूस कर रहा है, जो छात्रों को तेजी से वैश्वीकृत दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और दृष्टिकोण से लैस कर रहा है। इस सत्र के माध्यम से, माता-पिता को यह सीखने का विशेष अवसर दिया गया कि कैंब्रिज इंटरनेशनल ढांचा कैसे उनके बच्चों को तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान कर सकता है।



# शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी वापसी

## मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलेंगे रणजी ट्रॉफी मैच

**कोलकाता (एजेंसी)**। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ ने यह



घोषणा की। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। उनका लक्ष्य बेंगलुरू में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़े रिहैबिलिटेशन के बाद मैच स्थिति में मैच फिटनेस साबित करना होगा।

बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव नरेश ओझा ने बयान में कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम और बंगाल रणजी ट्रॉफी को स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे बंगाल के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने से मजबूती मिलेगी।

ओझा ने कहा कि शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद भारत के थिंक टैंक की नजरें भी उनके प्रदर्शन पर टिकी होंगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए आकाश दीप, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे अनुभवहीन तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया है।

मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और खलील अहमद भी रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल हैं लेकिन इन्हें भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का अधिक अनुभव नहीं है। शमी ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 26.18 के औसत से 16 विकेट चटकाए थे।

### इस 17 वर्षीय अनकैप्ड खिलाड़ी पर सीएसके की नजर

# गायकवाड़ के साथ करेगा ओपनिंग, धोनी भी हुए प्रभावित

**मुंबई (एजेंसी)**। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 17 वर्षीय बल्लेबाज को शामिल कर सकती है। सीएसके ने कथित तौर पर नीलामी से पहले मुंबई के 17 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को चयन ट्रायल के लिए आमंत्रित किया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत और सीएसके के दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी म्हात्रे से प्रभावित हैं। रणजी ट्रॉफी का पांचवां दौर 16 नवंबर को समाप्त हो रहा है, इसलिए सीएसके को म्हात्रे के ट्रायल के लिए आने पर उनका मूल्यांकन करने के लिए आठ दिन का समय दिया गया है।



एक रिपोर्ट के अनुसार म्हात्रे ने न केवल सीएसके के टैलेंट स्काउट्स का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि एमएस धोनी का भी ध्यान आकर्षित किया। परिणामस्वरूप म्हात्रे को रणजी ट्रॉफी 2024 सीजन के पांचवें दौर (16 नवंबर को) के अंत के बाद और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत से पहले सीएसके द्वारा ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया है। दोनों के बीच छह दिन का अंतर है। इससे सीएसके को 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी से पहले म्हात्रे का मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

म्हात्रे ने शेष भारत के खिलाफ ईरानी कप खेल में मुंबई के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया। पृथ्वी शॉ के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए म्हात्रे ने दो पारियों में क्रमशः 19 और 14 रन बनाए। मुंबई के लिए म्हात्रे के अब तक के आंकड़े अच्छे हैं लेकिन बहुत खास नहीं हैं। उन्होंने पांच मैचों में 35.66 की औसत से 321 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनका शतक (176 रन) महाराष्ट्र के खिलाफ था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सीएसके के प्रबंध निदेशक और सीईओ काशी विश्वनाथन ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनुरोध किया था कि वे म्हात्रे को उनके सीएसकेएचपीसी नवलूर मैदान में ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दें। सीएसके 55 करोड़ रुपए की राशि के साथ मेगा नीलामी में उतरेगा जिसमें रुतुराज गायकवाड़, रवींद्र जडेजा, मथीशा पथिराना, शिवम दुबे और धोनी को रिटेन किया गया है। अगर वे म्हात्रे को खरीदने का फैसला करते हैं, तो युवा खिलाड़ी कप्तान गायकवाड़ के साथ शीर्ष क्रम में एक विकल्प के रूप में उभर सकते हैं।

### अफगानिस्तान-बांग्लादेश

# रहमानउल्लाह गुरबाज का 8वां शतक, सचिन का रिकॉर्ड हो गया बराबर

**शारजहा (एजेंसी)**। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज ने शारजहा के मैदान पर अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए शतक जड़ दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले में जब अफगानिस्तान की टीम 245 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी, तब गुरबाज ने 120 गेंदों पर 5 चौके और 7 छक्कों की मदद से 101 रन बना दिए। 46वां मैच खेल रहे गुरबाज का यह वनडे करियर में 8वां शतक है। वह अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले प्लेयर हैं। देखें आंकड़े-



## वनडे में अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा शतक

8 शतक - रहमानउल्लाह गुरबाज (46 पारी)
6 शतक - मोहम्मद शहजाद (84 पारी)
5 शतक - इब्राहिम जादरान (33 पारी)
5 शतक - रहमत शाह (112 पारी)
2 शतक - करीम सादिक (22 पारी)
2 शतक - नवरोज मंगल (48 पारी)
2 शतक - मोहम्मद नबी (146 पारी)

22 साल की उम्र में सबसे ज्यादा वनडे शतक

8 - रहमानुल्लाह गुरबाज
8 - सचिन तेंदुलकर
8 - क्विंटन डी कॉक
7 - विराट कोहली
6 - बाबर आजम
6 - उपुल थरंगा

## ऐसा रहा मुकाबला

बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए तंजीद और सौम्य सरकार के कारण सधी हुई शुरूआत की। लेकिन जाकिर हसन 4 और तौहीद के 7 के विकेट गिरने से बांग्लादेश का स्कोर 72 रन पर चार विकेट हो गया। मध्यक्रम बल्लेबाज और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 119 गेंदों पर 66 तो महमदुल्लाह ने 98 गेंदों पर 98 रन बनाकर स्कोर 244 तक पहुंचाया। अफगानिस्तान के लिए अहमतुल्लाह ने 37 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में अफगानिस्तान की मजबूत शुरूआत रही। ओपनर गुरबाज ने 120 गेंदों पर 5 चौके और 7 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। उन्हें अर्धशतक लगाने वाले उमरजजई का भरपूर सहयोग मिला। एक छोर पर विकेट गिरते रहे लेकिन उमरजजई टिक रहे।

## दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**बांग्लादेश** - तंजीद हसन, सौम्या सरकार, जाकिर हसन, मेहदी हसन मिराज (कप्तान), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जेकर अली (विकेटकीपर), नसुम अहमद, नाहिद राणा, शोरफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान

**अफगानिस्तान** - रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, राशिद खान, अल्लाह गजनफर, नांगेयालिया खारोटे, फजलहक फारूकी

# अमेलिया केर और नोमान अली ने जीता आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

**दुबई (एजेंसी)**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को अक्टूबर 2024 के लिए न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर महिला खिलाड़ी अमेलिया केर और पाकिस्तान के पुरुष गेंदबाज नोमान अली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' से नवाजा है।

टी-20 विश्वकप में न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से नवाजा गया था। उन्होंने छह मैचों में 15 विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 रन बनाए और चार विकेट लिए। वहीं श्रीलंका के खिलाफ 34 रन बनाने के साथ ही दो विकेट चटकाए। पाकिस्तान के खिलाफ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 14 रन देकर दो विकेट झटके थे।





केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 38 गेंदों पर 43रन बनाये थे और वह टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं थी। इसके साथ ही उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिए। उसके बाद अहमदाबाद में भारतीय के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में चार विकेट लिया। नोमान अली ने अक्टूबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 20 विकेट लिए।

उन्होंने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ रहे पाकिस्तान को बाकी के दो मैचों में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 101 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। वहीं दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए। उन्होंने तीसरे टेस्ट में पहली पारी में 88 रन देकर तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में 42 रन देकर छह विकेट झटके थे। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 45 रन भी बनाए।

केर और नोमान ने आईसीसीडैसक्रिकेटडॉटकॉम पर पंजीकृत वैश्विक प्रशंसकों और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और मीडिया प्रतिनिधियों के एक विशेषज्ञ पैनल के बीच किए गए वोट के बाद जीत हासिल की। केर ने महिला टी-20 विश्वकप की साथी स्टार डिएंड्रा डॉटिन और लॉरा वोल्वार्ड्ट को हराकर अक्टूबर का पुरस्कार जीता। वही नोमान पिछले महीने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अन्य जगहों पर बेहतरीन विकेट लेने वाले कैगिसो रबाडा और मिशेल सेंटनर को हराकर पुरुष वर्ग में विजेता बने।

महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिलने पर केर ने कहा, 'यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है क्योंकि दुनिया भर में बहुत से विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं जो इसके हकदार हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह विश्वकप जीत के साथ एक विशेष महीना है और यह मेरे लिए, टीम, कोचों, न्यूजीलैंड और मेरे परिवार के लिए बहुत मायने रखता है। इन लोगों के बिना मैं वह नहीं कर पाती जो मैं कर रही हूँ।

नोमान अली ने कहा, 'आईसीसी पुरुष खिलाड़ी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर मुझे खुशी है और मैं अपने सभी साथियों का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद की ताकि पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक घरेलू टेस्ट श्रृंखला जीतने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा, 'अपने देश के लिए ऐसी यादगार जीत का हिस्सा बनना हमेशा रोमांचक होता है।

# सुमा शिरूर ने जीता महिला कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। ओलंपियन और भारतीय शूटिंग टीम की पूर्व मुख्य कोच सुमा शिरूर को इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स 2024 में 'कोच ऑफ द ईयर (महिला)' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिरूर किसी भी ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं। कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट द्वारा आयोजित समारोह में देश के प्रमुख एथलीटों, कोचों और खेल हस्तियां जुटी थीं। उनके मार्गदर्शन में अवनि लेखरा महिला 10 मीटर इवेंट में दूसरा पैरालिंपिक्स गोल्ड जीतने में सफल रही थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है पाकिस्तान

**● आईसीसी ने बताया- पाकिस्तान नहीं जाएगी इंडियन टीम ● भारत के इस फैसले के बाद बड़ा कदम उठाने की तैयारी में पीसीबी**

**नईदिल्ली (एजेंसी)**। एक रिपोर्ट के अनुसार अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से भारत के इनकार से पाकिस्तान सरकार की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आ सकती है, जो अपने क्रिकेट बोर्ड से टूर्नामेंट से हटने के लिए कह सकती है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को पत्र लिखकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इस निर्णय के बारे में सूचित किया है कि भारतीय टीम 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी।



चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के बाद आईसीसी कैलेंडर में वापसी कर रही है, को 'हाइब्रिड' मॉडल में बदला जा सकता है जिसमें भारत अपने सभी मैच किसी दूसरे स्थान पर खेलेगा, संभवतः संयुक्त अरब अमीरात में जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्क्क के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल की 'संभावना को खारिज' किया है, जो आईसीसी को पूरे टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने के लिए मजबूर कर सकता है। इससे पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है।

रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, ऐसे मामले में सरकार जिन विकल्पों पर विचार कर रही है, उनमें से एक विकल्प यह है कि पीसीबी से कहा जाए कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग न ले। नकवी देश की संघीय सरकार में आंतरिक मंत्री भी हैं। भारत और पाकिस्तान ने 2012 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है, लेकिन पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप सहित आईसीसी टूर्नामेंटों में वे एक-दूसरे से भिड़े हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पाकिस्तान द्वारा आयोजित एशिया कप को भी हाइब्रिड मॉडल में बदल दिया गया था क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। भारत ने तब अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे।

# न्यूजीलैंड को लगा झटका, तेज गेंदबाज श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर



**दांबुला (एजेंसी)**। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पिछले टी-20 मैच में पिंडली में लगी चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए है और उनकी जगह टीम में एडम मिल्ने को बुलाया गया हैं। न्यूजीलैंड (एनजेडसी) ने बताया कि चोटिल फर्ग्यूसन रिकवरी के लिए स्वदेश लौटेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए अपना दूसरा ओवर फेंकते समय फर्ग्सूसन कुछ असहजता महसूस कर रहे थे। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। चोट का पता लगाने के लिए उन्हें स्कैन से गुजरना होगा। फर्ग्यूसन की जगह टीम में एडम मिल्ने को बुलाया गया और वे मंगलवार को दांबुला पहुंचेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'हम लॉकी के लिए दुखी हैं।

# लेह में बनेगा दुनिया का पहला ऊंचाई पर स्थित पैरा खेल केंद्र

**लेह (एजेंसी)**। दुनिया का पहला ऊंचाई पर स्थित पैरा खेल केंद्र लद्दाख के लेह में बनाया जायेगा जिसका मकसद लॉस एंजिलिस 2028 पैरालम्पिक से पहले खिलाड़ियों में कौशल और आत्मविश्वास भरना है। लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह और आदित्य मेहता फाउंडेशन के बीच इस आशय के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

परिषद के मुख्य कार्यकारी काउंसिलर एडवोकेट ताशी ग्यालसन ने कहा, 'यह हमारे लिए काफी गर्व का पल है कि पैरा खेलों में दुनिया का पहला ऊंचाई पर स्थित केंद्र लेह में बन रहा है। भारतीय पैरा एथलीटों ने 2024 पेरिस पैरालम्पिक में 29 पदक जीते जो हमारे देश में मौजूद प्रतिभाओं की बानगी है। इस केंद्र पर तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, नेत्रहीन फुटबॉल, बोकिया, केनोइंग,




साइकिलिंग, घुड़सवारी, गोलबॉल, जूडो, पावरलिफ्टिंग, नौकायन, निशानेबाजी, वॉलीबॉल, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, ट्रायथलन, व्हीलचेयर बास्केटबॉल, व्हीलचेयर तलवारबाजी, व्हीलचेयर रग्बी, व्हीलचेयर टेनिस का अभ्यास किया जा सकेगा।

# निशानेबाज ऐश्वर्य, सिफ्त कौर ने किया निराश, रमेशभाई ने जीता रजत पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सिफ्त कौर सामरा प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, जबकि कम लोकप्रिय एस. रमेशभाई मोराडिया ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता। रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। वह फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.1 अंक पीछे रहे। यह प्रिवरात्स्की का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने रविवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। ऐश्वर्य 187.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय उमामहेश मद्दिनेनी (208.8) चौथे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन दौर में रमेशभाई ने 630.0 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर थे। उमामहेश और ऐश्वर्य ने 629.8 और 628.3 का स्कोर करके क्रमश- तीसरे और पांचवें स्थान के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया था। सामरा का पदक से चूकना भारत के लिए बड़ी निराशा रही। वह 50 मीटर राइफल में देश की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में शामिल है। वह 439.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही।

फ्रांस की अगाथे गिरार्ड (462.3) ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पोलैंड की जूलिया पियोट्रोस्का (462.0) और अन्ना जानसेन (450.2) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। सामरा इससे पहले क्वालीफिकेशन में 587 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर थी। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते है। 'मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज' की मेजबानी में आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

